दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
सागर ■ मंगलवार 04 मार्च 2025 ■ वर्ष-02 ■ अंक-126 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

हर वक्त आप जोश से काम नहीं ले सकते। कभी-कभी होश से भी काम लेना जरूरी है।




**पीएम मोदी पहुंचे गिर जंगल, शेरों का किया दीदार**

# जंगल का 'राजा' कैमरे में कैद

## खुली जीप में बैठकर जंगल सफारी का उठाया लुत्फ, अनंत अंबानी के वनतारा का भी किया दौरा

एजेंसी ■ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। सोमवार को वन्यजीव दिवस के अवसर पर उन्होंने गुजरात के जूनागढ़ जिले में गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया और वहां मौजूद शेरों को अपने कैमरे में कैद किया। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी, फिर उन्होंने सासण में वन अतिथि गृह सिंह सदन में रात्रि विश्राम किया। इसके बाद सुबह पीएम मोदी जंगल सफारी पर निकले थे। इस दौरान उनके साथ कुछ मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले दशक में बाघों, तेंदुओं, गैंडों की संख्या में भी वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि हम वन्यजीवन को कितना महत्व देते हैं। वन्यजीवों के लिए स्थायी आवास बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों में, सामूहिक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि एशियाई शेरों की आबादी लगातार बढ़ रही है।



विश्व वन्यजीव दिवस पर मैं गिर में सफारी पर गया। हम जानते हैं कि गिर एशियाई शेरों का घर है। गिर आकर मुझे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान किए गए सामूहिक कार्यों की कई यादें भी ताजा हो गईं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**रात्रि विश्राम के बाद लिया जंगल सफारी का आनंद**

## ब्रीफ न्यूज

### जॉर्डन सेना ने भारतीय को गोली मारी, मौत

**अम्मान।** इजराइल-जॉर्डन सीमा पर एक भारतीय नागरिक को जॉर्डन के सैनिकों ने गोली मार दी। मृतक केरल के थुंबा का रहने वाला एनी थॉमस गेब्रियल (47) है। घटना 10 फरवरी की है। जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना की पुष्टि की और गेब्रियल के परिवार को जानकारी दी। दूतावास ने कहा कि वे गेब्रियल का शव लाने की कोशिश में जुटे हैं। गेब्रियल के परिवार ने बताया कि उन्हें 1 मार्च को दूतावास का ईमेल मिला था।

### अलाहबादिया को शो शुरू करने की मिली इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया को अपने पॉडकास्ट द रणवीर शो को दोबारा शुरू करने की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने शर्त रखी कि वो अपने शो में कुछ भी अश्लील नहीं दिखाएंगे। यूट्यूबर ने कोर्ट में एक आवेदन दायर कर कोर्ट के आदेश के उस हिस्से को हटाने की मांग की थी, जिसमें शो को प्रसारित करने से रोक दिया गया था।

### मायावती ने अब भतीजे को पार्टी से भी निकाला

**लखनऊ।** बसपा की प्रमुख मायावती ने एक चौंका देने वाले फैसले में अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आकाश के पार्टी से निकाले जाने का कारण उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव को बताया गया है। मायावती ने एक्स पोस्ट में इस बात की पुष्टि की और कहा कि पार्टी और मूवमेंट की भलाई को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### महिला ने जांघ पर भगवान जगन्नाथ का टैटू बनवाया

**भुवनेश्वर।** विदेशी महिला ने अपनी जांघ पर भगवान जगन्नाथ का टैटू बनवाया। टैटू वाली उसकी तस्वीर वायरल हुई। इसके बाद से पूरे ओडिशा के लोगों में जमकर गुस्सा है। सोशल मीडिया पर भी महिला के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की गई। भगवान जगन्नाथ के भक्तों ने भुवनेश्वर के साहिद नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-समाज में बच्चे, किशोर, बालिकाओं की सुरक्षा से ही भारत का भविष्य

# मध्यप्रदेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में आई कमी

- **मंत्री निर्मला भूरिया बोलीं**-अनाथ बच्चों के पुनर्वास की जिम्मेदारी आपकी
- जब बचपन मुस्कुराता है तब उज्ज्वल भविष्य का हर रास्ता खुल जाता है...
- बच्चों के प्रति अपराधों में मृत्युदंड का प्रावधान किया
- लगभग 48 केस में कोर्ट ने मृत्युदंड का निर्णय दिया
- अन्याय के खिलाफ सरकार और समाज काम करें
- बाल आयोग जो बताएगा हम उसमें पूरी तरह से तैयार

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में आई कमी, प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट परिणाम है। हम सुरक्षा, सशक्तिकरण और न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर मजबूत कर रहे हैं। हमारा देश इतना सशक्त हो चुका है कि वह बाहरी दुश्मनों का सामना करने के साथ-साथ आंतरिक चुनौतियों से भी प्रभावी रूप से निपटने में सक्षम है। यह बात सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की राज्य स्तरीय कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि समाधान की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि सरकार और समाज मिलकर जागरूकता लाएं और बालिकाओं व बच्चों के खिलाफ होने वाले अन्याय के विरुद्ध एकजुट होकर आगे बढ़ें।

**सरकार-समाज मिलकर करें जागृति-** मुख्यमंत्री ने कहा कि रामायण हमें बताती है कि सही व्यक्ति पर, सही दृष्टि, सही प्रकार से पड़ जाए तो दुनिया कहां से कहां पहुंच जाती है। आज महिलाओं, बालिकाओं के प्रति होने वाले अन्याय के खिलाफ सरकार और समाज मिलकर जागृति लाएं। बाल आयोग जो बताएगा हम उसमें पूरी तरह से तैयार हैं। लेकिन, सच्चे अर्थों में रामायण बनने की शुरुआत ही वहीं से होती है। जब वे राम-लक्ष्मण को ले जाते हैं तो बाल मन जिज्ञासु होकर पूछता है कि ये क्या है तो विश्वामित्र जी बताते हैं कि ये ऋषि मुनियों की हड्डियों के ढेर हैं। उनके ऊपर तमाम अत्याचार करके हड्डियों का ढेर बना दिए गए। जैसे ही उनको पता चलता जाता वैसे ही सच्चे अर्थों में यथार्थ के जीवन से उनका परिचय होता जाता है। वे पुरुषार्थी थे तो उन्होंने उन कष्टों को खत्म किया।



### बच्चों के अपराध में मृत्युदंड का प्रावधान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एमपी ही वो राज्य था जिसने महिलाओं खासकर बच्चों के प्रति इस प्रकार के अपराधों में मृत्युदंड का प्रावधान किया है। 2018 से 2024 के बीच देखें तो सरकार की सख्ती दिखाई देती है। यही कारण है कि लगभग 48 मामलों में कोर्ट ने मृत्युदंड का निर्णय दिया। 2024 में महिलाओं-बच्चों से रेप, छेड़छाड़ के मामले घटे हैं। सीएम ने कहा जिस समाज में बच्चे, किशोर, बालिकाएं अगर सुरक्षित हैं तभी भारत का भविष्य है।

### समाजसेवा का अवसर बार-बार नहीं मिलता

**इंदौर,** महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि बच्चों को न्याय दिलाने के लिए जिन्हें जिम्मेदारी दी गई है। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि समाजसेवा का अवसर बार-बार नहीं मिलता। अपनी पूरी सजगता से बच्चों का संरक्षण हो ये ध्यान रखें। अनाथ बच्चा कहां जाएगा उसका पुनर्वास कहां होगा। ये अधिकार आप लोगों के पास है इस अधिकार से बच्चों के अधिकार संरक्षण का काम करें। जरूरतमंद बच्चे जो आप तक नहीं आ पाए उन तक आप पहुंचें। बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं।

# राम मंदिर पर हमले की साजिश हरियाणा से आतंकी गिरफ्तार





### पकड़ा गया आतंकी यूपी के मिल्कीपुर का रहने वाला

सत्ता सुधार ■ फरीदाबाद

हरियाणा में फरीदाबाद से पकड़ा गया आतंकी अब्दुल रहमान (19) अयोध्या स्थित राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला करने की साजिश को अंजाम देने वाला था। वह फैजाबाद से फरीदाबाद हैंड ग्रेनेड लेने ही आया था। वापस लौटकर उसे अटैक करना था। ये सारा काम वह पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर कर रहा था। हैंड ग्रेनेड भी इसे आईएसआई के हैंडलर ने ही दिए थे। फरीदाबाद में वह नाम बदलकर छुपा हुआ था। हालांकि इससे पहले ही रविवार देर शाम को गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसमें आई का इनपुट भी उनके काम आया। जब उसे पकड़ा गया तो उसके पास दो हैंड ग्रेनेड भी थे। जिन्हें डिफ्यूज कर दिया गया। पकड़ा गया अब्दुल रहमान यपू के मिल्कीपुर, जिला फैजाबाद (अयोध्या) का रहने वाला है। वह वहां मटन शॉप चलाता है।

### मंदिर की कर चुका था रेकी

राम मंदिर निर्माण के बाद से ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी भारत में उसे निशाना बनाकर बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की साजिश रच रही है। इसी काम के लिए अब्दुल रहमान को चुना गया था। उसने राम मंदिर की रेकी भी कर ली थी। उससे कुछ संदिग्ध वीडियो भी मिले। जिनमें धार्मिक स्थानों से जुड़ी जानकारी को शूट किया गया था।

# सेक्स वर्कर की कहानी पर बनी अनोरा को पांच ऑस्कर

- हंगेरियन संघर्ष की कहानी द ब्रूटलिस्ट को तीन अवॉर्ड
- बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड एड्रिअन ब्रॉडी को नवाजा गया

एजेंसी ■ नई दिल्ली



97वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में 23 कैटेगरी में ऑस्कर विजेताओं का अनाउंसमेंट हो चुका है। फिल्म द ब्रूटलिस्ट के लिए एड्रिअन ब्रॉडी ने बेस्ट एक्टर और फिल्म अनोरा के लिए मिकी मेडिसन ने बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर जीता। इस साल सबसे ज्यादा पांच अवॉर्ड फिल्म अनोरा ने बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में जीते। वहीं दूसरे नंबर पर फिल्म द ब्रूटलिस्ट को तीन अवॉर्ड मिले हैं। वहीं पीरियड ड्रामा फिल्म द ब्रूटलिस्ट ने इस साल तीन ऑस्कर अवॉर्ड जीते हैं। इससे पहले ये फिल्म 3 गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी जीत चुकी है। फिल्म एक हंगेरियन शख्स की कहानी है, जो पलायन कर यूनाइटेड स्टेट पहुंचकर अपने सपनों के लिए संघर्ष करता है।

### छत्तीसगढ़ में एक रुपए सस्ता होगा पेट्रोल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने अपना दूसरा और राज्य का 25वां बजट पेश किया। पिछला बजट साल 2024-25 में एक लाख 47 हजार 446 करोड़ था। बजट में नौकरियां, शिक्षा समेत महिलाओं के लिए भी कई घोषणाएं की गई हैं। राज्य में पेट्रोल के वैट में एक रुपए की कमी की गई है। इससे पेट्रोल एक रुपए सस्ता मिलेगा। वहीं भूमिहीन मजदूरों के लिए 600 करोड़ का प्रावधान किया गया है। दलहन-तिलहन खरीदी के लिए 80 करोड़ का भी प्रावधान किया गया है। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बजट में प्रावधान, एकीकृत बगवानी के लिए 150 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया की आज महा-टक्कर

- सेमीफाइनल से पहले रोहित ने स्पष्ट किए इरादे
- डरकर नहीं, डटकर कंगारुओं का करेंगे सामना

एजेंसी ■ नई दिल्ली



चैंपियंस ट्रॉफी-2025 अब अपने अंतिम दौर में पहुंच गई है। तीन मुकाबलों के बाद पता चल जाएगा कि 8 साल बाद वापसी करने वाले इस इवेंट का विजेता कौन है। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 4 देशों ने जगह पक्की की है। इनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पहले सेमीफाइनल में मंगलवार को भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत के पास इस मैच में ऑस्ट्रेलिया से बदला लेने का अच्छा मौका है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को खिताब नहीं जीतने दिया। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा में हुंकार भरी। **विस्तृत खेल पेज पर**

**इनका कहना है...**

भारतीय टीम डरकर नहीं, डटकर कंगारुओं का सामना करेगी। जीतने का दबाव दोनों टीमों पर समान होगा। देखिए ऑस्ट्रेलिया खेलने के लिए एक महान प्रतिद्वंद्वी हैं। हमें बस वही करना है जो हम पिछले तीन मैचों के बारे में सोच रहे हैं और हमें उस खेल को उसी तरह से देखना होगा।

**रोहित शर्मा, कप्तान, भारतीय टीम**

**अहम सुझाव** — दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- फोन यूज के नियमों को तोड़ने पर सजा तय हो, पर यह सख्त भी नहीं होनी चाहिए

# पॉलिसी बनाओ! बच्चों को स्मार्टफोन स्कूल लाने से नहीं रोक सकते

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने बैन नहीं लगा सकते हैं। लेकिन स्कूल स्मार्टफोन को लेकर पॉलिसी बनाए और उसकी निगरानी करें। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने पर नियम तय किए। जज अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि वर्तमान में एजुकेशन के लिए टेक्नोलॉजी जरूरी हिस्सा बन गई है। स्मार्टफोन पर पूरी तरह से पाबंदी लगाना सही नहीं है। स्मार्टफोन से बच्चे अपने माता-पिता से जुड़े रहते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि स्कूलों में स्मार्टफोन यूज के नियमों को तोड़ने पर सजा तय हो, लेकिन यह बहुत सख्त भी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया कि स्कूल जरूरत पड़ने पर सजा के तौर पर स्मार्टफोन जब्त कर सकते हैं। दरअसल, केंद्रीय विद्यालय के एक स्टूडेंट की ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें स्कूल में स्मार्टफोन बैन लगाने की मांग की गई है। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

**स्मार्टफोन को लेकर गाइडलाइन-** हाईकोर्ट की ऑर्डर कॉपी देश के शिक्षा निदेशालय को भेजी गई है। इसके अलावा सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन और केंद्रीय विद्यालय संगठन को भी ऑर्डर कॉपी भेजी गई है। कोर्ट ने उम्मीद जताई है कि उसकी बनाई गाइडलाइन को स्कूलों में लागू किया जाएगा। स्मार्टफोन यूज के लिए पॉलिसी बनाई जाएगी।




### यूएई में उत्तर प्रदेश की 'शहजादी' को दी गई फांसी

**इधर,** यूएई में उत्तर प्रदेश के बांदा की महिला शहजादी खान को 15 फरवरी को फांसी दी गई। शहजादी पर 4 महीने के बच्चे की हत्या का आरोप था। वह 2 साल से दुबई की जेल में बंद थी। कोर्ट ने 4 महीने पहले उसे फांसी की सजा सुनाई थी। यूएई में भारतीय दूतावास को 28 फरवरी 2025 को यूएई सरकार से इसकी सूचना मिली थी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दिल्ली हाईकोर्ट को दी। विदेश मंत्रालय ने कोर्ट को बताया कि शहजादी का अंतिम संस्कार 5 मार्च को होगा। मंत्रालय और अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास अंतिम संस्कार के लिए शहजादी परिवार की अबू धाबी जाने में मदद करेगा। शहजादी के पिता ने दो दिन पहले इस मामले में विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

- केंद्र ने कहा- हमें 13 दिन बाद पता चला
- 4 महीने के बच्चे की हत्या का आरोप था
- महिला का अंतिम संस्कार 5 मार्च को होगा

# तमिलनाडु के सीएम स्टालिन बोले- तुरंत पैदा करें बच्चे

- परिसीमन को लेकर हंगामे के बीच चौंकाने वाला आह्वान
- फैमिली प्लानिंग पॉलिसी राज्य के लिए नुकसानदायक

एजेंसी ■ चेन्नई

तमिलाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्य के लोगों से आह्वान किया है कि वे जल्द से जल्द बच्चे पैदा करें। राज्य में सफलतापूर्वक जनसंख्या नियंत्रण करने का अब राज्य को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने चेताया कि अगर जनसंख्या के आधार पर संसदीय सीटों का परिसीमन होता है तो इसका तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है। सीएम ने कहा कि पहले हम कहते थे कि आप आराम से बच्चे पैदा करें, लेकिन अब हालात बदल गए हैं और अब हमें कहना चाहिए कि तुरंत बच्चे पैदा करें। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो इससे तमिलनाडु में लोकसभा सीटों की संख्या कम हो सकती है और संसद में राज्य का प्रतिनिधित्व घट सकता है। स्टालिन ने परिसीमन के मुद्दे पर 5 मार्च को सभी पार्टियों की बैठक बुलाई है। सभी राजनीतिक दलों से आपसी मतभेद भुलाकर बैठक में शामिल होने की अपील की और कहा कि परिसीमन का मुद्दा तमिलनाडु के लिए बेहद अहम है।

## ब्रीफ न्यूज

### नाबालिक सहित तीन लोग गुमशुदा हो गए

**खुरई/सागर।** ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग अलग जगहों से नाबालिक सहित तीन लोग गुमशुदा हो गए हैं।उनके परिजनों ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरूकुल स्कूल के पास से एक 28 वर्षीय युवक घर से बिना बताए कही चला गया।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी शिववप्रसाद पिता गोरेलाल सेन उम्र 68 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरा पुत्र दिनेश सेन उम्र 28 साल एक्सीडेंट की वजह से मानसिक रूप से अस्वस्थ है। 2 फरवरी को वह बिना बताए कही चला गया।आसपास रिष्तेदारो में तलाष करने पर जब वह नही मिला। दूसरा मामला मोहली मुहक्कम का है जहां फरियादी दिनेश सेन ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरी मां सुहागरनी पति स्व रमेश सेन उम्र 62 साल बिना बताएं कही चली गई। उनका दिमागी संतुलन ठीक नहीं रहता। आसपास रिश्तेदारों में पता नहीं चला। तीसरा मामला सरखड़ी गांव का है जहां क़रीब 17 साल की नाबालिक लड़की बिना बताएं कही चली गई। उसको आसपास रिश्तेदारों में ढूंढा लेकिन कही पता नहीं चला। पुलिस ने तीनों मामलों को गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की।

### एम.पी. ट्रांसको में आज मनाया जायेगा लाइनमैन दिवस

**सागर।** प्रत्येक मौसम की विषम से विषम परिस्थितियों और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की 44 हजार सर्किट कि.मी. से अधिक की अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों एवं 416 अति उच्चदाब सबस्टेशनों से भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले पावर सेक्टर की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में 04 मार्च को लाइनमैन दिवस मनाया गया। इसके तहत सागर सहित एम.पी. ट्रांसको के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा एवं ट्रांसमिशन लाइन एवं सबस्टेशनों में जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य के साथ मेंटेनेंस कार्य करने हेतु सुरक्षा शपथ दिलायी जायेगी। सागर में अधीक्षण अभियंता श्री एम.पी. पटेल की उपस्थिति में यह कार्यक्रम होगा। मुख्यालय जबलपुर में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया जायेगा। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 04 मेंटेनेंस कार्मिक भारत पर्यावस केन्द्र दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस 2025 में कंपनी का प्रतिनिधत्व करेंगे इसमें राष्ट्रीय स्तर पर पावर सेक्टर के अग्रिम पंक्ति के मेंटेनेंस कार्मिकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। एम.पी. ट्रांसको के भोपाल से सहायक अभियंता श्री अंकित मेहरोलिया एवं जबलपुर से मेंटेनेंस कर्मी कमलेश कुमार रंजन, इटारसी से दीपक कोरी एवं माहिदपुर से मानसिंह शामिल है।

---

**शासन की स्वामित्व योजना के तहत खसरा को कर दिया था ब्लॉक**

# सरपंच 2 साल से तहसील कार्यालय के लगा रहे चक्कर

सत्ता सुधार ■ देवरी/सागर

मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिकायतों की निराकरण के लिए तमाम आदेश निर्देश जारी कर रहे हैं, जनसुनवाई एवं जनकल्याण के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। योजनाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है लेकिन फिर भी ऑनलाइन के कारण एक ग्राम पंचायत के सरपंच लगभग दो वर्ष से तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं और परेशान होकर थक गए हैं उनका कहना है कि उनकी ही जमीन को ब्लॉक कर दिया गया है। देवरी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुरई के निवासी सरपंच दिनेश




सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मुरई पटवारी हल्का नंबर 16 स्थित भूमि खसरा नंबर 31/1 रकवा 1.92 हेक्टेयर भूमि वर्ष 2022-23 तक दिनेश पिता मोहन सिंह के नाम पर दर्ज थी जिस पर मेरे द्वारा सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से लोन भी लिया गया था परंतु स्वामित्व योजना सर्वे के दौरान त्रुटि पूर्वक सर्वे होने से मेरे निजी खसरा नंबर 31/1 रकवा 1.92 हेक्टेयर ब्लॉक हो जाने से खसरा में मेरा नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा उक्त खसरा नंबर 30/2 में किया जाना था जबकि सर्वे मेरी निजी भूमि 31/1 में कर दिया।जैसे ही मुझे इस संबंध में जानकारी मिली तो मैंने पटवारी आरआई ,तहसीलदार से लेकर अनुविभागीय अधिकारी, कलेक्टर तक शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके बाद में विधायक बृज बिहारी पटेरिया के पास पहुंचे और उन्हें लिखित शिकायत की जिसके बाद विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कार्यवाही का निराकरण करने के निर्देश दिए लेकिन इसके बाद भी अधिकारी द्वारा ब्लॉक हटाने का कार्य नहीं किया गया जिसके चलते वह परेशान है उनका कहना है कि एसडीएम कार्यालय की एक बाबू द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया है जिसको लेकर उन्होंने शिकायत भी दर्ज कराई है। इस संबंध में सरपंच दिनेश राजपूत का कहना है कि उक्त मामले में लगातार आवेदन देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद वह न्यायालय की शरण में जाएंगे।

**इनका कहना है**

ऐसे जो भी आवेदक हैं उनकी सूची मिल जाती है तो जांच कर कर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिवेदन प्रेषित किए जाएगा।

**भव्या त्रिपाठी एसडीएम देवरी**

---

# कर्मचारियों के हितों को लेकर नपा अध्यक्ष ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

**शासन आदेशानुसार वर्ष 2007 एवं 2016 में कार्यरत कर्मचारियों को शासन नियमानुसार विनियमित किया गया था**



सत्ता सुधार ■ बीना/सागर

सोमवार को कर्मचारियों के हितों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार एवं कर्मचारी यूनियन के नंदकिशोर अहिरवार की नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम विजय डेहरिया को ज्ञापन सौंपा।जिसमें उन्होंने उल्लेख किया कि बीना इटावा जिला सागर में विगत 10 वर्ष से कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन के साथ राशि रू. 1500/- विशेष भत्ता दिये जाने का लेख मध्यप्रदेश राज पत्र असाधारण दिनॉक 30 मई 2013 की कंडिका क्रमांक 5 (2) एवं मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 4-50/2016/18-1 भोपाल दिनॉक 05 अप्रैल 2016 अनुसार नगरीय निकायों में कार्यरत समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जिनकी सेवा 10 से 20 वर्ष अवधि हो गई हो उन्हे राशि रू. 1500/- एवं राशि रू. 2500/-प्रतिमाह विशेष भत्ता दिये जाने का लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में प्रत्येक कर्मचारी को पी.आई.सी. की स्वीकृति उपरांत उक्त विशेष भत्ता दिया जा रहा था। परंतु पूर्व में शासन आदेशानुसार वर्ष 2007 एवं 2016 में कार्यरत कर्मचारियों को शासन नियमानुसार विनियमित किया गया था, जो कर्मचारी विनियमित किये गये ये उन कर्मचारियों को विशेष भत्ता की पात्रता मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण दिनाँक 02 फरवरी 2017 अनुसार नही थी लेकिन मध्यप्रदेश राजपत्र 02 फरवरी 2017 का उल्लेखि करते हुए शेष बचे कर्मचारियों को विशेष भत्ता के रूप में दी जाने वाली राशि काट दी गई है।उक्त आदेश को निरस्त करते हुए सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों वर्तमान में आर्थिक स्थिति को देखते हुए उक्त राशि को पुनः लगाये जाने चाहिए इस अवसर पर विशेष रूप से विवेक ठाकुर, दिग्विजय सिंह, लोकेंद्र तिवारी, वंदना चौबे, अनिता राय, नीरज जैन, विकास तिवारी, रवि तिवारी, विपिन भिलवारे, दिनेश श्रीवास्तव, राजू वाल्मीकि पावेंद्र गोरेलाल, पवन, साजन दास, सुदामा, राम सखी राय, परमानंद, रमेश, सुमित, महेश, लखन राय, कमलेश राय, चंदन राय, नीतीश, गुरदयाल परमानंद, रमेश, पप्पू, विजय, कमलेश मुकदम, शशि बंसी, सत्यनारायण ठाकुर, दीपक नाहर, प्रेम नारायण, मंजू लाल मनेंद्रनाथ गोविंद, यशु ठाकुर हरपाल राय नरेंद्र राय गंगाराम कुशवाहा विक्रम राजपूत अभिषेक शर्मा विपिन भीलवाड़ा सुरेंद्र यादव, आदि उपस्थित थे।

---

## नेशनल हाईवे के आसपास के कुछ होटल एवं ढाबा में चल रहा जिस्म फरोशी का धंधा

सत्ता सुधार ■ देवरी/सागर




नेशनल हाईवे 44 देवरी क्षेत्र के आसपास लगे होटल एवं ढाबे पर खाना परोसने के स्थान पर कुछ होटल एवं ढाबा में जिस्म फरोशी का धंधा चल रहा है। सूत्रों की माने तो बाहर से लाकर यहां पर जिस्म फरोशी कराई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इसके रेट भी फिक्स है 2000 से लेकर कई गुना पैसा भी वसूल किया जा रहा है। कुछ होटल एवं ढाबा संचालक की दुकान ना चलकर जिस्म फरोशी के धंधे में ही उनका रोजगार संचालित हो रहा है। विशेष बात है कि यह जानकारी चर्चा का विषय बनी रहती है कि देवरी क्षेत्र नेशनल हाईवे के आसपास जिस्मफरोशी चल रही है लेकिन कार्यवाही के नाम पर अभी तक कुछ नहीं हुआ। क्योंकि जो लोग होटल में रुकने आते हैं उन होटल में रजिस्टर को मेंटेन नहीं किया जाता उनके आधार कार्ड एवं अन्य रिकार्ड संधारण नहीं किए जाते जिसके कारण ऐसी स्थितियां बनती है। यदि प्रशासन चाहे तो होटल के सीसीटीवी कैमरे एवं रुक रहे लोगों के आधार कार्ड सहित अन्य परिचय पत्र और रिकॉर्ड की जानकारी से पूरा मामले का पता कर सकती है। नेशनल हाईवे 44 से देवरी क्षेत्र जुड़ा हुआ है जिसके चलते बाहर से बहुत से लोग यहां रुकने आते हैं जिनमें से कुछ लोगों पर जिस्म फरोशी करने का आरोप है और कुछ ढाबा एवं होटल संचालकों पर जिस्म फरोशी की दलाली का आरोप है।नौरादेही अभ्यारण टूरिस्ट एरिया विकसित होने के कारण बाहर के लोग भी यहां अधिक रोकने आते हैं लेकिन होटल एवं ढाबा संचालक जो रुकने की व्यवस्था देते हैं वह इसका रिकॉर्ड नहीं रखते या आधा अधूरा ही रिकॉर्ड रखा जाता है कमरे किराए पर दिए जाते हैं। कमरे की कीमत भी 2000 होती है जिस्म फरोशी करने वाले को हिस्सा दिया जाता है यह कार्य बहुत दिनों से चल रहा है जो जांच का विषय है। इस संबंध में कई नेताओं द्वारा भी आरोप लगाए गए हैं। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं समाजसेवी संदीप जैन बबलू सिनेमा का कहना है कि ऐसे मामले में पुलिस को शक्ति से कार्यवाही करनी चाहिए।

**इनका कहना है**

पुलिस द्वारा समय-समय पर सभी होटल संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि वह रजिस्टर मेंटेन करें जो भी व्यक्ति रोक रहे हैं उनकी पूरी जानकारी रखें। उक्त मामले में जांच कराई जाएगी।

**मिनेश भदौरिया थाना प्रभारी देवरी**

---

## मर्जर प्रस्ताव का निरस्त होने पर विधायक शैलेन्द्र जैन का किया स्वागत



सत्ता सुधार ■ सागर

जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन के निवास पर आकर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के मर्जर प्रस्ताव को मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा निरस्त कराने पर अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया।इस अवसर पर डा अरुण सराफ,डा आर एस जयंत,डा नीना गिडियन,डा जितेंद्र सराफ डा.विपिन खटीक,जगदीश जारोलिया सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## अहिरवार समाज द्वारा आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में महापौर ने पहुंच संत रविदास जी की मूर्ति की पूजा- अर्चना की

सत्ता सुधार ■ सागर

विठ्ठल नगर वार्ड स्थित गुरु रविदास धाम में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की मूर्ति स्थापना के प्रथम वर्ष पर अहिरवार समाज सागर द्वारा विशाल भंडारा कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संगीता तिवारी और वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील तिवारी ने सम्मिलित होकर संत रविदास जी की मूर्ति की पूजा- अर्चना की।कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए डॉ.सुशील तिवारी ने कहा कि इस पृथ्वी पर जनता जनार्दन के दुःख निवारण के लिए हमेशा भगवान मनुष्य रूप में ही अवतरित होते हैं, ऐसे ही हम सब के तारणहार सन्त रविदास जी महाराज थे। उन्होंने ऊंच -नीच के भेद से ऊपर उठकर सच्ची मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में महापौर संगीता तिवारी ने समाज जनों के आग्रह पर मंदिर में भोजनशाला निर्माण के लिए दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत की। कार्यक्रम में संत पंचमदास जी,संतोष दास जी सहित,पार्षद देवेन्द्र अहिरवार, श्री शैलेन्द्र ठाकुर, पूर्व पार्षद महेश अहिरवार,अहिरवार समाज के अध्यक्ष अनिल




अहिरवार, भगवानदास जी ,हेमराज चौधरी सहित दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश शाहू,भाजपा उपाध्यक्ष नवीन भट्ट,संदीप साहू , रघुवीर राज,इन्दरलाल कोतवाल,परमानंद चौधरी , जयप्रकाश चौधरी , हेमराज़ चौधरी , गणेश चौधरी , बाबूलाल चौधरी , नरेश कोरी , नंदकिशोर चौधरी,कोमल भंडारी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

---

**ज्ञापन** — **अवैध शॉपिंग मॉल फुटपाथ की जगह पर कब्जा करके अवैध रूप से पार्किंग करते हैं जिससे यातायात व्यवस्था चौपट हो रही**

# शॉपिंग मॉलों को सील करने की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ सागर

मकरोनिया नगर पालिका अंतर्गत संचालित शॉपिंग मॉलों की बिल्डिंग के नक्शे की जांच एवं मकरोनिया चौराहे के सीमांकन की मांग को लेकर शिवसेना ने कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौपा।

शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा की मकरोनिया मुख्य चौराहे पर नक्शा के विपरीत बने विशाल मेगा मार्ट वैल्यू एंड वैरायटी एवं पैंटालून सहित अन्य अबैध शॉपिंग मॉल फुटपाथ की जगह पर कब्जा करके अवैध रूप से पार्किंग करते हैं जिससे यातायात व्यवस्था चौपट हो रही है शॉपिंग मॉल की बिल्डिंग निर्माण नियम विरुद्ध किया गया है।अगर इन शॉपिंग मॉल की बिल्डिंग के नक्शो की जाँच की जाती है तो निश्चित ही बिल्डिंग टर्मिनेट की जा सकती है शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा की मकरोनिया चौराहा का सीमांकन होना चाहिए जिसे अवैध अतिक्रमण भी हटेगा और मकरोनिया चौराहे पर चौड़ीकरण होगा शिवसेना द्वारा पूर्व मे मकरोनिया चौराहे पर संचालित अवैध शॉपिंग मॉल की बिल्डिंग की नक्शो की जांच की मांग कर रही है लेकिन प्रशासन छोटी मोटी कार्रवाई कर औपचारिकता करते हुए वाहवाही लूटती है जबकि मुख्य मकरोनिया चौराहे पर अवैध शॉपिंग मॉल से पूरी यातायात व्यवस्था चौपट है लेकिन इन शॉपिंग मॉलों पर न तो प्रशासन बुलडोजर चलता है ना ही इनको सील किया जा रहा।शिवसेना उपराज्य पप्पू तिवारी ने चेतावनी देते हुए कहा की अगर शीघ्र ही जिला प्रशासन द्वारा मकरोनिया चौराहे का सीमांकन एवं अवैध शॉपिंग के नक्शो की जांच करते हुए सील नहीं किए जाते हैं तो शिवसेना मकरोनिया मे शॉपिंग मॉलों के सामने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन करेगा ज्ञापन देने बालों में मनोज राय पंकज दुबे आशुतोष तिवारी मयंक रजक अजय बुंदेला राहुल विठ्ठल शिवम संसिया रवि राज संजू अहिरवार उपस्थित थे।

## पुलिस ने अलग अलग जगहो से गुमने वाले 11 मोबाईल फोनो को उनके मालिको के सुपुर्द किया



सत्ता सुधार ■ खुरई/सागर

शहर थाना पुलिस ने अलग अलग जगहो से गुमने वाले 11 मोबाईल फोनो को तलाश कर उनके मालिको को सौप दिए है।फोन मिलने के बाद लोगों ने पुलिस की सराहना भी की। पुलिस ने मोबाईलो की लोकेशन के आधार पर ढूंढा है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सीईआईआर पोर्टल पर सर्च कर आवेदको को मोबाईल बापिस करने वालो में बाबू सलाम शिवाजी वार्ड खुरई, हेमंत कुशवाहा घोरट, काशीराम कुशवाहा कुषाभाउ ठाकरे वार्ड, एमडी राशिद बिहार रेल्वे कार्य खुरई,संजय राय ऋषभ कुमार वार्ड, हरिओम दुबे सिविल कोर्ट , गनेश प्रजापति अब्दुल हमीद वार्ड, डॉ अजय सोनकर आगासौद, अनिमेष जैन रानी दुर्गावती वार्ड, जफर इकवाल शिवाजी वार्ड, सूरज यादव जेल पुलिस खुरई के नाम शामिल है। सभी मोबाईलो की कीमत करीब 2 लाख 20 हजार रूपए है। थाना प्रभारी निरीक्षक शशि विश्वकर्मा ने मोबाईल मालिको को थाना बुलाकर फोन सौपे। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार उक्त फोन अलग अलग जगहों पर गुम हो गए थे। लोगो ने इसकी शिकायत थाना पहुंचकर की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मोबाइलों की लोकेशन का पता लगाया और उन्हें जप्त किया। सोमवार को 11 मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे गए।

## बिजली कर्मचारी महासंघ ने नवागत एस.ई. का किया स्वागत



सत्ता सुधार ■ सागर

विद्युत मंडल बी.के.एम.एस. के पदाधिकारियो ने आज नवागत अधीक्षण अभियंता श्रीमति चंद्ररेखा प्रभाकर का पदभार ग्रहण करने पर स्वागत करते हुए शुभकामनाए दी। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियो में रामविवेक गौतम, आर.के.दरयानी, जी.एस. पाठक, राकेश जाटव, राम ठाकुर, विनोद कन्नोजिया, सुरेन्द्र सोनी, श्री विष्वकर्मा जी बंडा, संयर पाराशर, विनय नामदेव, डी.पी. प्रजापति, नीरज खरे, यशवंत कुमार, दीपक चौरसिया, अरूण पांडे, अतुल खरे, राजेश मेवाती इत्यादि उपस्थित थे।

### आरोपी के कब्जे से 12 लाख रुपए के सोने- चांदी की आभूषण बरामद

# शादी समारोह से गहने चुराने वाली बावरिया गैंग का मेंबर भरतपुर से पकड़ा

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

शादी समारोह में दाखिल हो मौजूद लोगों की नजरें बचाकर गहने चुराने वाली बावरिया गैंग के सदस्य को ग्वालियर थाना पुलिस ने भरतपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से करीब 12 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी से वारदात में शामिल उसके अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।





बीती 18 फरवरी को एक विवाह समारोह से लाखों रुपए के गहने चोरी की पड़ताल में जुटी ग्वालियर थाना पुलिस ने भरतपुर की लोकल पुलिस की मदद से वहां स्थित रंजीत नगर गोकुल नगर बस्ती से बावरिया गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसकी बाइक से उक्त वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपी ने पूछताछ में उसके भाई व भाई की पत्नी द्वारा एक अन्य युवती के साथ मिलकर गहने चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया है। पकड़े गए आरोपी की निशांदेही पर चुराए गए करीब 12 लाख रुपए कीमत के सोने- चांदी के आभूषण पुलिस द्वारा बरामद कर उससे फरार आरोपियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में ग्वालियर टीआई मिर्जा आसिफ बेग, एसआई संजय शर्मा, रमाकांत उपाध्याय, महिला प्रधान आरक्षक अंगूरी, आरक्षक राहुल भदौरिया, अर्जुन सिकरवार, बृजकिशोर भदौरिया, रणवीर यादव, रखोरा राजावत, मनीष कटारे व श्रीकृष्ण तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

#### यह है पूरा मामला

ग्राम ईगउ थाना थरेट जिला दतिया निवासी उत्तम सिंह द्वारा बीती 19 फरवरी को ग्वालियर थाने में शिकायत की थी, कि 18 फरवरी क्षेत्र के बदन नगर स्थित राधाकृष्ण गार्डन से उसके बेटे की शादी थी। इसी दौरान मेरे जीजा मोहन सिह धाकड़ के पास से ज्वेलरी रखा काले रंग का बैग चोरी हो गया। इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली थी। वही जब मामला एसपी धर्मवीर सिंह के संज्ञान में आया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए एएसपी सुमन गुर्जर को उक्त चोरी का खुलासा कर आरोपियों को जल्द अरेस्ट करवाने की टास्क दी थी। जिसके परिपालन में एएसपी द्वारा ग्वालियर सर्किल सीएसपी आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में ग्वालियर थाने की टीम को मामले की पतारसी में लगाया गया।

#### बाइक से हुआ घटना का खुलासा

पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर कुछ संदिग्ध व्यक्तियों व महिलाओं को एक बाइक सहित चिंहित किया गया। जब उक्त बाइक की जानकारी ली गई, तो वह भरतपुर की होना पाई गई। इस पर पुलिस टीम ने भरतपुर पहुंचकर वहां की लोकल पुलिस की मदद से उक्त बाइक के मालिक को उठाकर पूछताछ की, तो पूरी घटना का खुलासा हो गया।

#### यह माल हुआ बरामद

पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी की निशांदेही पर चुराए गए करीब 12 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। जिनमें सोने का बड़ा हार, एक सोने का बड़ा मंगलसूत्र, दो अंगूठी, एक छोटा मंगलसूत्र, सोने का एक हार, सोनी की चार चूडी, सोने का पानी चढ़ी चांद की एक करधोनी, एक हथफूल व एक जोड़ी चांदी का पायल शामिल हैं।

## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष को सौंपा ज्ञापन



**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस ने सोमवार को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला सचिव सुनील पटेरिया ने मांग रखी कि अधिकारी एवं कर्मचारियों की अकारण बन्द पदोन्नति प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ किया जाए, गृह भाड़ा भत्ता पुर्नरीक्षण सातवें वेतनमान से किया जाए, प्रदेश के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता दिया जाए, पेंशनरों के लिये धारा 49 (6) का बंधन समाप्त किया जाए, 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर अन्य विभागों की भांति शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षकों, शिक्षकों, प्रधानाध्यपकों को चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान दिया जाए, नवीन शिक्षक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान की जाए, आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करते हुये उक्त प्रथा समाप्त की जाए, शिक्षा विभाग में अनुकम्पा नियक्ति के लिए बी.एड. पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए एवं 1 अगस्त से 31 दिसम्बर के बीच सेवानिवृत्त होने पर एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाए। जिस पर नेता प्रतिपक्ष ने आश्वस्त किया कि उक्त मांगों को ध्यानाकर्षण के माध्यम से सदन में उठाऊंगा। ज्ञापन में प्रांतीय उपाध्यक्ष रवीन्द्र त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष शिवकुमार द्विवेदी, प्रांतीय महामंत्री बलवीर किरार, संरक्षक सेवाराम शर्मा, केके अवस्थी, केके द्विवेदी, विश्वेश्वर गोस्वामी, देवेन्द्र तोमर, बसंत कुमार, उपेन्द्र सिंह, मोहर सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह, सोबरन यादव, अजय सक्सेना, विवेक शर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्रभु को पाना है तो संतों का सम्मान करो :वेदांती महाराज

**भितरवार।** यदि जीवन में प्रभु को पाना चाहते हो तो संतो की सेवा और सम्मान करना सीख लें, संत चरण जिस घर में पडते हैं वहां ईश्वरीय शक्तियां स्वत ही आ जाती हैं। उक्त आशय कि सारगर्वित व्याख्या जगतगुरु डॉ रामकमल दास वेदांती महाराज ने कछौआ गांव में श्री कुंवर महाराज मंदिर पर चल रही भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने संतों की महिमा का व्याख्यान करते हुए कहा कि राजा जनक के घर जब सीता जी का जन्म हुआ और जैसे-जैसे वह बड़ी हुई उनके विवाह के लिए राजा जनक ने दशरथ को निमंत्रण नहीं दिया वल्कि गुरु विश्वामित्र को विवाह में आने का आग्रह किया था उनके साथ प्रभु राम और लक्ष्मण भी विवाह समारोह में शामिल हुए। इस दौरान दोनों संतों से हजारों श्रद्धालु भक्तों कथा श्रवण करने के साथ ही आशीर्वाद लिया।



### सांसद ने सौंपी समर्पण निधि



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी समर्पण निधि संग्रह अभियान के तहत सांसद भारत सिंह कुशवाह द्वारा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, प्रभारी रामेश्वर भदौरिया एवं महामंत्री विनोद शर्मा को समर्पण निधि सौंपी। इस अवसर पर अवसर पर वार्ड 29 के पार्षद गिर्राज कंसाना, पीतांबर प्रताप सिंह, सुभाष शर्मा, देवेंद्र प्रजापति उपस्थित थे।

### विधायक डॉ. सिकरवार व पार्षद मंडेलिया ने नलकूप खनन का किया लोकर्पण

**ग्वालियर।** जगजीवन नगर वार्ड 28 में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार की मौलिक निधि से नवीन पानी की बोरिंग का लोकार्पण 16 ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोपाल चौधरी, सुधीर मण्डेलिया, सुरेश बाजपेई, रामस्वरूप नोरके, देवचंद मौर्य, कदम सिंह, लाखन सिंह राजे, कमलेश रोजिया, राम अवतार जाटव, सुनील रामपुरिया, भागीरथ राजे, महाराज सिंह राजोरिया, मनोज ठेकेदार, मंडलम अध्यक्ष राजवीर सिंह सिसोदिया, राजू बाथम, देवानंद ऐशवार, डॉ. जसवंत सनाढ्य, केके अर्गल, केशव जाटव, रोशन कश्यप, पप्पू पंडित उपस्थित थे।



### वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली को मिला राष्ट्रीय बुंदेली सम्मान अलंकरण

**ग्वालियर।** आंचलिक पत्रकारिता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली को पत्रकारिता के क्षेत्र में इस वर्ष का डॉ. शंकरलाल शुक्ला स्मृति राष्ट्रीय बुंदेली सम्मान अलंकरण दिया गया है। भांडरे में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय बुंदेली महोत्सव में देव श्रीमाली को यह सम्मान प्रदान किया गया। यहां बता दें बीते साढ़े तीन दशक से मध्यप्रदेश की पत्रकारिता में सक्रिय देव श्रीमाली ने चंबल की संस्कृति और अन्य विषयों पर अनेक पुस्तकें भी लिखी हैं।



### करह धाम की गौशाला को पशु सेवा राष्ट्रीय पुरस्कार मिला

**ग्वालियर।** नूराबाद करहधाम की श्री राम रतन दास गौ सेवा समिति को असाधारण पशु सेवा के लिए भारत सरकार द्वारा प्राणी मित्र राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार केंद्र सरकार का पशु सेवा क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। यह पुरस्कार संगठन की कैटेगरी में करह धाम की गौ सेवा समिति को एवं कॉर्पोरेट, पीएसयू कैटेगरी में अनंत अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज को दिया गया है। करह धाम के सचिव रवि गुप्ता ने बताया कि विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्रीगण प्रो. एसपी सिंह बघेल एवं जार्ज कुरियन द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है समिति द्वारा संचालित इस गौशाला में 7500 से अधिक गोवंश पाले जा रहे हैं जिनमें से अधिकांश गाय पशुपालकों द्वारा छोड़ी गई और बिना दूध वाली गाय हैं।

## पीड़िताओं की समस्याएं सहानुभूतिपूर्वक सुनकर समय सीमा में करें समाधानः सुमन गुर्जर

### एएसपी ने ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क प्रभारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



थाने में आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका समय सीमा में निराकरण करने का प्रयास करें, जिससे पुलिस के प्रति महिलाओं का विश्वास अर्जित किया जा सके और वह निडरता एवं सहजता से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकें। यह दिशा- निर्देश महिला अपराध नोडल अधिकारी व एएसपी सुमन गुर्जर ने बैठक के दौरान ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क प्रभारियों को दिए। एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी एएसपी सुमन गुर्जर द्वारा सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में जिले के समस्त ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क प्रभारियों की बैठक ली गई। जिसमें उन्होंने ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क में पदस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से उनके कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी लेने के साथ ही डेस्क में संधारित होने वाले रिकॉर्ड के संबंध में निर्देशित किया। वहीं महिला दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भी उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने महिला जागरूकता संबंधी कैलेंडर भी ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क प्रभारियों को वितरित किए।

## कैंसर चिकित्सालय ने लगाया जागरूकता कैंप

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

कैंसर चिकित्सालय एवं शोध संस्थान के को-ऑर्डिनेटिंग कैंसर केयर (सीसीसी) द्वारा चेतना शिक्षा मंदिर विद्यालय मुरार के तत्वावधान में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर वक्ताओं को आमंत्रित कर सरस्वती पूजन के साथ की गई। स्कूल के डायरेक्टर राजकुमार जैन, प्रिंसिपल श्रीमती कविता वर्मा, संपूर्ण संबंधित स्कूल स्टाफ और कैंसर हॉस्पिटल की ओर से विशिष्ट वक्ता श्रीमती मीरा श्रीवास्तव एवं प्रमुख वक्ता डॉ. सिंदूरा वीणा कोटा रहे। टीम के अन्य सदस्य प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रियांशी पाठक एवं सोशल वर्कर श्रीमती सोनी कौर सम्मिलित हुए। अपने उद्बोधन की शुरुआत में डॉ. सिंदूरा ने एचपीवी वैक्सीन के विषय में और कैंसर से बचने के लिए आरंभिक स्थिति में ही अनेक जांच करने के विषय में बताया। साथ ही उन्होंने कैंसर का आरंभ लक्षणों और उपचार पर भी प्रकाश डाला। श्रीमती मीरा श्रीवास्तव ने कैंसर के कर्म जैसे तंबाकू, मदिरापान और बीड़ी सिगरेट पीने के विषय में विस्तार से बताया। भोजन में शामिल होने वाले सभी पोषक तत्वों को विस्तार से समझाते हुए एक संतुलित जीवन जीने के लिए समझाइए दी। उन्होंने जीवन में सकारात्मक बनाए रखने के लिए कहा और अपने जीवन के अनुभवों को बताया।



## महिला फ्रेंडली फुटबॉल टूर्नामेंट आज

**ग्वालियर।** नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल बैजाताल में इस बार अनोखा आयोजन किया जा रहा है। साफ, स्वच्छ बैजाताल में 4 मार्च को शाम 5:00 बजे महिलाएं साड़ी में फुटबॉल खेलती नजर आएगी। इस आयोजन का नाम गोल इन साड़ी दिया गया है। आईईसी सेल के नोडल मुकेश बंसल एवं कार्यक्रम समन्वयक विजेता सिंह चौहान सहायक नोडल खेल अधिकारी ने बताया कि मैच के बाद बैजाताल पर ही स्वच्छता एवं क्लीन ग्वालियर ग्रीन ग्वालियर पर एक महिलाओं एवं बच्चों की रैम्प वॉक का आयोजन किया जाना हैं। साथ ही छोटे-छोटे बच्चे स्वच्छता वॉक कर स्वच्छता का संदेश देंगे।

## नेशनल लोक अदालत 8 को

**ग्वालियर।** सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में वसूली के लिए एवं प्रकरणों के निराकरण के लिए 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त संघ प्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सदस्य सचिव मप्र राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला न्यायालय ग्वालियर के आदेशानुसार लोक अदालत का आयोजन नगर निगम के समस्त क्षेत्रीय/वार्ड कार्यालय क्रमांक 1 लगायत 25 एवं जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा।

## गंगभोज सीमित करने का सकल ब्राह्मण महासमिति ने लिया संकल्प

**ग्वालियर।** सकल ब्राह्मण महासमिति ने मोती हल वाले हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया। इस अवसर पर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित प्रमोद वित्थारिया एवं समाजसेवी श्रीमती सरोज मिश्रा रामनरेश मिश्रा को शॉल ,श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंटकर ब्राह्मण कर्म योगी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भोपाल ब्राह्मण समाज के संरक्षक परवेश मिश्रा मुख्य अतिथि थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज ने की। अतिथियों ने संकल्प लिया कि ब्राह्मण परिवार में 60 वर्ष से कम उम्र के ब्राह्मण परिजन की मृत्यु होने पर त्रयोदशी पर होने वाला गंगभोज सीमित किया जाएगा। इसकी संख्या दो सौ से कम होनी चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा रविंद्र नाथ नायक, श्यामबाबू शर्मा, हेमंत एडिशन शर्मा, योगेंद्र दीक्षित, महिला अध्यक्ष बिना भारद्वाज, संयुक्त अध्यक्ष सुधा दीक्षित, लक्ष्मी शर्मा, अल्का मिश्रा, संगीता शर्मा, रचना गौड़, रेनू शर्मा, नीतू शर्मा, कांता शर्मा, विमला मौसी, माया भारद्वाज, आशा त्रिपाठी, रेखा चतुर्वेदी, माया शर्मा, डॉ सरिता तिवारी आदि उपस्थित थे। संचालन भाव्या पांडे ने किया।




**न्यायालय नायब तहसीलदार गौरझामर तहसील देवरी जिला सागर म.प्र.**

क्र./557 रीतह. / 2025
देवरी दिनांक 28/2/2025
रा.प्र.क्र- 0007 अ / 20(3) वर्ष 2024/25
ग्राम का नाम-मडखेरा भाग 1
प.ह.नं.- 01 रा.नि.मं.- गौरझामर

**इश्तहार**

आम जनता मौजा मडखेरा भाग 1 तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म.प्र.द्वारा देवरी केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा-मडखेरा भाग 1 प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. गौरझामर तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 58 रकवा 0.57 हे. मे से रकवा 0.09 हे. भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 7/3/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक- 28/02/2025 को जारी किया गया।

स्थान - देवरी

**नायब तहसीलदार**
**गौरझामर तहसील देवरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गौरझामर तहसील देवरी जिला सागर म.प्र.**

क्र.558 रीतह./2025
देवरी दिनांक 28/2/2025
रा.प्र.क. 00008 अ/20(3) वर्ष 2024/25
ग्राम का नाम-रामटेक
प.ह.नं.- 01 रा.नि.म.- गौरझामर

**इश्तहार**

आम जनता मौजा रामटेक तहसील देवरी जिला सागर को सूचित किया जाता है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग सागर म.प्र.द्वारा देवरी-केसली समूह जल प्रदाय योजनांगर्तत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु मौजा रामटेक प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. गौरझामर तहसील देवरी स्थित भूमि खसरा नंबर 19 रकवा 0.21 हे. मे से रकवा 0.09 हे. भूमि आवंटित किये जाने हेतु आवेदित हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तिच अचवा, आवेदन पत्र पेशी दिनांक 13/25 ..तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

गुजरने म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक - 28.2.2025 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**गौरझामर तहसील देवरी**

**// कार्यालय पुलिस उपायुक्त, नगरीय पुलिस जिला भोपाल //**

क्रमांक/पु.उपा./न.पु./भो/रनि/निविदा/162/25 दिनांकः- 01/03/2025

**ई-निविदा सूचना**

''मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संशोधित 2022'' के नियमानुसार इस कार्यालय द्वारा थाना शाहजहांनाबाद, नगरीय पुलिस भोपाल में मरम्मत कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | अनुमानित व्यय राशि प्रतिवर्ष (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | थाना शाहजहांनाबाद, नगरीय पुलिस भोपाल में मरम्मत कार्य | 2,000/- | 05.00 लाख | 15,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जावेंगी ।
6 निविदा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। ईएमडी में पात्रतानुसार छूट प्राप्त की जा सकेगी।
7 म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in एवं www.mptenders.gov.in सें निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही निविदा के संबंध में रक्षित निरीक्षक कार्यालय, पुराना कंट्रोल रूम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**शेड्यूल-**

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 02/03/2025 के 9..00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 02/03/ 2025 के 9.00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | दिनांक 07/03/ 2025 के 17.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 08/03/ 2025 के 17.00 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

**पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय)**
**नगरीय पुलिस, भोपाल**

G-23733/24

**Office of the Executive Engineer**
**P.W.D. (Maintenance) Division No. 2 Bhopal**
**Tender Notice**

NIT 30 of 2024-25 Bhopal, Date 28/02/2025

Online Tender for mentioned below are being invited. The Tender have been uploaded on the e-Procurement system of Public Works Department on the Portal www.mptenders.gov.in Tender details are as below:-

| S.No | Tender No. | Name of work | Call No. | Cost of Project (PAC) (Rs. In lack) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_PWDRB_405840_1 | AR and SR Work in Bunglow No.D-11/1 to D-11/21 Char Imli Under Section No.-01 Survey Sub Division Bhopal. | First | 9.80 |
| 2 | 2025_PWDRB_405841_1 | AR and SR Work in Bunglow No.DX-A/1 to A/3,DX-B/1 to B/5,DX-C/1 to C/5,DX-D/1 to DX-D/4 and DX-E/1 to E/5 Char Imli Under Section No.-01 Survey Sub Division Bhopal. | First | 9.80 |
| 3 | 2025_PWDRB_405843_1 | AR and SR Work in Bunglow No. B-8 to B-23 Char Imli Under Section No.-02 Survey Sub Division Bhopal. | First | 9.80 |
| 4 | 2025_PWDRB_405844_1 | AR and SR Work in Bunglow No. B-1 to B-7 Char Imli Under Section No.-02 Survey Sub Division Bhopal. | First | 9.80 |
| 5 | 2025_PWDRB_405845_1 | AR and SR Work in Bunglow No. E-8/27 to E-8/31 Char Imli Under Section No.-03 Survey Sub Division Bhopal. | First | 9.80 |
| 6 | 2025_PWDRB_405846_1 | AR and SR Work in Bunglow No. D-15 to D19 Upant Colony Char Imli Under Section No.-03 Survey Sub Division Bhopal. | First | 9.80 |

The document can only be purchased online from the above website after making online payment. The last date & time for Purchesh and Submition of document on line is 18/03/2025 up to 17:30 PM. Detailed NIT and other details can be viewed on the above mentioned portal. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in news paper.

**Executive Engineer**
**PWD (Maint.) Division No. 2**
**Bhopal**

G-23726/24

**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

क्रमांक / जिशिके/2025/290 अशोकनगर, दिनांक : 27.02.2025

**निविदा सूचना**

जिले के विकासखंड अशोकनगर, चंदेरी, ईसागढ एवं मुंगावली में स्थित भण्डारण स्थलों से संबंधित विकासखंड के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं तक निशुल्क पाठ्यपुस्तक (2025-26) का परिवहन कराया जाना है। निविदा हेतु समय सारणी निम्नानुसार हैं :-

| क्रमांक | विषय | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन निविदा विक्रय की प्रारंभ तिथि | 28/02/2025 | 10:30 AM |
| 2 | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 20/03/2025 | 17:30 PM |
| 3 | निविदा के तकनीकी अभिलेख खोलने की तिथि | 22/03/2025 | 10:30 AM |
| 4 | निविदा की वित्तीय दरें खोलने की तिथि | | |

तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक का निविदाकार उपस्थित हो सकते हैं, निविदा प्रपत्र के साथ तकनीकी प्रस्ताव, के साथ साथ चैक लिस्ट परिशिष्ट व एवं स्वघोषणा परिशिष्ट अ अपलोड करना आवश्यक होगा वित्तीय दरें ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएगी। निविदा शुल्क राशि 1000/- रू. एवं ई.एम. डी. राशि 30000/- रू. ऑनलाइन जमा करनी होगी। परिवहन करने हेतु निविदा की शर्ते एवं अन्य विस्तृत विवरण बेबसाइट mptenders.gov.in पर ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र**
**जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

## ब्रीफ न्यूज

### हमें मुआवजा नहीं न्याय चाहिए, आरोपियों को जेल नहीं गोली मारो

**अयोध्या।** 2 फरवरी को मिल्कीपुर में हुए गैंगरेप और हत्या मामले को एक महीना बीत चुका है। उपचुनाव के नतीजे भी आ चुके हैं, लेकिन इलेक्शन खत्म होने के बाद आज तक कोई भी नेता लड़की के पीड़ित परिवार का दर्द बांटने नहीं पहुंचा। पिता बेटी को याद कर भावुक हो जाता हैं। वहीं मृतक लड़की की बहन का कहना है कि हमें मुआवजा भले मत दो, हम कमा खा लेंगे। हमें न्याय चाहिए। बस आरोपियों जेल से निकलकर गोली मार दो। बता दें 2 फरवरी को मिल्कीपुर में सीएम योगी की जनसभा होनी थी। प्रशासन अलर्ट था। इसी बीच सीएम के रैली स्थल से 12 किलोमीटर दूर एक नाले के पास 22 साल की लड़की की डेडबॉडी मिली। उसके शरीर पर एक भी कपड़ा तक नहीं।

### जबड़े की सर्जरी के बाद बदली महिला की आवाज

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली किम हॉल नामक महिला की आवाज जबड़े की सर्जरी के बाद पूरी तरह बदल गई। 57 वर्षीय किम को जब पहली बार उनकी बहन और मां ने सुना, तो वे चौंक गईं क्योंकि उनकी आवाज अब ब्रिटिश लहजे में सुनाई दे रही थी। किम, जो न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न में पली-बढ़ी थीं, उन्होंने पहले कभी इंग्लैंड की यात्रा भी नहीं की, लेकिन फिर भी उनकी बोलने की शैली पूरी तरह बदल गई।

# ट्रंप से तकरार के बीच जेलेंस्की को यूरोप का मिला सहारा

## ब्रिटेन और फ्रांस ने दिलाया भरोसा

एजेंसी ■ लंदन



अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप से हुई तीखी नोकझोंक के बाद कई यूरोपीय देश यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के समर्थन में आ गए हैं। ब्रिटेन और फ्रांस दोनों ही देश यूक्रेन के साथ मिलकर युद्धविराम की योजना पर काम करने को तैयार हैं।

वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा है कि वह यूक्रेन के लिए पांच हजार रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति के लिए 1.6 अरब पाउंड यानी करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करेगा। ऐसे में यूक्रेन के यूरोप से बड़ा सहारा मिला है। ओवल हाउस में ट्रंप के साथ बहसबाजी के बाद माना जा रहा था कि अमेरिका खुलकर रूस के साथ आ सकता है और ऐसे में जेलेंस्की के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी। हालांकि अब यूरोपीय देश यूक्रेन के लिए ऐक्टिव हैं और वे इसमें अमेरिका को भी शामिल करना चाहते हैं।

स्टार्मर ने कहा कि उनका पूरा ध्यान शांति वार्ता बहाल करने पर है। स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने डोनाल्ड ट्रंप से भी इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, मुझे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भरोसा नहीं है, लेकिन ट्रंप पर भरोसा है। डोनाल्ड ट्रंप भी स्थायी शांति चाहते हैं। ऐसे में अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी मिलने पर चर्चा की जा रही है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा, 'यदि कोई समझौता होना है, यदि लड़ाई को रोकना है, तो उस समझौते का बचाव करना होगा, क्योंकि सबसे बुरी बात यह होगी कि एक अस्थायी युद्ध विराम होगा और फिर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फिर से आएंगे। ऐसा पहले भी हो चुका है, मैं समझता हूं कि यह वास्तविक जोखिम है और इसीलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यदि कोई समझौता हो, तो वह स्थायी समझौता हो, न कि अस्थायी युद्ध विराम। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर मिलकर काम करने पर सहमत हैं और अब इसे अमेरिका के सामने पेश किया जाएगा। स्टार्मर ने युद्ध समाप्त करने पर चर्चा के लिए यूरोपीय नेताओं के साथ रविवार को आयोजित शिखर सम्मेलन से पहले यह बात कही। स्टॉर्मर ने कहा कि यह योजना चार देशों के नेताओं के बीच बातचीत के बाद सामने आई है।

### नाटो के मामले में 6 मार्च को यूरोपीय यूनियन की होगी बैठक

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क के बयानों को लेकर माना जाने लगा है कि नाटों अब त्यादा समय तक नहीं रह पाएगा। लंदन में यूरोपीय नेताओं की आपात बैठक के दौरान वॉन डेर लेयन ने कहा कि वह 6 मार्च को होने वाले ईयू शिखर सम्मेलन में 'व्यापक योजना' पेश करेंगी, जिसमें यूरोप की रक्षा क्षमताओं को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की रणनीति होगी। उन्होंने दो टूक कहा, 'अब समय आ गया है कि हम रक्षा खर्च में तेजी से इजाफा करें और सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार रहें। नाटो के सामने इस वक्त दोहरी चुनौती है- एक तरफ रूस का बढ़ता खतरा, तो दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का अप्रत्याशित रुखज राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से ट्रंप सबसे बड़े ग्लोबल डिसरप्टर साबित हुए हैं।

# अमेरिकी घोषणा से कनाडा बेचैन, किंग चार्ल्स से मुलाकात करेंगे पीएम ट्रूडो

एजेंसी ■ ओटावा



अमेरिका पूरी दुनिया के लिए संकट खड़े कर रहा है। उसने कनाडा को 51वां राज्य बनाने की घोषणा कर दी। इससे कनाडा के लोग चिंतित हुए हैं। ऐसे ही मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पीएम जस्टिन ट्रूडो किंग चार्ल्स से आज सोमवार को मुलाकात करेंगे।कनाडा के पीएम फिलहाल ब्रिटेन दौरे पर हैं और रविवार को उन्होंने यूक्रेन मुद्दे पर यूरोपीय नेताओं की अहम बैठक में शिरकत की थी। ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय ने भी ट्रूडो को सोमवार को स्कॉटलैंड राजकीय यात्रा पर आने को आमंत्रित किया है। बता दें कि किंग चार्ल्स ही कनाडा के भी राष्ट्र प्रमुख हैं। हालांकि ट्रंप ने कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकी पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिसे लेकर कनाडा में किंग चार्ल्स के प्रति नाराजगी भी है। ट्रूडो ने रविवार को लंदन में कहा कि वह किंग चार्ल्स के साथ कनाडाई लोगों के लिहाज से जरूरी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि कनाडाई लोगों के लिए इस समय हमारी संप्रभुता और एक राष्ट्र के रूप में हमारी स्वतंत्रता के लिए खड़े होने से अधिक महत्वपूर्ण कुछ नहीं है।

कनाडा के संवैधानिक मामलों के वकील लाइल स्किनर ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, बहुत अच्छी खबर है कि प्रधानमंत्री कनाडा के राजा से मिलेंगे। उम्मीद है कि इसके बाद राजा अपने कनाडाई क्षेत्र के बारे में कोई बयान देंगे। मॉन्ट्रियल में मैकगिल विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डैनियल बेलैंड ने कहा कि कई कनाडाई लोग, राजा से ट्रंप के बयान के मुद्दे पर सार्वजनिक बयान चाहते हैं और अगर ऐसा नहीं होता है तो वे नाराज हो सकते हैं।

### अंतरिक्ष में फंसी सुनीता के लिए मदद लेकर पहुंचा रूसी स्पेसक्राफ्ट

**वॉशिंगटन।** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में कई महीनों से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो एस्ट्रोनॉट्स- सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर फंसे हुए हैं। उनके और आईएसएस पर मौजूद अन्य एस्ट्रोनॉट्स के लिए राशन व अन्य सप्लाई भेजने का जिम्मा इस बार रूस का था। रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोमॉस का प्रोग्रेस 91 शनिवार को सफलतापूर्वक आईएसएस पर डॉक हुआ। यह यान तीन टन खाना, ईंधन और अन्य जरूरी सामान लेकर पहुंचा।

# ईरान की संसद ने वित्त मंत्री अब्दुल को पद से किया बर्खाश्त

एजेंसी ■ तेहरानी



ईरान की संसद ने वित्त मंत्री अब्दुल नसीर हिम्मती के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को पारित कर उन्हें बर्खास्त कर दिया। ईरान में तेजी से बढ़ती महंगाई और रियाल की मूल्यमान में आंकड़े में भारी गिरावट के बाद यह फैसला आया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने संसद में महाभियोग कार्यवाही के दौरान अपने वित्त मंत्री का बचाव भी किया। इस दौरान संसद के कुल 273 सांसदो में से 182 मौजूद रहे। ईरान की इकोनॉमी लंबे समय से संकट का सामना कर रही है। रविवार को चोर बाजार में रियाल की कीमत हर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 9 लाख 20 हजार के स्तर पर थी। बीते साल 2024 के मध्य में यह 6 लाख के स्तर पर थी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने पिछले वर्ष जुलाई में अर्थव्यवस्था में फिर से जान फूंकने और कुछ पश्चिम देशों से प्रतिबंध खत्म करने के लक्ष्य के साथ सत्ता संभाली थी। लेकिन इसके बाद भी रियाल की कीमतों में लगातार कमी आती रही और दिसंबर में ईरान समर्थिक सीरिया में बसर अल असद के सत्ता गंवाने के बाद इसकी हालात लगातार प्रतिदिन खराब होती रही है।



# ऑस्ट्रेलिया-इंडिया के बीच होने वाला सेमीफाइनल ही फाइनल है

प्रलय श्रीवास्तव



आगामी 4 मार्च को दुबई में ऑस्ट्रेलिया और इंडिया के बीच होने वाला सेमीफाइनल ही चैंपियन ट्रॉफी का असली फाइनल होगा. क्योंकि यदि इंडिया टीम सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका से भिड़ती तो इंडिया के जीत के योग 90त्र थे, लेकिन अब उसे ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम से सामना करना होगा। ऑस्ट्रेलिया वैसे भी पहले से एक मजबूत टीम है। ऑस्ट्रेलिया के पास अच्छे बल्लेबाज, गेंदबाज और फील्डर है। वह मैच को किसी भी रुख पर ले जा सकती है। इंडिया टीम की सफलता तभी निर्भर है जब उसके बल्लेबाज चल जाए। इसलिए इंडिया टीम को कड़ी मेहनत करना होगी। अब सवाल यह उठता है कि इंडिया की टीम इलेवन कैसी होगी ? क्या कोई इसमें चेंज होगा? क्योंकि दुबई की पिच स्पिनर को सहयोग कर रही है तो टीम इंडिया में बदलाव की संभावना कम है। चार स्पिनर रखकर मैच खेलना होगा। फास्ट बॉलर शमी और हार्दिक पांड्या पहले से मौजूद हैं। दोनों का परफॉर्मेंस भी अच्छा रहा है। बल्लेबाज अपनी जगह फिट है। ऋषभ पंत को मौका नहीं दिया जा सकता, क्योंकि केएल राहुल बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्हें इन्टरनेशनल स्तर का अनुभव भी है। एक प्रश्न अवश्य उठता है कि क्या स्पिनर रविन्द्र जडेजा की जगह हर्षित राणा को टीम में लिया जाए ,लेकिन यह सब कुछ स्पिनर को सपोर्ट कर रही पिच के कारण संभव नजर नहीं आ रहा है। जडेजा को रखना भी मजबूरी हो गई है, क्योंकि वे विषम परिस्थिति में काम आने वाले बल्लेबाज भी हैं। जिनसे एक दो विकेट के अलावा 20 से 30 रन की उम्मीद भी की जा सकती है। बोलिंग के कारण उनकी जगह उचित है। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल अपनी जगह बेहतर है। वरुण चक्रवर्ती ने आज के मैच में 5 विकेट चटकाए हैं तो उन्हें रखना भी जरूरी है। आज जब मैंने इंडिया- न्यूजीलैंड का पूरा मैच देखा तो यह पाया कि दोनों टीम इस तरह खेल रही थी कि जैसे उन्हें हारना ही हो। क्योंकि न्यूजीलैंड के एक को छोड़ शेष बल्लेबाज लापरवाही से खेलते पाए गए। इसका फायदा भारतीय गेंदबाजों ने उठाया। दोनों ही चाह रहे थे कि हारकर वे सेमी फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल में पहुंच जाए। इंडिया टीम ने भी यही सोचा कि यदि वह फाइनल में भी पहुंचती है तो उसका मुकाबला वैसे भी ऑस्ट्रेलिया से होना है तो क्यों न सेमीफाइनल में ही उससे मुकाबला कर लिया जाए जो उचित भी है। अब सवाल यह उठता है कि सेमीफाइनल में भारत का प्रदर्शन कैसा होगा ?? तो मेरा मत है कि यदि भारत को पहले बल्लेबाजी मिलती है और वह 270 से अधिक रन बनाता है तो उसके जीतने के चांसेस 60त्र हो जाएंगे और यदि भारतीय बल्लेबाज 200 रन के आसपास ही निपट गए तो उसकी हार निश्चित है। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया यदि ढाई सौ के आसपास रन बनाता है तो भारत के जीतने की संभावना 60त्र हो जाएंगी। अगर ऑस्ट्रेलिया 300 रन के आसपास पहुंचता है तो फिर मुकाबला कड़ा होना सुनिश्चित है।

# वन्य प्राणी जीवों का संरक्षण की आवश्यकता



■ संजय गोस्वामी

**वन्य जीव-जन्तुओं पर्यावरण व इकोसिस्टम को सुरक्षित बनाये रखने के लिए प्रयुक्त होता है जो प्राकृतिक आवास में निवास करते हैं, जैसे हाथी शेर, गैंडा, हिरण इत्यादि। वन्य जीवों की पूर्ण सुरक्षा तथा विलुप्त होने वाले जन्तुओं को संरक्षण प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य है व्यापक रूप से .वन्य जीव. प्रकृति में पाये जाने वाले सभी जीव -जन्तुओं एवं पेड़ -पौधों की जातियों हेतु प्रयुक्त किया जाता है।**

वर्तमान में मानव के द्वारा ऐसे कारण उत्पन्न कर दिये गये हैं, जिससे वन्य जीवों का अस्तित्व समाप्त हो रहा है। इसलिए वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए 1972 में वन्य जीवन सुरक्षा अधिनियम बनाया गया है। वन्य जीवों की पूर्ण सुरक्षा तथा विलुप्त होने वाले जन्तुओं को संरक्षण प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य है। भारत कई प्रकार के जंगलों जीवों और पशु-पक्षियों का घर है। जीवों और पशु-पक्षियों का संरक्षण पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहाँ के पशु पक्षियों को अपने प्राकृतिक निवास स्थान में देखना आनन्दायक है व जंगली जीवों को देखने पर्यटक आते हैं। यहाँ जंगली जीवों की बहुत बड़ी संख्या है।भारत के वन्य जीव संरक्षण कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक मज़बूत संस्थागत ढांचे की रचना की गयी है। जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, बोटेनिकल सर्वे आफ इण्डिया जैसी प्रमुख संस्थाओं तथा भारतीय वन्य जीवन संस्थान, भारतीय वन्य अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी तथा सलीम अली स्कूल ऑफ आरिन्थोलॉजी जैसे संस्थान वन्य जीवन संबंधी शिक्षा और अनुसंधान कार्य में लगे हैं।इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य जंगली जानवरों, पक्षियों और पौधों को प्रमाणित सुरक्षा प्रदान करना है। अपितु वन्य जीवन तथा वन - वृक्षों को सुरक्षित रखना है संभवतः विष्व में सर्वप्रथम, लगभग 300 वर्ष ईसा पूर्व सम्राट अशोक ने वन्य प्राणियों के संरक्षण में अभयारण्यों की स्थापना की।बनारस के पास सारनाथ में एक मृग उद्यान में भगवान बुद्ध के प्रवचनों का उल्लेख भी मिलता है हिन्दू धर्म का तो मूल आधार ही यह है कि आत्मा समस्त प्राणियों में विचरण करते हुए मानव-योनि, और फिर मोक्ष-योनि में जाती है। सिन्धु-घाटी की सभ्यता में हाथी, शेर, गेंडा, नीलगाय, बंदर, कालाहिरण,गरूण तथा बाज पक्षियों की मूर्तिया पाई गई है। वन्यप्राणि इतनी विविधता एवं चमत्कारिक रूपों में पाये जाते है कि उनके देखने मात्र से ही सौंदर्य सुख प्राप्त होता है।। अंग्रेजी शासन काल में भी यद्यपि वन्य प्राणी संरक्षण को कुछ अधिकारियों और राजा महाराजाओं ने महत्व तो दिया लेकिन फिर भी वन्य प्राणियों के विकास में वे सफल नहीं हुए। बल्कि इसके विपरीत द्वितीय विष्व युद्ध के आसपास का समय तो वन और वन्य प्राणियों के विनाष का सर्वाधिक काला समय सिद्ध हुआ। धीरे-धीरे वैज्ञानिकों और जनसाधारण ने वनों और वन्य प्राणियों के महत्व को समझना प्रारम्भ किया और जन आकांक्षाओं के परिणामस्वरुप विष्व के अनेक देषों में राष्ट्रीय उद्यान एवं अभयारण्यों की स्थापना होने लगी।देष के



संरक्षित क्षेत्र जिसमें राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्य आते हैं। अनेक वन्य प्राणियों का उपयोग पशुधन के रूप में किया जाता है। भारतवर्ष में लगभग 20 मिलियन लोगों का जीवनयापन पशुधन पर निर्भर करता है। पशुधन से छोटे किसानों का लगभग 16 प्रतिशत और मझोले किसानों का 14 प्रतिशत आय प्राप्त होती है। पशुधन 2/3 गॉव की आबादी का जीवन यापन का सहारा बनती है। यह भारत वर्ष में 8.8 प्रतिशत लोगों को रोजगार प्रदान करती है। पशुधन 4.11 प्रतिशत जी.डी.पी. तथा 25.60 प्रतिशत कृषि के जी.डी.पी. में योगदान करती है। भारत वर्ष में कुल पशुधन 512 मिलयन है जिसमें कि भैंस 105.3 मिलयन है जो कि भारतीय किसानों के आमदनी का नायाब श्रोत है। केवल मत्सयोद्योग से ही विष्वभर में लगभग 1100 लाख टन भोजन प्रतिवर्ष प्राप्त होता है। इस भोजन में प्रोटिन की प्रतिषत भी अधिक होती है।भारत जैसे देश में शेरों की तादाद दिनोंदिन घटती जा रही है। लाख प्रयासों के बाद भी इनकी तादाद बढ़ाने के मामले में सरकार दावे कुछ भी करे, लेकिन नाकामी ही हाथ लगी है।नतीजतन हमारा पर्यावरण भयंकर से प्रभावित हुआ और स्तनधारी ही नहीं, पक्षियों की हजारों प्रजातियां विलुप्त हो गईं और सैकड़ों विलुप्ति के कगार पर हैं। संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं विकास संस्थान के विशेषज्ञों व वैज्ञानिकों का अध्ययन खुलासा करता है कि पूरी दुनिया में मानवीय गतिविधियां व्यापक स्तर पर पर्यावरण विनाश कर रही हैं और धरती में जीवन का आधार समझी जाने वाली जैव विविधता खतरनाक दर से नष्ट हो रही है। यह सबसे अधिक चिंतनीय है। इससे धरती के पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमता पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। हालत यह है कि स्तनधारियों, पक्षियों और सरीसृप परिवार की 10 से 30 फीसदी प्रजातियों के ऊपर विलुप्ति की तलवार लटक रही है। मिलेनियम ईको-सिस्टम एसेसमेंट के अनुसार बीते 50 सालों में आदमी ने अपनी जरूरतों की पूर्ति और लालच की खारित पारिस्थितिकी तंत्र का इतनी तेजी से विनाश किया है, जिसकी प्राचीन इतिहास में कहीं कोई मिसाल नहीं मिलती।

1945 के बाद धरती का जितना हिस्सा खेती के समतल किया गया, वनों का कटान किया गया उतना 18वीं और 19वीं शताब्दी में मिलकर भी नहीं हुआ। इसका परिणाम जैव विविधता के भारी अपरिवर्तनीय नुकसान के रूप में सामने आया। ऐसे उदाहरण भी सामने आए जब प्रकृति पर लगे घावों के परिणामस्वरूप पारिस्थितिकी तंत्र में अभतपूर्व बदलाव आए और भयावह स्थिति का सामना करना पड़ा।असल में वन्य जीवों की प्रजातियों को सबसे ज्यादा यदि किसी ने नुकसान पहुँचाया है तो वह है वन्य जीवों की तस्करी और उससे होने वाला भारी मुनाफा। असलियत यह भी है कि आज विश्व में वन्य जीव तस्करी का अवैध कारोबार 25 से 30 हजार करोड़ डालर से अधिक है। यह कारोबार अब मादक पदार्थों के कारोबार से कुछ कम और हथियारों के कारोबार के करीब पहुँच चुका है। सौंदर्य प्रसाधनों, औषधि निर्माण तो कहीं घरों की सजावट के लिए वन्य जीव अंगों की बेतहाशा मांग और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिलता मुँहमांगा दाम इसके प्रमुख कारण हैं। सरकार चाहे प्रोजेक्ट टाइगर चलाए, प्रोजेक्ट एलीफेंट या आने वाले समय में प्रोजेक्ट गैंडा चलाए, जब तक देश का हर नागरिक वन्य प्राणियों के अंग, उनकी खाल का उपयोग न करने का संकल्प नहीं लेगा और लोगों में जागृति पैदा करने का अभियान नहीं चलाया जाएगा, भारत जैसे देश में तब तक कानूनों के जरिए वन्य प्राणी संरक्षण एक सपना ही रहेगा।

# स्वस्थ भारत की ओर: मोदी की मुहिम से घटेगा मोटापा!

सोनम लववंशी



एक स्वस्थ देश के निर्माण की राह में नागरिकों का मोटापा किस कदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिंतित कर रहा है, इसकी बानगी हाल ही में आकाशवाणी पर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में देखने को मिली। आंकड़ों पर गौर करें तो विश्व भर के 250 करोड़ लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, जबकि भारत में हर आठवां व्यक्ति मोटापे का शिकार है। यह समस्या केवल बड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि अब बच्चों को भी अपने आगोश में ले रही है, और हाल के वर्षों में तो यह समस्या चार गुना तक बढ़ गई है। इसके कारण हृदय रोग, तनाव, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को आगाह किया और इससे बचने की सलाह दी। साथ ही, देशवासियों से खाने में तेल की खपत को 10 प्रतिशत घटाने का आग्रह किया। इस मुहिम के लिए दस नामी-गिरामी हस्तियों को अभियान से जोड़ा गया, जो मोटापे को समाप्त करने की श्रृंखला के प्रारंभिक व्यक्ति के तौर पर होंगे। इनमें उमर अब्दुल्ला, आनंद महिंद्रा, मनु भाकर, आर. माधवन, नंदन नीलेकणी, श्रेया घोषाल, निरहुआ, सुधा मूर्ति और मीरा बाई जैसी हस्तियां शामिल हैं।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मोटापा एक महामारी बन चुका है, जो हर साल 28 लाख वयस्कों की जान ले रहा है। भारत में करीब 10 करोड़ से ज्यादा लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, जिनमें 12 प्रतिशत पुरुष और 40 प्रतिशत महिलाएं बेली फैट से परेशान हैं। आंकड़ों के अनुसार, स्थिति वाकई डराने वाली है। 'द लांसेट' पत्रिका के अनुसार, भारत में 5 से 19 वर्ष के करीब 1.25 करोड़ बच्चे मोटापे के शिकार हैं, जबकि 1990 में यह संख्या मात्र 4 लाख थी। वयस्कों की स्थिति भी कम भयावह नहीं है। 2022 में 4.4 करोड़ महिलाएं और 2.6 करोड़ पुरुष मोटापे से ग्रस्त थे। ऐसे में यह विकास है या विनाश, यह तय करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल ओबेसिटी ऑब्जर्वेटरी के आंकड़े बताते हैं कि मोटापे से आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है। 2019 में जहां यह 2.4 लाख करोड़ रुपये था, वहीं 2030 तक यह 6.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यह दर्शाता है कि अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है।

भारत विकासशील देश से विकसित बनने की राह पर तेजी से अग्रसर है, लेकिन इसी रफ्तार में हमारा शरीर भी तेजी से फैलता जा रहा है। एक समय था जब 'तोंद' को समृद्धि का प्रतीक माना जाता था, लेकिन अब डॉक्टर इसे बीमारी का घर बताते हैं। मोटापा आज केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बढ़ती समस्या को भांपते हुए इसे रोकने की ठानी और 'फिट इंडिया मूवमेंट' जैसे अभियानों के माध्यम से पूरे देश को समझा रहे हैं कि 'स्वास्थ्य ही धन है।' देखा जाए तो मोटापे की समस्या आधुनिक जीवनशैली की देन है। पहले भोजन खाने से पूर्व हाथ धोने की आदत थी, अब 'ऑनलाइन फूड डिलीवरी' ऐप चेक करना प्राथमिकता बन गया है। बच्चे खेल के मैदान में कम, मोबाइल स्क्रीन में ज्यादा व्यस्त रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के दौरान भी मोटापे की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की और 'फिटनेस' को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर हम रोजमर्रा की भागदौड़ में से थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करें, तो कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस पूरी मुहिम में खानपान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत का भोजन हमेशा से वैज्ञानिक रूप से संतुलित रहा है, लेकिन पिज्जा, बर्गर और इंस्टेंट नूडल्स की बढ़ती लोकप्रियता ने इसे हाशिए पर धकेल दिया है। जंक फूड की बढ़ती लत इस समस्या को और जटिल बना रही है। मोदी सरकार ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान को बढ़ावा देते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया है कि 'स्वस्थ खाना ही असली खाना है।' प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल को कई मशहूर हस्तियों का भी समर्थन मिला है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या हम केवल सोशल मीडिया पर 'फिटनेस चैलेंज' स्वीकार करने तक सीमित रहेंगे, या फिर वास्तव में अपने शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करेंगे?

सरकार चाहे जितने भी अभियान चला ले, जब तक आम जनता खुद स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देगी, तब तक मोटापे की समस्या बनी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी की इस मुहिम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है कि फिटनेस कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मोटापे की समस्या केवल शरीर तक सीमित नहीं रहती, यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता पर भी असर डालती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाएं, व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और संतुलित आहार अपनाएं। मोदी की इस मुहिम का उद्देश्य भारत को आर्थिक और शारीरिक रूप से मजबूत राष्ट्र बनाना है। लेकिन यह बदलाव तभी संभव होगा जब हम 'स्वस्थ भारत' के सपने को सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। वरना, वह दिन दूर नहीं जब अस्पतालों में मोटापे से ग्रस्त लोगों की लंबी कतारें होंगी।

## राजकाज



### महाकुंभ के बाद मोदी-योगी की क्षमा याचना

धर्म नगरी प्रयागराज में 45 दिन तक महाकुंभ का आयोजन हुआ। 16 फरवरी को इसका समापन भी हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ के आयोजन में कोई कमियां रह गई हों। तो उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। प्रधानमंत्री ने इसे एकता और युग परिवर्तन का महाकुंभ बताया। मां-गंगा मां-यमुना और मां-सरस्वती से आराधना में कमी रह गई है, प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों देवियों और जनता जनार्दन से मांगी है। योगी आदित्यनाथ क्यों पीछे रहते। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अरेल घाट में झाड़ू लगाते हुए सफाई कर्मचारियों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। महाकुंभ की पूर्ण आहुति की। उन्होंने क्षमा मांगते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### आप विधायकों को परिसर में नहीं घुसने दिया, देश का नया रिकॉर्ड

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के निलंबित विधायकों को विधानसभा परिसर में भी नहीं घुसने दिया। जिसके कारण उन्हें रोड पर धरना और प्रदर्शन करना पड़ा। राष्ट्रपति से मिलने के लिए भी उन्हें रास्ते में पुलिस द्वारा रोक लिया गया। आम आदमी पार्टी के नेता अपने आप को तुर्रम खां समझते थे। वह चीखते चिल्लाते रहे, इसका कोई असर नहीं पड़ा। भाजपा ने पहले ही सेशन में आम आदमी पार्टी की गर्मी को उतार दिया। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष ने सारे देश में एक नया इतिहास रच दिया है। निलंबित सांसदों और विधायकों को सदन के अंदर प्रवेश करने की रोक होती है। संसद या विधायक परिसर मे आकर अपनी हाजिरी लगाते हैं। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने जो निर्णय लिया है। उससे देश में एक नया संसदीय इतिहास बन गया है।

### केजरीवाल को समझ नहीं आ रहा क्या से क्या हो गया

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिस तेजी के साथ राजनीति की सीढ़ी चढ़कर फर्श से अर्श पर पहुंचे थे। उसके बाद उन्हें अहंकार हो गया था। वह अपने आप को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानने लगे थे। प्रधानमंत्री के खिलाफ उन्होंने चुनाव भी लड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार चुनौती देकर उनके समकक्ष बनने की कोशिश कर रहे थे। केजरीवाल भूल गए थे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे किसी आदमी के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते हैं। जो उनका मुकाबला करने की कोशिश करते हैं। एक ही झटके में केजरीवालअर्श से फर्श पर आ गए हैं।

### राज्यसभा जाने की तैयारी में केजरीवाल

हाथी कितना भी दुबला हो जाए, रहता तो वह हाथी ही है। दिल्ली के साथ-साथ पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार थी। दिल्ली की सरकार चली गई तो क्या हुआ। अब वह राज्यसभा में जाकर केंद्रीय राजनीति में मोदी के साथ दो-दो हाथ करेंगे। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल का दोनों राज्यों में डंका बजता है। कहा जा रहा है, वह जल्द ही पंजाब के रास्ते राज्यसभा में प्रवेश करेंगे। अपनी खोई हुई इज्जत को पुनः प्राप्त करेंगे।

## फीचर



# आधा घंटे का व्यायाम रखेगा बीमारियों को दूर

**अगर आप हर दिन 30 से 40 मिनट एक्सरसाइज करते हैं तो आप बहुत सी बीमारियों से दूर रहते हैं।**

एक सर्वेक्षण में कहा गया है अगर कोई आदमी 70 साल का है और वह हर रोज एक्सरसाइज करता है तो उसकी उम्र बढ़ जाती है और बीमारियों से भी दूर रहता है। यह स्वस्थ रहने के लिए यह सबसे बड़ा नुस्खा है।

**पौष्टिक भोजन:** स्वस्थ रहने के लिए अच्छा भोजन या कहें बैलेंस डाइट की बहुत जरूरत होती है क्योंकि आप जानते हैं ज्यादातर बीमारी गलत डाइट से होती है इसलिए बैलेंस डाइट को अपनाएं! आपके भोजन में उपयुक्त 3 से 5 लीटर पानी पिए हैं। फल और सब्जी खाएं, खाना को चबाकर खाएं, रात में कम खाना कम खाएं, किसी भी एक चीज का ज्यादा मात्रा में सेवन ना करें। कोशिश करें प्रकृति ने जो कुछ आपको खाने के लिए दिया है वह सबकुछ का मजा लें।


**स्वस्थ मस्तिष्क:** यह आपके जिंदगी का यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है! लोग इस पर ध्यान कम देते हैं !दुख देने वाले से दूर रहें, सोते समय ना सोचे, कमाई से अधिक खर्च ना करें, किसी से झूठा वादा ना करें, जिसको आप पूरा ना कर सके, बिना मतलब का कुछ ना सोचें हैं, अच्छे लोगों से मिले हैं और उसे दोस्त करें खूब हंसे और दूसरे को हंसाने की कोशिश करें। दिमाग का सीधा रिश्ता दिल से होता है अगर आप तनाव में रहते हैं तो आपका ब्लड प्रेशर बढ़ता है जिस से बहुत सारी बीमारियां होती हैं जैसे हार्ट अटैक आदि। अपने लाइफ स्टाइल को ठीक करें जल्दी सोए और जल्दी जगे। चिंता, क्रोध, शोक, शक और दूसरों से उम्मीद करना छोड़ें।

**अच्छी नींद:** वैज्ञानिक मानते हैं कि नींद सबसे बड़ी दवा है आप गौर कीजिए जब आप काम करके बहुत ज्यादा थक जाते हैं।

## प्रेरणा

# सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी। एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है।



उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है।

सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी।

## अपनी बात



एकनाथ शिंदे ने कहा कि अमित शाह से मेरी कोई शिकायत नहीं की है। शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत कहानी लिखने में बॉलीवुड के मशहूर लेखक सलीम-जावेद से कंपटीशन कर रहे हैं। सीएम फडणवीस सोमवार से शुरू हुए विधानसभा बजट सत्र से पहले डिप्टी सीएम शिंदे और अजित पवार के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई युद्ध नहीं है।



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि अरे सर, चुनाव आ रहा है। काम धाम तो कुछ किए नहीं। 20 बरस खाली पलटिए मारते रहे। जनता को क्या जवाब देंगे। काम धाम का कोई मतलब है। 2005 के पहले वाला ड्रामा इस बार भी कर देंगे। 20 साल से इस पर ही तो खेल रहे हैं। वहीं रविवार को पार्टी ऑफिस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार को सलाह देते हुए तेजस्वी ने कहा था कि नीतीश कुमार आपका आखिरी बजट है।

# फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा ग्राम पन्हेटी आगजनी में फरार दो और आरोपी गिरफ्तार किए

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा ग्राम पन्हेटी आगजनी में फरार दो और आरोपी गिरफ्तार किए हैं। उल्लेखनीय है कि गत् वर्ष 1 नवम्बर 24 को जिले के फतेहगढ थाना अंतर्गत ग्राम पन्हेटी में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े व मारपीट की घटना को लेकर दोंनो पक्षों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें एक पक्ष के फरियादी आनंद बंजारा निवासी ग्राम पन्हेटी थाना फतेहगढ़ की रिपोर्ट पर 12 नामजद आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 277/24 धारा 118(1), 115(2), 296, 351(3), 191(3), 191(2), 190, 125 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की विवेचना में आरोपियों



द्वारा फरियादी पक्ष के खेतीबाड़ी के उपकरणों में आग लगाकर नुकसान करना व ट्यूबवेल पूरकर नष्ट करना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 118(2), 326(ए), 326(एफ) बीएनएस का इजाफा किया गया था। दूसरे पक्ष की ओर से 10 नामजद आरोपियों पर अप.क्र. 279/24 धारा 115(2), 296, 351(3), 190, 191(2) बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)व्हीए एससीएसटी एक्ट इजाफा धारा 326(एफ), 109(1), 103(1), 103(2) बीएनएस व 3(2)व्ही एससीएसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था । इस झगड़े के बाद उपजे विवाद में दिनांक 26 नवम्बर 2024 को भिलाला समाज के कुछ लोगों द्वारा आक्रोशित होकर दूसरे पक्ष के लोगों के घरों पर तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना की गई थी । जिस पर से नामजद 13 आरोपियों सहित अन्य के विरूद्ध अप.क्र. 299/24 धारा 191(2), 191(3), 190, 324(5), 326(ए), 326(जी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा पन्हेटी घटनाक्रम के तीनों ही प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं । जिसके तहत अप.क्र. 277/24 में 11 आरोपी एवं अप.क्र. 279/24 में 10 आरोपी तथा अप.क्र. 299/24 में 05 आरोपी पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं । पुलिस द्वारा उक्त प्रकरणों में फरार शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी रखते हुए सोमवार को अप.क्र. 299/24 में फरार दो और आरोपी गोपाल पुत्र मडिया भिलाला एवं गप्पूलाल पुत्र मान सिंह भिलाला निवासीगण ग्राम पन्हेटी थाना फतेहगढ को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया है । इस प्रकार पुलिस द्वारा पन्हेटी घटनाक्रम के तीनों ही प्रकरणों में अभी तक कुल 28 आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिये गये हैं तथा शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस की इस कार्रवाई में फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा, सउनि विजय सिंह परिहार, सउनि जसरथ सिंह दिवाकर, सउनि अनिल कदम, आरक्षक कुलदीप धाकड़, आरक्षक पवन शर्मा, आरक्षक बृजमोहन सहरिया, आरक्षक दिव्यांश भार्गव, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक विवेक कुशवाह, आरक्षक श्रीकांत यादव एवं आरक्षक योगेश जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### सकतपुर खुले मैदान में जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** शहर के थाना कैंट पुलिस टीम ने चार्ली ड्यूटी के दौरान मुखबिर की सूचना पर सकतपुर खुले मैदान में जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर चारों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र खुसीलाल कुशवाह निवासी सकतपुर, राजेश पुत्र नारायण सिंह कुशवाह निवासी सकतपुर थाना कैंट गुना, विष्णु पुत्र गोरेलाल कुशवाह निवासी सकतपुर गुना और बब्लू पुत्र छोटेलाल कुशवाह निवासी सकतपुर गुना के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास से कुल 1900 नगद और 52 पत्तों की ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### कस्तूरबा कॉलेज में सायबर सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**गुना।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय की में 'साइबर सुरक्षा' पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीति यादव ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विनीता जैन ने कंप्यूटर, नेटवर्क सॉफ्टवेयर और डाटा को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में बताया तथा साथ ही जागरूक रहने की बात कही। उन्होंने अपने डेटा को सुरक्षित रखने की बात भी कही। साइबर सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी समाधानों का इस्तेमाल करने की बात भी कही साथ ही छात्राओ को नेटवर्किंग से होने वाली जालसाजी से सावधान रहने के लिए कहा। आगे उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे में न आंए और किसी अपरिचित व्यक्ति और अपरिचित से प्राप्त लिंक से सावधान रहें। जागरूक रहे और आसपास के लोगों को इस विषय में शिक्षित करें। इसकी पश्चात साइबर सुरक्षा से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री छात्राओ को दिखाई गई जिसमें साइबर सुरक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की भूतपर्वू छात्रा रितिका जैन, जिसने नेट परीक्षा में 99.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इस महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, प्राचार्य एवं स्टाफने भूतपर्वू छात्रा रितिका जैन को बधाई देकर छात्राओं से उसका परिचय देते हुए छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर प्रत्येक क्षेत्र में सफल होने हेतु प्रेरित किया।

# बसों की सघन जांच, नियम उल्लंघन पर लगाया 28,000 रुपये का जुर्माना

## बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई

सत्ता सुधार ■ गुना

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के निर्देशन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह ने ट्रैफिक स्टाफ के साथ नानाखेड़ी रोड पर बसों की सघन जांच की। इस दौरान करीब 15 बसों को रोककर उनकी गहनता से जांच की गई, जिसमें बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की गई। साथ ही बसों की भौतिक स्थिति का भी निरीक्षण किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे यात्री परिवहन के लिए सुरक्षित हैं या नहीं। जांच के दौरान सिकरवार ट्रेवल्स की बस में आठ यात्री ओवरलोड मिले। इसके अलावा, बस चालक और परिचालक निर्धारित वर्दी और पहचान पत्र के बिना पाए गए, जो कि यातायात नियमों का उल्लंघन है। इस पर मौके पर ही नियमानुसार चालान काटा गया। इसके अलावा, अन्य बसों में भी विभिन्न अनियमितताएं पाई गई, जैसे ओवरलोडिंग, कागजात की कमी और



सुरक्षा मानकों का पालन न करना। कुल 9 बसों पर कार्रवाई करते हुए मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत 28,000 का जुर्माना लगाया गया। यातायात पुलिस ने सभी बस चालकों और परिचालकों को बस संचालन के दौरान सतर्कता बरतने की हिदायत दी। उन्हें निर्देश दिया गया कि वे शराब या किसी अन्य नशे की हालत में वाहन न चलाएं और अत्यधिक तेज गति से बस न दौड़ाएं। यदि किसी चालक को नींद आ रही हो या उसकी पूरी नींद न हुई हो, तो उसे वाहन चलाने से बचना चाहिए और जरूरत पड़ने पर अन्य चालक से बस चलवानी चाहिए। हाईवे पर वाहन को ओवरटेक करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके अलावा, बस चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से मना किया गया और हिदायत दी गई कि अंधे मोड़ या तीव्र मोड़ के दौरान वाहन की गति धीमी रखी जाए और हॉर्न का सही तरीके से उपयोग किया जाए। यातायात प्रभारी ने सभी बसों के स्टाफ को यह भी निर्देश दिया कि वे अपनी बसों में आग बुझाने वाले यंत्र, प्राथमिक उपचार बॉक्स, आवश्यक दवाइयां और पट्टियां पर्याप्त मात्रा में रखें। इसके अलावा, आपातकालीन द्वार को चालू हालत में बनाए रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित निकाला जा सके। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी बस चालक और परिचालक की होती है। उनकी थोड़ी सी लापरवाही गंभीर सड़क हादसे का कारण बन सकती है, जबकि उनकी सतर्कता और अनुशासन कई लोगों की जान बचा सकता है। इसलिए, बस ड्राइविंग के दौरान पूरी सावधानी और सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है।

# कलेक्टर ने दिए समन्वय और नवाचार के साथ कार्य करने के निर्देश



सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विकसित भारत, विकसित मध्यप्रदेश एवं विकसित गुना 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी अधिकारियों को समन्वय और नवाचार के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुना जिले को प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल करने के लिए योजनाबद्ध और प्रभावी कार्य करना आवश्यक है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने लंबित पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की और निर्देश दिए कि प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से भेजे जाएं। कलेक्टर ने पीएचई एवं जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि जिले में शासकीय एवं निजी बोरिंग मशीन संचालकों का रिकॉर्ड तैयार किया जाए। उन्होंने अनुपयोगी बोरिंग को विधिवत केसिंग कर बंद करने के लिए संबंधित एसडीएम की निगरानी में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। 8 फरवरी से 18 मार्च तक दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने समय पर सभी तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 70+ आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि यदि अगले सप्ताह तक सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने मंडी सचिव को आगामी फसल सीजन के लिए सक्रिय रहने और किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। इसके अलावा, पीएम आवास योजना की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा करते हुए उन्होंने किस्तों के वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बैठक के अंत में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों को विकसित भारत, विकसित मध्यप्रदेश एवं विकसित गुना 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवाचार और समन्वय के साथ कार्य करना होगा। एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए रखने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली को प्राथमिकता से अपनाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा समय सीमा बैठक में गोबर से निर्मित उत्पादों के लिए स्व-सहायता समूह की दीदियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। डीपीएम एनआरएलएम श्रीमति सोनू सुशीला यादव ने बताया कि ग्रामीण विकास अंतर्गत 40 गौशालाओं का संचालन स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है।

# अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक की गई आयोजित

सत्ता सुधार ■ गुना

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती को लेकर अजाक्स व सामाजिक बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अंबेडकर भवन पर किया गया। बैठक के अतिथियों में अजाक्स के महासचिव महासचिव जीएल पिप्पल, रंजीत समर, अमरीश कुश्तवर, महेश कुमार जाटव, देव कुमार झावा आदि रहे। वहीं बैठक की अध्यक्षता अजाक्स के जिला अध्यक्ष रमेश अहिरवार द्वारा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की जयंती का चल समारोह वहां से प्रारंभ होगा जहां समाज के अधिक संख्या में लोग निवासरत हों। वहीं कार्यक्रम



को लेकर प्रत्येक मोहल्ले में जागरूकता बैठक का आयोजन किया जाएगा। बाबा साहब की जयंती साप्ताहिक रूप से मनाई जाएगी। जयंती हेतु अर्थव्यवस्था का सहयोग कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के सभी सामाजिक बंधुओ से भी इच्छा अनुसार लिया जाएगा। कार्यक्रम हेतु सामग्री क्रय समिति का गठन किया जाएगा। जयंती कार्यक्रम में शामिल होने सामाजिक बंधुओं को पीले चावल देकर आमंत्रित किया जाएगा। रमेश अहिरवार ने बताया कि अगली बैठक 5 मार्च को शाम 4ः बजे अंबेडकर मांगलिक भवन पर पुनः आयोजित की जाएगी। बैठक में मुकेश पिप्पल, राजकुमार सिलावट, किशोरी लाल अहिरवार, पहलवान सिंह अहिरवार, बनवारी लाल नरवरिया, बृजमोहन अहिरवार, किशन लाल जाटव, ब्रजराज गौतम, मनोज कुमार कौशल, देव कुमार झावा, अशोक वाल्मीकि, महेश कुमार जाटव, आनंद करोसिया, पंकज जाटव, आकाश जाटव, उत्तम जाटव, दीपक जाटव, विशाल जाटव, धीरू जाटव व सिद्धार्थ मखेनिया आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन




**गुना।** मार्च माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एडीएम अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित समस्त जिलाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सीईओ श्री दुबे ने सराहनीय कार्य करने 05 शिक्षकों को प्रदान किये प्रशस्ति पत्र

सत्ता सुधार ■ गुना

शासन द्वारा संचालित अपार आईडी निर्माण कार्य में जिले के 04 विद्यालयों के प्राचार्य एवं शाला शिक्षकों द्वारा शालाओं में दर्ज छात्र/छात्राओं की संख्या के विरुद्ध शत-प्रतिशत अपार आईडी का निर्माण कराने तथा 01 मास्टर ट्रेनर को स्व-सहायता समूहों में संचालन, महिला सदस्यों को सराहनीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये अभिषेक दुबे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना द्वारा आज संबंधितों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।



जानकारी अनुसार विष्णु प्रसाद गुप्ता प्राचार्य हाईस्कूल खुटियावद विकासखंड गुना ने शासन द्वारा संचालित अपार आईडी निर्माण कार्य में विद्यालय में दर्ज 56 छात्र, छात्राओं की शत-प्रतिशत अपार आईडी का निर्माण करने, परमाल सिंह परिहार प्राचार्य हाईस्कूल अमोदा विकासखंड आरोन ने शासन द्वारा संचालित अपार आईडी निर्माण कार्य में विद्यालय में दर्ज 167 छात्र, छात्राओं की शत-प्रतिशत अपार आईडी का निर्माण करने, जीवनलाल मीना प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला चकझूमर विकासखंड राघौगढ़ ने शासन द्वारा संचालित अपार आईडी निर्माण कार्य में विद्यालय में दर्ज 83 छात्र, छात्राओं की शत-प्रतिशत अपार आईडी का निर्माण करने एवं श्रीमती परवीन बानो प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला गुरवाईखेड़ा विकासखंड गुना ने शासन द्वारा संचालित अपार आईडी निर्माण कार्य में विद्यालय में दर्ज 42 छात्र, छात्राओं की शत-प्रतिशत अपार आईडी का निर्माण करने के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे ने कार्यालय जिला पंचायत गुना में उक्त संबंधितों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

**कार्यक्रम** महादेवपुरा में हुई भील आदिवासी समाज की महापंचायत

# अंग्रेजों की तरह टंट्या मामा की प्रतिमा से डर रही भाजपाः जयवर्धन

सत्ता सुधार ■ गुना

राघौगढ़ क्षेत्र के पीपलखेड़ी गांव में क्रांतिकारी टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने को लेकर हुए विवाद को लेकर भील-आदिवासी समाज ने ग्राम महादेवपुरा में महापंचायत आयोजित की। इस महापंचायत में राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह और जयस के संस्थापक विक्रम अछालिया सहित प्रदेशभर के आदिवासी नेता शामिल हुए। महापंचायत को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने पीपलखेड़ी में टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने के दौरान बनाई गई परिस्थितियों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि टंट्या मामा




की वजह से जैसा डर का माहौल 1857 से लेकर 1900 के दशक तक अंग्रेजों में रहा उसी तरह का वातावरण भाजपा को उनकी मूर्ति अनावरण से लग रहा है। इसलिए प्रदेशभर की पुलिस पीपलखेड़ी में तैनात कर दी गई है। जयवर्धन ने महापंचायत में ऐलान किया कि मूर्ति स्थापित करने की तमाम प्रक्रियाओं का जल्द से जल्द पालन करवाएंगे। 5 मार्च को जनपद पंचायत की बैठक बुलाकर एक प्रस्ताव कर गुना कलेक्टर के पास स्वीकृत के लिए भेजा जाएगा।

### एक मूर्ति से रोका हम एक-एक गांव में लगाएंगे

जयवर्धन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक प्रतिमा का अनावरण करने से रोका है, तो अब वे सुनिश्चित करेंगे कि एक-एक गांव में टंट्या मामा की प्रतिमा स्थापित कराई जाए।

### विधायक निधि से देंगे 10 लाख रुपए

जयवर्धन सिंह ने महापंचायत में ऐलान किया है कि पीपलखेड़ी में फिलहाल 6 फिट ऊंची टंट्या मामा की प्रतिमा स्थापित होगी। लेकिन इसी अनावरण कार्यक्रम के मंच से जयस संस्थापक 20 फिट ऊंची प्रतिमा लगाने का स्थान तय करेंगे और घोषणा होगी। जयवर्धन ने कहाकि वे टंट्या मामा की प्रतिमा के लिए अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपए की राशि भेंट करेंगे।

# युवा पर तलवार से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** युवक को जान से मारने की नियत से तलवार से हमला करने वाले आरोपी को मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। दरअसल विगत 28 फरवरी 25 को जिले के मधुसूदनगढ़ थाना अंतर्गत धक्कापुरा की पुलिया पर युवक अभिषेक पुत्र जगदीश वास्त्री निवासी मधुसूदनगढ़ को जान से मारने की मुकेश सोनी निवासी मधुसूदनगढ़ द्वारा तलवार से मारपीट की गई थी। घायल अभिषेक वास्त्री द्वारा इस घटना की रिपोर्ट किये जाने पर आरोपी मुकेश सोनी के विरूद्ध मधुसूदनगढ़ थाने में अप.क्र. 38/25 धारा 109(1), 296, 351(3), 118(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस द्वारा गंभीरता से लेकर प्रकरण के आरोपित मुकेश सोनी की सघनता से तलाश की गई। जिसकी गिरफ्तारी हेतु अपना मुखबिर जाल बिछाकर निरंतर दविशें दीं गई। जिसके फलस्वरूप सोमवार को मुखबिर सूचना पर प्रकरण के आरोपी मुकेश पुत्र मूलचंद सोनी निवासी श्रीराम कॉलोनी मधुसूदनगढ़ जिला गुना को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया है।



न जाने कितनी कविताएं और गीत आंखों पर लिखे गए है। अंतर्मन का झरोखा है आंखें। हर आंख खास है, अलग है, इसलिए हर आंख चाहती है अपने लिए कुछ अलग मेकअप। यहां दिए गए चित्रों के जरिये जानें क्या है आपकी आंखों का शेप और उसके अनुसार करे अपना आई-मेकअप।



# चुनें मेकअप आंखों के अनुरूप

## गहरी आंखें

ऐसी आंखें भीतर की ओर धंसी हुई दिखती है और ब्रो बोन कम उभरी होती है। इसलिए मेकअप ऐसा करे, जिससे आंखें उभरी दिखें। पलकों पर हलका दबा हुआ पिंक या बेज शैडो लगाएं और आंखों की ऊपरी रेखा की तरफउसे हलका करें। अब मीडियम-टोंड आईशैडो लें और ब्रो बोन से शुरू करके ब्रो के किनारों तक ले जाएं। आंखों के ऊपरी हिस्से में बनी रेखा को स्मोकी-कलर शैडो से गहरा करे। यह पूरे मेकअप से मैच करने वाला हो। अंत में ब्लैक या ब्राउन पेंसिल से काजल लगाएं।

## उभरी आंखें

ये बाहर की तरफ निकली हुई आंखें होती है। इसलिए इन्हे बल्जिंग या प्रोट्रूडिंग आईज भी कहा जाता है। मीडियम कलर से गहरे रंग तक के आई शैडो से पलकों पर शेड दें। कभी भी फॉस्टेड शेड्स या हाईलाइटर न प्रयोग करे, क्योंकि इससे आंखें और ज्यादा उभरी नजर आएंगी। आंखों के निचले किनारों पर काजल पेंसिल लगाएं। ऊपरी आईलैशेज पर मसकारा के एक-दो हलके कोट्स लगा सकती हैं।

## उनींदी आंखें (हूडेड आई)

इसमें आईलैशेज बहुत कम नजर आती है जिससे आंखें उनींदी लगने लगती है। इसलिए इसमें ऐसे मेकअप की जरूरत होती है जिससे आंखें थोड़ी सजग दिखें, यानी सोई-सोई सी या नशीली सी न दिखें। पलकों के भीतरी आधे हिस्से पर मैट या न्यूट्रल कलर का आई शैडो लगाएं। उसके आसपास के हिस्से पर थोड़ा गहरा रंग लगाएं, लेकिन बाहरी हिस्से में इसे न लगाएं। गहरे रंग केप्रयोग से बचें, क्योंकि इससे पलकें भारी लगने लगेंगी। आंखों के ऊपरी और निचले किनारों परभी गहरे रंग न लगाएं। ऊपरी लैशेज को थोड़ा कर्ल करे और मसकारा के एक-दो कोट्स लगाएं। ब्रो बोन पर न तो बहुत चटख और चमकीले रंगों का प्रयोग करे और न ही बहुत हलके रंगों का।

## क्लोज-सेट आई

इनमें दोनों आंखों के बीच की दूरी कम दिखती है। यानी नाक से इनकी दूरी कुछ कम होती है। पलकों के भीतरी हिस्से पर हलका और बीच के हिस्से पर मीडियम शेड प्रयोग करे। ऊपरी पलकों के बाहरी किनारों पर रेखा सी खींचें।
अब ब्रो बोन के बाहरी यानी कान की तरफ वाले हिस्से पर गहरा शैडो लगाकर उसे अच्छी तरह एकसार करें। आंखों में ब्लैक काजल लगा सकती हैं। मसकारा लगाना चाहती है तो भीतरी लैशेज पर हलके रंग का और बाहरी तरफ थोड़ा गहरे रंग का मसकारा प्रयोग करे। बाहरी तरफ उसे थोड़ा उभारने की कोशिश करे और भौंहों की ओर थोड़ा कम उभारे। भीतरी लैशेज पर ब्राउन और बाहरी लैशेज पर हलका काला मसकारा प्रयोग करे।

## वाइड सेट आईज

क्लोज-सेट आई की तुलना में इनकी दूरी नाक से थोड़ी ज्यादा होती है। इसलिए ऐसे मेकअप की जरूरत होती है जो आंखों को संतुलित दर्शाए। सबसे पहले आंखों और नाक के बीच वाले हिस्से पर छोटे ब्लशर ब्रश से अपने स्किन टोन से थोड़ा गहरे टोन वाला पाउडर लगाएं। नाक की तरफ ब्रश करते हुए पाउडर को एकसार कर लें। ब्रो की बाहरी रेखा पर न्यूट्रल-टोंड हाईलाइटर प्रयोग करे। क्रीज लाइन (आंखों के ऊपरी हिस्से पर पड़ने वाली रेखा) पर शेड दें और आंख के भीतरी किनारे यानी नाक की तरफ वाले हिस्से को उभारे। आंख के बाहरी किनारे पर हलके मैट शैडो से ब्रश करके आई मेकअप को पूर्णता दें। मसकारा लगाते समय लैशेज सीधी रखें। उसके बाहरी हिस्से पर दाहिनी तरफ ज्यादा मसकारा लगाएं।

## एशियन आई

ये आंखें नाक की तरफभीतरी किनारों की ओर थोड़ी झुकी हुई नजर आती है। इनमें शैडो का प्रयोग करते समय लेयरिंग इफेक्ट देने के लिए तीन रंगों का प्रयोग करे। आई लैशेज के पास हलका शैडो लगाएं, पलकों पर मीडियम कलर और ब्रो बोंस पर बेहद हलके रंग का प्रयोग करे। आंखों के किनारे रेखा या ऊपरी तरफ क्रीज बनाने से बचें। आई लाइनर का प्रयोग केवल आंखों के ऊपरी हिस्से पर करे।

## आमंड शेप्ड आई

बादाम के शेप वाली ये आंखें सर्वोत्तम मानी जाती है। इनमें कई तरह का मेकअप किया जा सकता है। जैसे बारीक आई लाइनर, कृत्रिम आई लैशेज, ब्राइट कलर्स। सबसे पहले ब्रो बोन में स्किन टोन के मुताबिक हलके रंग का शैडो इस्तेमाल करे। आई लिड (पलकों) से कुछ शेड गहरा रंग चुनें। आंख के निचले किनारों पर ब्लैक या ब्राउन काजल पेंसिल से रेखा बनाएं। इसे आंखों के बाहरी किनारों की तरफ उभारने की कोशिश करे। अगर आपकी आंखें नीली है तो ब्लू पेंसिल भी प्रयोग कर सकती हैं।

## राउंड आई

गोल आंखों के लिए गहरे रंग का शैडो चुनें। नाकको ओर से शुरू करके ब्रो के बाहरी तरफऊपर ले जाते हुए शैडो को अच्छी तरह एकसार करे। निचली पलक पर हलके टोंड शैडो या पेंसिल का प्रयोग करे और इसे ऊपर की ओर बाहरी हिस्से तक ले जाएं। ब्रो लाइन के पास म्यूटेड हाईलाइटर लगाएं।

## छोटी आंखें

आंखें यदि ये छोटी है तो इन्हे बड़ा दिखाने के लिए पलकों के बाहरी किनारे पर ऊपर की तरफहलके रंग का पाउडर शैडो छोटे ब्लशर की मदद से लगाएं। क्रीज के पास गहरा शैडो प्रयोग करे। लेकिन नाक की तरफआंखों के भीतरी हिस्से पर कोई रंग न प्रयोग करे, क्योंकि इससे आंखें और छोटी दिखने लगेंगी। किनारों पर शैडो लगाने के लिए ब्रश का प्रयोग करे। इसके बाद आंख के निचले हिस्से पर हलकी ग्रे कलर की काजल पेंसिल से रेखा बनाएं।

## निस्तेज आंखें

ड्रूपिंग या निस्तेज आंखों के लिए आई मेकअप आंख के भीतरी हिस्से से शुरू किया जाना चाहिए। ऊपरी और बाहरी तरफमीडियम टोंड शैडो ब्रश की मदद से लगाएं। इसे ब्रो लाइन के ठीक पास तक लाकर छोड़ दें। पलकों की बाहरी रेखा पर किसी भी रंग का प्रयोग न करे। लेकिन आंख की ऊपरी क्रीज लाइन को थोड़ा उभारने की कोशिश करें, मीडियम ब्राउन आई शैडो से रेखा बनाएं, फिर अपनी पलकों को थोड़ा कर्ल करें। मसकारा के कुछ कोट्स भी इसमें मदद करेगे।

---

महिलाओं में हमेशा आकर्षक दिखने की चाह रहती है। लेकिन कई बार होता यह है कि आकर्षक दिखने के चक्कर में वह इतनी क्रीमें बदलती हैं या अन्य प्रसाधन बदल लेती हैं कि चेहरे का आकर्षण बढ़ने की बजाय कम हो जाता है। आकर्षक चेहरे के लिए पहली आवश्यकता है, ताजगी से भरपूर साफ व सुंदर त्वचा। आज महिलाएं स्वस्थ व कोमल त्वचा के प्रति जागरुक हो गई हैं और त्वचा की कांति बरकरार रखने के लिए किसी जादुई क्रीम की तलाश में हैं। अगर आप बाजार से क्रीम खरीद रहीं हैं तो कुछ सावधानियां जरूरी हैं।



# खूबसूरत त्वचा की गारंटी नहीं महंगी क्रीमें

- वे महिलाएं जो उत्पादकों के लंबे-चौड़े वादों को झूठा मानती हैं, किन्तु हिचकते हुए क्रीम खरीदती हैं।
- वे महिलाएं, जो किसी भी नई क्रीम का नाम सुनते ही उसे इस आशा में खरीद लेती हैं कि शायद इसी से उनका चेहरा आकर्षक बन जाए।
- ऐसी महिलाएं, जो क्रीम की अधिक कीमत को ही उसके असरदार होने की गारंटी माल लेती हैं।

**आप** इन तीनों में से किसी भी प्रकार की ग्राहक क्यों न हों, वास्तविकता यह है कि कोई भी क्रीम, जो आप लगाती हैं, आपके चेहरे पर असर तो करती ही है, क्योंकि हर क्रीम पानी की नमी को बरकरार रख कर त्वचा को सूखने से बचाती है। महिलाओं के चेहरे पर उम्र के लक्षण पैदा करने में सूखी त्वचा ही सबसे अधिक गुनाहगार साबित होती है।

आप देखेंगी कि अकसर सौंदर्य विशेषज्ञ किसी एक क्रीम का विज्ञापन करते नजर आते हैं, पर लगभग सभी इस बात से सहमत हैं कि कुछ तत्व ऐसे होते हैं, जिनमें से कोई भी क्रीम अधिक असरदार हो जाती है, वे तत्व इस प्रकार हैं-

**सेरामाइड:** सेरामाइड स्वाभाविक रूप से त्वचा के कोषों को आपस में जोड़े रखता है तथा त्वचा को लटकने से बचाता है।

**अल्फा हाइड्रोसी एसिड:** यह दूध, फल और गन्ने से बनाया जाता है, पर अब इस का सिंथेटिक उत्पादन भी शुरू हो गया है। इससे त्वचा में चमक और कोमलता आती है। यह त्वचा की कोशकीय गतिविधि को बढ़ाकर उसकी नमी बरकरार रखने की क्षमता में वृद्धि करता है। झुर्रियों के इलाज के लिए ग्लाइकोलिक और लेक्टिक एसिड सबसे असरदार होते हैं। लेकिन एएचए के अधिक प्रयोग से त्वचा की परतें उखड़ने लगती हैं। सूर्य की किरणों के प्रति भी त्वचा अधिक संवेदनशील हो जाती है, इसलिए याद रखें कि इसका प्रयोग सप्ताह में एक या दो बार ही करना चाहिए।

**विटामिन:** विटामिन-ए से त्वचा की नमी बढ़ती है। विटामिन बी-5 त्वचा की कंडीशनिंग कर उसको मुलायम बनाता है। एंटीआक्सीडेंट-ई से भी त्वचा को विशेष लाभ पहुंचता है।

**सनस्क्रीन:** त्वचा को रोजमर्रा में यूीवए और यूवीबी किरणों से बचाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक तत्व है।

त्वचा को सुंदर और आकर्षक बनाए रखने के लिए निम्न हिदायतों पर गौर किया जा सकता है-

त्वचा की देखभाल ध्यान से करें, क्योंकि झुर्रियों के लक्षण नजर आते ही अनेक महिलाएं घबरा जाती हैं और तरह-तरह की क्रीमों का प्रयोग करने लगती हैं। वैसे क्रीमों का प्रयोग अगर अधिक मात्रा में किया जाए तो उससे त्वचा के प्राकृतिक उत्पादनों में कमी आ जाती है। इससे त्वचा रुखी और बेजान होने लगती है और झुर्रियां भी बढ़ने लगती हैं। अधिक क्रीम लगाने से हमेशा बचना चाहिए जिससे त्वचा प्राकृतिक दिखे।

## अत्यधिक प्रयोग त्वचा के लिए हानिकारक

सौंदर्य विशेषज्ञों की सलाह है कि सौंदर्य प्रसाधनों का अत्यधिक प्रयोग करना हानिकारक होता है। यदि आपकी त्वचा ज्यादा तैलीय नहीं है तो टोनर के प्रयोग से बचना चाहिए। चेहरे पर कुनकुने पानी के छींटे मारने से भी त्वचा साफ हो जाती है। अगर आप त्वचा को पानी से धोना पसंद करती हैं तो साबुन रहित क्लींजर का प्रयोग करें। वैसे क्रीम क्लींजर सबसे अधिक असरदार होते हैं। मुलतानी मिट्टी व चंदन का लेप करने से भी काफी फायदा होता है।

**तनावमुक्त रहें-** तनाव में रहने से त्वचा रुखी, शुष्क और झुर्रीदार हो जाती है, इसलिए तनाव से बचने के लिए हरसंभव प्रयास करें। नियमित व्यायाम से भी तनाव को काबू में रखा जा सकता है। यह भी याद रखें कि त्वचा को अस्सी प्रतिशत हानि सूर्य की किरणों से ही पहुंचती है। सूर्य की किरणें बाहरी त्वचा के भीतर जाकर उसके कोशों को नष्ट करती हैं, जिससे त्वचा ढीली पड़ती जाती है। तीस की उम्र के बाद त्वचा पर सूरज की किरणों का असर दिखाई देने लगता है। त्वचा को झुर्रियों से बचाने के लिए सनस्क्रीन का नियमित रूप से प्रयोग करें या ऐसा माश्चराइजर लगाएं, जिसमें सनस्क्रीन हो। गर्मियों में चेहरे को धूप से बचाएं तथा तेज धूप में धूप का चश्मा लगाएं, ताकि आंखों के कोनों पर लकीरें न पड़ने पाएं।

---

# मन मोह लेता है माणिक्य

माणिक्य के आभूषणों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। कैसे करें इसके आभूषणों की देखभाल बता रही हैं जूईंलि डिजाइनर शुचि अग्रवाल

मणिक्य (रूबी) का नाम सुनते ही अतिसुंदर व लाजवाब रत्न का विचार दिमाग में कौंधने लगता है। लाल रंग का यह रत्न सबसे कठोर मिनरल्स में से एक है, जो लोग इस रत्न की परख रखते हैं, उनकी पहली पसंद है यह। रत्न की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए इसकी खास देखभाल की जरूरत होती है।

- माणिक्य की समय-समय पर सफाई करते रहना चाहिए जिससे इस पर मैल न जमा हो सके।
- एक आसान तरीका यह है कि रत्न को चलते पानी के नीचे एक हाथ से पकड़ कर दूसरे हाथ से किसी मुलायम ब्रश से साफ करें। अगर नल के नीचे या आसपास का स्थान खुला है तो पानी गिरने के स्थान पर एक मुलायम तौलिया बिछा दें।
- कई बार रत्नों पर जमी हुई मैल पानी तथा ब्रश के प्रयोग से ही दूर नहीं होती। ऐसे में किसी डिब्बे अथवा बर्तन में थोड़ा सा पानी लेकर उसमें कोई माइल्ड शैंपू मिला दें और इस मिश्रण में रत्नों को लगभग आधा घटा रखें। फिर पानी की सहायता से साफ करें।
- माणिक्य को अल्ट्रासोनिक क्लीनर की मदद से साफ करें।
- माणिक्य को साफ करने के लिए इसे पूरी रात के लिए अल्कोहल में भिगोकर रख दें और अगले दिन सादे पानी से साफ करें।
- माणिक्य को साफ करने के लिए लिक्विड डिटर्जेंट का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।
- इसे दूसरे आभूषणों के साथ न रखें।
- अगर रत्न अधिक गंदे हो गए हैं तो किसी प्रतिष्ठित दुकान में सफाई के लिए दे सकती हैं। आजकल मशीनों के प्रयोग से रत्न अच्छी तरह साफ हो जाते हैं और उनमें चमक आ जाती है।



# रेस 4 में नजर आ सकती हैं रकुल प्रीत

सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर रेस फ्रैंचाइज़ी की चौथी किस्त को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। निर्माता रमेश तौरानी पहले ही पुष्टि कर चुके हैं कि रेस 4 में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में लौटेंगे। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हो सकती हैं। हालांकि, सूत्रों ने इस बात की स्पष्ट पुष्टि नहीं की है कि रकुल जिस प्रोजेक्ट में शामिल हुई हैं, वह रेस 4 ही है, लेकिन यह संभावना काफी मजबूत है क्योंकि फिलहाल सैफ और तौरानी इसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि रकुल इस रोमांचक थ्रिलर में कुछ नया करने के लिए उत्साहित हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है, लेकिन रेस फ्रैंचाइज़ी में एंट्री उनके लिए एक अनोखी चुनौती होगी। हाल ही में मेरे हसबैंड की बीवी की सफलता के बाद रकुल अपने करियर को लेकर स्मार्ट फैसले ले रही हैं और यह फिल्म उनके लिए बड़ा मौका साबित हो सकती है। रेस 4 को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है और जल्द ही फिल्म के बाकी कलाकारों व रिलीज़ डेट को लेकर आधिकारिक घोषणा हो सकती है।





# छावा की सफलता से बेहद खुश विक्की

बालीवुड एक्टर विक्की कौशल जहां अपनी हालिया फिल्म छावा की जबरदस्त सफलता से बेहद खुश हैं, वहीं कैटरीना अपने ब्यूटी ब्रांड पर फोकस कर रही हैं। इस बीच, कैटरीना ने एक दिलचस्प खुलासा किया है कि जब वह घर पर अपने ब्रांड की वर्क मीटिंग करती हैं, तो विक्की किस तरह रिएक्ट करते हैं।

हाल ही में, कैटरीना को ब्यूटी इंडस्ट्री में उनके योगदान के लिए फोर्बस इंडिया द्वारा आयोजित एक इवेंट में सम्मानित किया गया। इस दौरान, उनसे उनकी कंपनी के डेली वर्क और उनकी इन्वॉल्वमेंट को लेकर सवाल किया गया। इस पर कैटरीना ने हंसते हुए बताया कि उनके ब्रांड से जुड़ी महत्वपूर्ण मीटिंग्स घर पर ही होती हैं। उन्होंने मज़ाकिया अंदाज में कहा, जब भी कोई बड़ी मीटिंग होती है, विक्की मुझसे पूछते हैं कि आज का शेड्यूल क्या है अगर मैं बताती हूं कि मेरी मेकअप ब्रांड की मीटिंग है, तो विक्की तुरंत कहते हैं कि इसका मतलब तुम चाहती हो कि मैं पूरे दिन घर से बाहर रहूं! कैटरीना ने हाल ही में अपनी सास के साथ महाकुंभ मेले में पवित्र संगम में डुबकी भी लगाई थी। इसके बाद वह ऑस्ट्रिया में छुट्टियां मनाने चली गईं और अपनी जर्नी की कुछ खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। उनके इस ट्रिप की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं और फैंस उन्हें बेहद पसंद कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो कैटरीना आखिरी बार टाइगर 3 और मेरी क्रिसमस में नजर आई थीं। इसके बाद से वह सिल्वर स्क्रीन से दूर हैं।

कुछ समय पहले खबरें थीं कि वह आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा के साथ फरहान अख्तर की फिल्म जी ले ज़रा में नजर आएंगी, लेकिन अब रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है। फरहान अख्तर अब रणवीर सिंह के साथ डॉन 3 पर काम कर रहे हैं, जिसके कारण यह प्रोजेक्ट रुका हुआ है। वहीं, विक्की कौशल अपनी अगली फिल्मों की तैयारी में जुटे हैं। उनकी हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म छावा को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और यह भारतीय सिनेमा की 12वीं सबसे बड़ी हिट फिल्म बन गई है। बता दें कि बॉलीवुड के पावर कपल विक्की कौशल और कैटरीना कैफ न सिर्फ अपनी प्रोफेशनल लाइफ बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ को भी अच्छे से मैनेज कर रहे हैं।

# बॉलीवुड में सबसे ज्यादा चार्ज लेने वाली हीरोइन है नयनतारा



हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहें हैं, जिसने सिर्फ 50 सेकेंड के लिए 5 करोड़ रूपये लिए थे। इस एक्ट्रेस का नाम है नयनतारा। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्ट्रेस नयनतारा ने टाटा स्काई कंपनी के विज्ञापन करने के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था।

ये विज्ञापन तमिल, मलयालम, तेलुगु और कन्नड़ सहित 4 भाषाओं में शूट किया गया था। इस विज्ञापन के लिए उन्होंने कंपनी से 50 सेकंड के लिए करीब 5 करोड़ रुपये चार्ज किये थे। इस एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में काम किया है और कई अवाड्र्स भी जीतें हैं। करियर के शुरुआत में नयनतारा को बहुत संघर्ष करना पड़ा था। इनका फिल्म इंडस्ट्री में आने का बिलकुल मन नहीं था। उन्होंने अंग्रेजी लिटरेचर में डिग्री प्राप्त की और सीए बनने का फैसला किया था लेकिन किस्मत में कुछ ही लिखा था। नयनतारा ने मलयालम फिल्म 'मनासिनक्कारे' से साल 2003 में साउथ इंडस्ट्री में कदम रखा था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट हुई थी। लोग इन्हें बॉलीवुड में सबसे ज्यादा चार्ज लेनेवाली हीरोइन भी बताते हैं। नयनतारा एक फिल्म के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, नयनतारा 200 करोड़ की मालकिन हैं। साथ ही उनके पास एक प्राइवेट जेट भी है, जिसकी कीमत 50 करोड़ के आसपास है। साल 2018 में फोर्ब्स इंडिया की सेलिब्रिटी 100 की सूची में शामिल होने वाली एकमात्र साउथ एक्ट्रेस हैं। इनका रहन-सहन बेहद आलिशान है। बहुत शानदार तरीके से ये जीवन जीती हैं। फिल्म 'विस्मयाथुमबाथू' के करने के बाद नयनतारा तमिल सिनेमा और तेलुगू सिनेमा से अलग हो गईं। साल 2005 में उन्होंने अय्या फिल्म से शुरुआत की और इंडस्ट्री में जोरदार वापसी की। नयनतारा को लेडी सुपरस्टार के नाम से भी जाना जाता है। अबतक 20 साल में इन्होंने 80 फिल्मों में काम किया है। फिल्म 'श्री राम राज्यम' में सीता के लिये उन्होनें सर्वश्रेष्ठ तेलुगू अभिनेत्री का फिल्म फेयर अवार्ड जीता था। मालूम हो कि बॉलीवुड में कई एक्ट्रेसेस हैं, जिनका फीस करोड़ों में होता है। इनमें दीपिका, कैटरीना का नाम सबसे पहले आता है। इसके बाद साउथ एक्ट्रेस सामंथा और रश्मिका का नाम भी जुड़ गया।

# नेहा धूपिया ने बच्चों संग बिताए खूबसूरत लम्हों को किया साझा


हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया ने अपने बच्चों मेहर और गुरिक के साथ 'एमटीवी रोडीज' के सेट पर बिताए खूबसूरत लम्हों का एक वीडियो साझा किया, जिसने उनके फैंस का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि नेहा की बेटी मेहर दौड़ते हुए उनकी तरफ आती है और नेहा उसे प्यार से गोद में उठा लेती हैं। इसके बाद वह अपने बेटे गुरिक को भी गोद में लेकर दुलार करती हैं। इस खास वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷हमारी बच्ची मेहर और बेटा गुरिक एमटीवी रोडीज के बेहतरीन सेट पर आए।÷ उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि आपके बच्चे आपके सबसे बड़े चीयरलीडर हैं। वीडियो में गायक माइल्स स्मिथ के लोकप्रिय गाने 'नाइस टू मीट यू' को बैकग्राउंड में जोड़ा गया है, जो इस प्यारे पल को और भी खूबसूरत बना रहा है।





नेहा धूपिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने पति अंगद बेदी और बच्चों के साथ बिताए गए खूबसूरत पलों को फैंस के साथ साझा करती हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपनी बेटी मेहर और पति अंगद बेदी का एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने पिता और बेटी के रिश्ते को सबसे प्यारा बताया था। इस वीडियो के जरिए उन्होंने लिखा कि दुनिया की सबसे खूबसूरत प्रेम कहानियां पिता और बेटी की होती हैं। इसके अलावा, हाल ही में नेहा ने अपने पति अंगद बेदी के 42वें जन्मदिन पर एक खास पोस्ट साझा की थी। इस पोस्ट में उन्होंने अंगद को मजाकिया अंदाज में फोन से दूर रहने की सलाह दी थी, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया। नेहा और अंगद ने साल 2018 में शादी की थी और अब वे दो बच्चों मेहर और गुरिक के माता-पिता हैं। नेहा धूपिया ने यह साबित कर दिया है कि एक सफल अभिनेत्री होने के साथ-साथ वह एक बेहतरीन मां भी हैं, जो अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद अपने परिवार को पूरा समय देती हैं। उनके द्वारा साझा किए गए ये प्यारे पल न केवल उनके फैंस के दिलों को छू जाते हैं, बल्कि यह भी दिखाते हैं कि माता-पिता और बच्चों के बीच का प्यार कितना अनमोल होता है। बता दें कि नेहा धूपिया अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बीच बेहतरीन संतुलन बनाने के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने परिवार के साथ बिताए खास पलों को साझा करती रहती हैं।

# रमजान पर सना खान का रौनक-ए-रमजान



फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह चुकीं सना खान अब रमजान के पाक महीने में एक खास शो लेकर आ रही हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए बताया कि उनका यह शो 'रौनक-ए-रमजान' यूट्यूब चैनल पर प्रसारित होगा। सना ने इस शो को अपना पुराना सपना बताया, जो अब पूरा होने जा रहा है। सना खान ने एक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए कहा कि रमजान उनके दिल के बेहद करीब रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेहरी की खामोशी, इफ्तार की रोशनी और मस्जिद में बिताए सुकून भरे पल मेरे लिए हमेशा खास रहे हैं। इस शो के जरिए वह इस्लाम की शिक्षाओं और रमजान की खासियतों पर चर्चा करेंगी। गौरतलब है कि सना खान ने 2020 में ग्लैमर वर्ल्ड को छोड़कर इस्लाम के रास्ते पर चलने का फैसला किया था। हालांकि, वह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और इस्लाम से जुड़ी अच्छी बातें अपने फैंस के साथ साझा करती हैं। उनके नए शो से उम्मीद है कि यह दर्शकों के लिए रमजान का अनुभव और भी खास बना देगा।

# अक्षय और ट्विंकल का घर किसी आलीशान होटल से कम नहीं

बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना बॉलीवुड इंडस्ट्री के बेहद पॉपुलर कपल है। अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना मुंबई जुहू के सी-फेसिंग लग्जरी घर में अपने बच्चों के साथ रहते हैं। उनके इस घर में सुविधा की हर चीज मौजूद है। ये कपल कई बार अपने घर के अंदर की झलक फैंस को दिखा चुका है। आइए आज आपको अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के घर की इनसाइड फोटोज दिखाते हैं। अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना किसी आलीशान होटल से कम नहीं है। बताया जाता है कि इस कपल के घर की कीमत 80 करोड़ रुपये है। अक्षय कुमार के घर में गार्डन वाला एरिया काफी खूबसूरत है। ये कपल इस गार्डन एरिया में बैठकर अपना समय बिताते हैं।अक्षय कुमार के घर में गार्डन में झूले भी लगे हैं। उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना अक्सर यहां पर बैठकर अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं।ट्विंकल खन्ना अब एक राइटर हैं और कई किताब लिख चुकी हैं। ट्विंकल खन्ना का घर का ये कोना किताबों से भर हुआ है।

अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के घर का बेडरूम काफी प्यारा है। उनके घर के इंटीरियर से लेकर फर्नीचर तक काफी खूबसूरत है। ट्विंकल खन्ना ने अपने घर में अपने काम करने की जगह फैंस को दिखाई। वो अपने राइटिंग वर्क यहां पर करती हैं। अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के घर की खूबसूरती देखकर फैंस बार-बार निहारते हैं। दोनों के घर की तस्वीरें अक्सर वायरल होती हैं। बता दें कि अक्षय कुमार जहां फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं, वहीं ट्विंकल खन्ना ने एक्टिंग को अलविदा कहकर राइटर बन गई हैं।

# निया शर्मा ने दिया मां को खास सरप्राइज़

टेलीविजन अभिनेत्री निया शर्मा ने अपनी मां के जन्मदिन पर उन्हें एक खास तोहफा दिया। उन्होंने अपनी मां को एक शानदार बर्थडे ब्रंच पर ले जाकर उनका दिन और भी यादगार बना दिया। निया और उनकी मां जब शहर में बाहर निकलीं, तो उनकी स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक ने सभी का ध्यान खींच लिया। निया ने अपने इंस्टाग्राम पर इस खास दिन की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें केक काटने, शानदार खाने और मां-बेटी के खूबसूरत पलों को कैद किया गया। तस्वीरों में दोनों के बीच का अटूट प्यार साफ नजर आ रहा था। निया हमेशा से अपनी मां के बेहद करीब रही हैं और इस खास मौके को उन्होंने पूरी तरह से एंजॉय किया। इसके अलावा, निया ने मनोरंजन उद्योग में सच्ची दोस्ती बनाने की मुश्किलों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि व्यस्त शेड्यूल के कारण नए दोस्त बनाना आसान नहीं होता। निया ने यह भी बताया कि वह सोशल मीडिया पर समय बिताना पसंद करती हैं, लेकिन स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखती हैं। उन्होंने कहा कि आजकल मनोरंजन के कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे स्क्रीन से बाहर भी शानदार अनुभव मिल सकते हैं।

# बडी विनम्रता से मिका सिंह का 50 लाख का तोहफा वापस किया शाहरुख ने

हाल ही में मशहूर गायक मिका सिंह ने बॉलीवुड के किंग शाहरुख़ ख़ान से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया, जिससे यह साबित होता है कि शाहरुख़ सिर्फ एक सुपरस्टार ही नहीं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

एक इंटरव्यू में मिका सिंह ने बताया कि जब उनकी पहली बार शाहरुख़ से मुलाकात हुई, तो वह उनकी शख्सियत से बेहद प्रभावित हुए। इस मुलाकात के दौरान मिका ने शाहरुख़ को 50 लाख रुपये की एक महंगी हीरे की अंगूठी गिफ्ट कर दी। मिका का कहना था कि उन्होंने यह अंगूठी बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और पंजाबी गायक गुरदास मान को भी दी थी और उन्हें लगा कि शाहरुख़ भी इसके हकदार हैं। हालांकि, अगली ही सुबह शाहरुख़ ने मिका को फोन किया और बड़ी विनम्रता से उनसे यह अंगूठी वापस लेने को कहा। शाहरुख़ ने कहा कि यह बहुत महंगी है और वह इसे नहीं रख सकते।



मिका इस बात से काफी प्रभावित हुए और इस घटना के बाद दोनों की दोस्ती और गहरी हो गई। मिका ने बताया कि एक बार उनकी कार फिल्म सेट पर खड़ी थी और शाहरुख़ को वह इतनी पसंद आई कि उन्होंने उसे ले लिया और तीन महीने तक अपने पास रखा। मिका को इससे कोई आपत्ति नहीं थी, बल्कि उन्हें यह बात अच्छी लगी कि उनकी कार को किंग खान ने इस्तेमाल किया। मिका ने एक और दिलचस्प घटना का जिक्र करते हुए बताया कि जब वह ऋतिक रोशन के जन्मदिन की पार्टी में शामिल हुए, तो वहां शाहरुख़, गौरी खान और रणवीर सिंह भी मौजूद थे।

पार्टी खत्म होने के बाद सुबह 5 बजे जब सभी बाहर आए, तो शाहरुख़ ने सभी को एक ही कार में चलने को कहा। मिका की कार में जगह कम थी, इसलिए रणवीर सिंह को ट्रंक में बैठना पड़ा। सबसे दिलचस्प बात यह थी कि शाहरुख़ ने खुद कार ड्राइव की और सबको उनके घर तक छोड़ा। फिलहाल, शाहरुख़ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें वह पहली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बता दें कि शाहरुख़ ख़ान अपनी फिल्मों के अलावा अपनी विनम्रता और उदार स्वभाव के लिए भी मशहूर हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई किस्से हैं जब उन्होंने अपनी सादगी से लोगों का दिल जीता है।

# विनीत कुमार हर किरदार को बना देते है जीवंत

अपनी नवीनतम फिल्म सुपरबॉयज़ ऑफ़ मालेगांव के जरिए बॉलीवुड अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह हर किरदार को अपने अभिनय कौशल से जीवंत बना देते हैं। विनीत की अदाकारी की खासियत यह है कि वह अपने किरदार में पूरी तरह से ढल जाते हैं और उसे वास्तविकता का अहसास कराते हैं। फिल्म में उनके दमदार प्रदर्शन को आलोचकों और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म में विनीत ने फ़रोग नामक एक भावुक लेखक की भूमिका निभाई है, जिसका सपना अपनी लेखनी के जरिए एक अलग पहचान बनाना है। उनके इस किरदार को लेकर समीक्षकों ने उन्हें 'फिल्मकारों और लेखकों की आवाज' तक कह दिया। कई समीक्षाओं में विनीत को पावरफुल परफॉर्मर बताया गया है, जो हर बार अपने किरदार को एक नया आयाम देते हैं। इससे पहले, विनीत को छावा में कवि कलश के रूप में शानदार अभिनय के लिए भी सराहा गया था।



वहीं, गुंजन सक्सेना में उन्होंने फ्लाइट कमांडर दिलीप सिंह का किरदार निभाया था, जो नेगेटिव शेड्स लिए हुए था, लेकिन उनकी परफॉर्मेंस ने दर्शकों को प्रभावित किया था। विनीत का किरदार फ़रोग उनके वास्तविक जीवन से काफी मेल खाता है। एक संघर्षशील लेखक की भूमिका निभाते हुए उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया। फ़रोग की कहानी एक ऐसे लेखक की है, जो अपनी काबिलियत और मेहनत के बावजूद पहचान के लिए संघर्ष करता है। विनीत के इस किरदार ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया है और यही कारण है कि उन्हें इस फिल्म में उनके बेहतरीन अभिनय के लिए खूब सराहा जा रहा है।

# आलिया भट्ट का बड़ा फैसला

बॉलीवुड के स्टार कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा अब सबकी चहेती बन चुकी हैं। उनके गोल-मटोल चेहरे और नीली आंखों ने सभी का दिल जीत लिया है, लेकिन अब शायद फैंस को उनकी झलक देखने का मौका न मिले। आलिया भट्ट ने अपनी बेटी को मीडिया की नजरों से दूर रखने का बड़ा फैसला लिया है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम से उन सभी तस्वीरों को हटा दिया है, जिनमें राहा का चेहरा नजर आता था। उनकी प्रोफाइल पर अब सिर्फ वही तस्वीरें बची हैं, जिनमें राहा का चेहरा नहीं दिख रहा। यहां तक कि जामनगर वेडिंग और पेरिस ट्रिप से जुड़ी तस्वीरें भी डिलीट कर दी गई हैं। नए साल पर शेयर किए गए फोटो एलबम में भी राहा का चेहरा छुपा हुआ था। हाल ही में एक वीडियो में आलिया पपराजी से बात करती नजर आईं, जहां उन्होंने कैमरे बंद करने के लिए कहा। कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने मीडिया से राहा की तस्वीरें न क्लिक करने की अपील की होगी।



## ब्रीफ न्यूज

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 5 मार्च को

**अशोकनगर।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 05 मार्च 2025 को सायं 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### ई-ऑफिस कार्यप्रणाली का विभागवार प्रशिक्षण कल से

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली का विभागवार प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट कार्यालय अशोकनगर में 05 मार्च से विभागवार दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण 28 मार्च 2025 तक संचालित होगा। यह प्रशिक्षण समस्त कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय के कर्मचारियों को दिलाना सुनिश्चित करेंगें।

### अशोकनगर में 15 साल की किशोरी ने खाया जहर

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के सहसूदी गांव में एक किशोरी की जहर खाने से मौत हो गई। सुखभान यादव की 15 वर्षीय बेटी सोनम ने रविवार शाम को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर खाने के बाद सोनम की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। किशोरी ने किन कारणों से जहर खाया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। सोमवार को शव का पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### शराब के लिये रूपये नही देने पर की थी मारपीट, जेल

**खरगोन।** शराब के रुपए नही देने पर ट्रेक्टर चालक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। पैरवीकर्ता अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 22 नवम्बर 2019 को दोपहर में बादामसिंह चौहान अपनी पत्नी गिरजाबाई के साथ अपने घर से बडगांव में जा रहा था। इसी दौरान करीब 03.50 बजे बडगांव निवासी लखन पिता शोभाराम ने उसका रास्ता रोका और गालिया देते हुए शराब पीने के लिए रूपये मांगे। बादामसिंह ने विरोध किया तो लखन अपने घर से दराता उठाकर लाया और बादामसिंह को मारा, जो बादामसिंह के सिर पर लगा एवं लखन ने पत्थर फेंककर मारा जो सीने पर लगा था। बादामसिंह के शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हो गए, जिस पर लखन वहां से भाग गया और जाते.जाते जान से खत्म करने की धमकी दे गया।

### लापरवाह वाहन चालक को 6 माह का कारावास

**खरगोन।** बाईक सवार को लापरवाहीपूर्वक पिकअप वाहन चलाते हुए टक्कर मारने के मामले में न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर पिकअप चालक को 6 माह के कारावास से दंडित किया है। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी संतोष कराले ने बताया की 03 जुलाई 2022 को पीड़ित के रिश्तेदार ने थाना सनावद में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध करायी कि शाम के समय उसका जीजा आनंद डयुटी कर मोटरसायकल पर सवार होकर भीकनगांव से सनावद वापस आ रहा था।

# कुबेरेश्वर धाम ने इस क्षेत्र को दी है नई धार्मिक पहचानः मुख्यमंत्री डॉ यादव

सत्ता सुधार ■ सीहोर



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज कुबेरेश्वर धाम सीहोर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने व्यास पीठ का पंजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन-मृत्यु व्यक्ति के हाथ में नहीं है, लेकिन संत धर्म की राह दिखाकर सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर व्यक्ति के जीवन को सार्थक बनाते हैं। धार्मिक, सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में संतों और गुरुओं की सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था और भक्ति जागृत कर उनका धार्मिक, आध्यात्मिक उत्थान कर रहे है। उन्होंने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा भोपाल के निकट सीहोर में कुबेरेश्वर धाम की स्थापना कर इस क्षेत्र को एक नई धार्मिक पहचान दी है। उन्होंने कहा कि दुनियां के दो सौ से अधिक देशों में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और सबसे बड़े देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज कुंभ में गंगा स्नान कर पूरी दुनिया को देश की सनातन संस्कृति के प्रति देशवासियों की अटूट आस्था का संदेश दिया है। प्रदेश सरकार को सभी संतो का मार्गदर्शन मिला रहा है। समय-समय पर हम और हमारी सरकार उनसे कई अवसरों पर विचार-विमर्श भी करते है। उन्होंने कहा कि संतो से हमें सरकार चलाने का आत्मबल मिलता है जिससे हम अधिक मजर्बती के साथ प्रदेश के विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेशभर में गौशालाओं का निर्माण किया है और गौशालाओं में गौमाता के लिए प्राकृतिक परिवेश उपलब्ध करा रहे हैं। गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गौ-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सत्र है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय, विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर, पिछड़ावर्ग अयोग के सदस्य सीताराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, एसडीएम तन्मय वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंश मेवाड़ा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# गांव पहुंचने पर कावेरी का हुआ जोरदार स्वागत, सिंगाजी में परिजनों ने किया तुलादान

## इंदिरा सागर बांध के बैक वाटर में नाव चला कर तैराकी सिखने वाली कावेरी बनी नेवी में ऑफिसर

### हौसले बुलंद हो तो सफलता मिलती है पिता का कर्ज दूर कर कावेरी ने 50 से अधिक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मेडल जीत खंडवा का नाम रोशन किया

सत्ता सुधार ■ खंडवा




जिले में हर विधा में प्रतिभाओं की कमी नहीं है प्रतिभाएं अपने हुनर के माध्यम से लगातार आगे बढ़कर खंडवा का नाम देश-विदेश में रोशन कर रही है, गरीबी में पिता का कर्ज उतारने के लिए नाव चला कर मछली पकड़ने वाली कावेरी तैराकी विदेशी खेल केनोइंग में इतना परिपक्व हुई की देश और अंतरराष्ट्रीय के कई मेडल प्राप्त कर इंडियन नेवी में सिंगाजी महाराज के आशीर्वाद से कावेरी का सिलेक्शन हो गया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नेवी में सिलेक्शन होने के बाद जब अपने गांव पहुंची तो गांव वालों ने जोरदार स्वागत किया खंडवा में बने इंदिरा सागर बांध के बैकवॉटर में अपने पिता का कर्ज उतारने के लिए नाव चला कर मछली पकड़ने वाली कावेरी ढीमर इंडियन नेवी में सेलेक्ट होकर पहली बार अपने घर लौटी तो गांव वालों ने उसका जोरदार स्वागत किया, शादी कावेरी अपने परिवार के साथ हाथों में निशान लेकर सिंगाजी दर्शन करने पहुंची जहां उसका तुलादान किया गया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दरअसल बांध के पानी देख वाटर में कावेरी को नाव चलाते देख तत्कालीन स्पोर्ट्स ऑफिसर ने उसे कैनोइंग गेम्स में ट्रेनिंग लेने के लिए वाटर स्पोर्ट अकादमी भोपाल पहुंचा दिया । उसके बाद कावेरी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कैनोइंग गेम्स में उसने नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर 45 से ज्यादा मेडल जीते। पिछले साल स्पोर्ट्स कोटे में उसका इंडियन नेवी में सिलेक्शन हो गया। नेवी में सिलेक्ट होने के बाद पहली बार वह अपने गांव पहुंची थी।खंडवा जिले के सिंगाजी गांव में नाव चला कर पिता के साथ मछली पकड़ने वाली कावेरी डिमर की कहानी 2016 में शुरू हुई। खंडवा जिले के तत्कालीन स्पोर्ट्स ऑफिसर जोसेफ बक्सला ने उसे नाव चलाते हुए पहली बार देखा तो कावेरी और उसकी दो अन्य बहनों को वाटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल में भेज दिया। भोपाल अकादमी में विदेशी खेल कैनोइंग में कावेरी ने महारत हासिल की। सुनील जैन ने बताया कि कावेरी ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई।कावेरी ने एशियन चैंपियनशीप थाइलैंड में ब्रांज मेडल, एशियन गेम चाइना, वर्ल्ड चैंपियनशीप जर्मनी, एशियन चैंपियनशीप एंड ओलंपिक क्वालिफायर जापन, एशियन चैंपियनशीप उजबिकीस्तान, यू-23 एशियन चैंपियनशीप थाईलेंड में भी हिस्सा लिया। नेशनल चैंपियनशीप में 45 गोल्ड, 6 सिल्वर व 3 ब्रांज मेडल जीते। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उसे 11 लाख रुपए का इनाम दिया था। कावेरी का बचपन गरीबी में बीता। यही नहीं पिता के बिछाए जाल से मछलियां भी बिनती थी । पिता का 40 हजार रुपए का कर्ज उतारने के लिए कावेरी बैकवाटर में नाव चलाने लगी। पिता रात में जाल बिछाते तीनों बहनें सुबह जाकर जाल से मछली निकालती और ठेकेदार को दें आती। ऐसा रोजाना कर उन्होंने पिता का कर्ज उतारने में मदद की। छोटी सी उम्र में न सिर्फ अपने पिता के कर्ज को दूर किया, बल्कि परिवार का पालन पोषण भी किया। नाव चलाने में महारत हासिल होने के कारण ही वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल में उसका चयन हो गया। इंडियन नेवी ज्वाइन करने के बाद पहली बार जब बेटी घर लौटी तो माता-पिता को यकीन नहीं हो रहा था कि उनकी बेटी इस मुकाम पर पहुंच गई। माता-पिता ने बेटी को तिलक लगाकर सम्मान किया ग्रामीणों ने भी कावेरी की कामयाबी पर बधाई दी और सम्मान भी किया। मां ने कहा बेटी ने हमारा कर्ज उतार दिया तो पिता ने कहा वह पढ़ाई के साथ-साथ मेरा सहयोग भी करती थी। कावेरी वर्तमान में नेवी के स्पोर्ट्स कोटे के चलते भोपाल में पदस्थ है।

### ग्राम पंचायत जमा खेड़ी में भ्रष्टाचार का अनौखा मामला

## जिसके घरवालों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई वह गांव में मनरेगा के तहत करता रहा मजदूरी




**अशोकनगर।** कांग्रेस सरकार द्वारा गांव से ग्रामीणों का पलायन रोकने, गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने और 1 वर्ष में कम से कम 100 दिनों तक रोजगार देने की गारंटी के तहत महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा, कानून बनाकर लागू की गई थी। लेकिन समय के साथ भ्रष्ट अफसर शाही,राजनेताओं ने इसे भ्रष्टाचार और कमाई का एक और जरिया बना लिया है। और गांव का गरीब जिसके लिए यह योजना बनाई गई थी, वह हाथ मलते रह गया। कुछ इसी तरह का उदाहरण जिले की चंदेरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जमा खेड़ी में सामने आया,जहां सरपंच सचिव रोजगार सहायक ने मनरेगा की राशि को जमकर लूटा,यहां तक की गांव के जिस इंसान की थाने में गुमशुदगी दर्ज थी, उसे भी रोजगार देकर काम से लगा दिया और उसके नाम से राशि निकाल कर अपने जेब भर ली। ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम कैथन जमाखेड़ी निवासी करण सिंह पुत्र माधव सिंह तोमर वर्ष 2018 में गुम हुआ था, उसके परिजनों द्वारा थाना चंदेरी में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई, चंदेरी थाना पुलिस द्वारा दिनांक 11 जून 2018 को गुम इंसान का प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक ने इस बात का लाभ उठाते हुए रोजगार पोर्टल पर उसका नाम चढ़ाकर 16 अप्रैल 2022 से 27 मई 2022 तक ग्राम कैथन में प्राण सिंह यादव के खेत के पास नवीन खेत तालाब में मजदूरी कराई गई। इतना ही नहीं, ग्राम कैथन में दिनांक 20 अगस्त 2022 को भोला भुलाला के पास बौल्डर चेक डैम निर्माण कार्य में लगाया गया। जिसने करीब 52 हजार रुपए की मजदूरी की।

### इनका कहना है

मनरेगा में गुम इंसान करण सिंह की 2 साल की मजदूरी भरी है,जानकारी में परसों के दिन दे दूंगा। तनेजा जी, आपकी पूरी टीम गई थी, तनेजा जी से जानकारी ले लो, मैं एक-एक की कॉल कहां तक अटेंड करूंगा। वर्जन कछु नहीं लगनै, खूब धड़ल्ले से मजदूरी भारी है, वो आदमी हिरानों है, मरो सुन्ना भारी जातै,तेमै वा तो हिराने की भरी है,गलती हमरी हैगी,फाल्ट हैगो, फांसी दिबाओ तो फांसी दिबा दो, फांसी ये तैयार हैं हम। जो वर्जन हैगो हमरो, हमरे दुखी करके तुम्हरे सुखी कबऊं नहीं रहैं। वर्जन मर्जन ये सब चीजें मैं जानथों,आ गई समझ में, जुनेजा जी सै बात कर लेइओ,जो भी है सो, दो पांच हजार रुपैया खर्च पानी ये मिल जाएंगे। परसों के दिना आऊंगो सो मेरो वर्जन मर्जन जो लेने हैं, सो लै लेइओ अबै मैं स्कूल में आओ हों बच्चोंये लैवे।

**जयपाल सिंह यादव, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत जमा खेड़ी, जनपद पंचायत चंदेरी।**

मुझे जानकारी नहीं है, कैसे क्या हुआ, उस समय आदिवासी सरपंच था। और जयपाल ही पंचायत चलाता रहता था।

**रामकृष्ण लोधी, सरपंच ग्राम पंचायत जमा खेड़ी जनपद ईसागढ़ जिला अशोकनगर।**

# बीएसआई पर जारी टी-20 क्रिकेट मैच का फाइनल

सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर खेली गई स्व. संतोष पांडे स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रविवार को विस्फोटक बल्लेबाज हितेश केसरिया की 59 गेंद पर 9 चौके से सजी 73 रन की अर्दशतकीय पारी और अमित शर्मा चार विकेट और चेतन मेवाड़ा तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत डीसीए ने यंग स्टार की टीम को 26 रन के अंतर से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा आयोजन समिति के चेतन मेवाड़ा और मनोज दीक्षित मामा और पांडे परिवार आदि ने पुरस्कार वितरण किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए के सलामी बल्लेबाज हितेश केसरिया ने 59 गेंद पर नौ चौकों की सहायता से 73 रन और आशीष शर्मा ने 36 गेंद पर 41 रन की साझेदारी से एक मजबूत शुरूआत की थी। इसके अलावा हेमंत केसरिया ने 15 गेंद पर 34 रन का सहयोग किया। डीसीए ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 174 रन बनाए। इधर यंग स्टार की ओर से गेंदबाजी करते हुए नीरज मेहरा ने 4 ओवर में 44 रन देकर 2 विकेट, नासिर खान-छोर्ट ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग स्टार की पंरी टीम 19.4 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। इसमें नीरज मेहरा ने 47 गेंद पर 63 रन, छोर्ट खान ने 26 रन और संजय पेशवानी ने 13 रन की संघर्षपर्ण पारियों खेली। वहीं डीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए चेतन मेवाड़ा ने 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट, अमित शर्मा ने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट और महेन्द्र सिंह ने 3 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

### करीला धाम में रंगपंचमी पर लगेगा मेला

# कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ की बैठक श्रद्धालुओं की सुविधा रखने के निर्देश दिए

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



वार्षिक मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मेला तैयारियों की समीक्षा बैठक की। कलेक्टर द्विवेदी ने बताया कि 4 मार्च को ग्वालियर संभाग आयुक्त और आईजी करीला धाम का दौरा करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। मंदिर परिसर में दर्शन व्यवस्था सुगम बनाई जाए। मेले में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। वाहन पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त बिजली, लाउडस्पीकर और सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। मेला स्थल के साथ जिला अस्पताल अशोकनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगावली और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने बताया कि मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। वाहनों की सघन चेकिंग होगी और बिना परमिट व ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व श्रवण दिवस पर श्रवण बाधित शिविर एवं जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीरज छारी के मार्गदर्शन में 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस पर राष्ट्रीय बाधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में श्रवण बाधित शिविर एवं जागरूकता रैली निकाली गई। उक्त शिविर में सिविल सर्जन डॉ डीके भार्गव द्वारा श्रावण बाधित रोगियों को देखभाल एवं श्रावण संबंधित जानकारी दी गई । शिविर में डॉबीएल टैगोर द्वारा कान, नाक, गाला के 51 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही दो बच्चों की माइनर सर्जरी की गई। शिविर में आरबीएसके जिला समन्वयक एवं शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र डीईआईसी के प्रबंधक डॉ सौरभ शर्मा, ऑडियोलॉजिस्ट विवेक सोनी उपस्थित रहे।

**जेसीआई खंडवा का राज्यस्तरीय साइलेंट सैल्यूट कार्यक्रम**

# खंडवा जेसीआई क्लब द्वारा यातायात आरक्षको का सम्मान

सत्ता सुधार ■ खंडवा



जेसीआई क्लब द्वारा राज्य स्तर पर सेल्युट साइलेंट स्टार कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मान करते हुए मुख्य अतिथि अनिल बाहेती ने कहा की बारिश गर्मी और ठंड की बिना फिक्र किये अपने समय से यातायात को सु व्यवस्थित रखने वाले,पुलिस आरक्षकों का सम्मान दुर्घटनाओं को रोकने का सम्मान है यातायात को व्यवस्थित करने का सम्मान है समय को बचाने का सम्मान है अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहा कि हमें गर्व है कि हम ऐसे साइलेंट समाजसेवियों का सम्मान कर रहे हैं। मनन सोनी ने कहा कि खंडवा जेसीआई हर फील्ड में काम करता है, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि वर्षो से जेसीआई क्लब समाज सेवा के साथ राष्ट्रीय मिशन के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान कर सतत सेवा कार्य कर रहा है, राज्य स्तरीय साइलेंट सेल्यूट कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को पुलिस आरक्षको का सम्मान जेसीआई क्लब के अनिल बाहेती,अध्यक्ष सुजाता मोरे ,सचिव प्रिंस जिंदल, डॉक्टर मेघा प्रजापति ,मनन सोनी, अनिरुद्ध राजावत ने किया, नागेश वालजंकर और ज्योति वालंजकर ने कहां कि ऐसे सम्मान से करने वालों का मनोबल बढ़ता है, इस अवसर पर उन्हें गमले एवं पौधे भेंट किये गए,सचिव प्रिंस जिंदल ने कहा कि आप हमेशा पौधों के जैसे हरे भरे रहें उनसे हमें प्राण वायु मिलती रहे, कार्यक्रम में डीएसपी यातायात आनंद सोहनी यातायात टीआई देवेंद्र परिहार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

**सत्ता न्यूज** संयुक्त किसान मोर्चा ने समर्थन मूल्य पर पंजीयन में सहकारी बैंक की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

# मुख्यमंत्री ने नाम नायाब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



संयुक्त किसान मोर्चा, अशोकनगर ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर समर्थन मूल्य पर फसल पंजीयन के लिए सहकारी बैंक में खाता खोलने की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की है। ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम नायाब तहसीलदार शंभू सिंह मीणा को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा गया , जिसमें किसानों को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया। संयुक्त किसान मोर्चा के संरक्षक जसदेव सिंह ने बताया कि अशोकनगर जिले सहित पूरे प्रदेश में समर्थन मूल्य पर फसल पंजीयन के दौरान किसानों को जबरन सहकारी बैंक में खाता खोलने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जबकि अधिकांश किसानों के पहले से अन्य बैंकों में खाते मौजूद हैं। इसके बावजूद उन्हें नया खाता खोलने के लिए विवश किया जा रहा है, जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### ये हैं प्रमुख समस्याएँ:

अनावश्यक दस्तावेजी कार्य और समय की बर्बादी– जिन किसानों के पहले से अन्य बैंकों में खाते हैं, उन्हें दोबारा खाता खुलवाने के लिए दस्तावेजी प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। नकद निकासी की समस्या– सहकारी बैंकों में निकासी की सीमा कम होने के कारण किसानों को अपने ही पैसे निकालने में कठिनाई हो रही है। बैंकिंग सुविधाओं की कमी– सहकारी बैंकों की शाखाएँ सीमित होने से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। भुगतान प्रक्रिया में विलंब– सहकारी बैंकों की धीमी कार्यप्रणाली के कारण किसानों को उनके भुगतान समय पर नहीं मिल पा रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने माँग की है कि किसानों को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, ग्रामीण बैंक या निजी बैंक के खाते का उपयोग करने की अनुमति दी जाए और सहकारी बैंक में खाता खोलने की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त किया जाए। इस अवसर पर मोर्चा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और प्रशासन से इस विषय पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। इस दौरान संयुक्त किसान मोर्चा के जसदेव सिंह, जसपाल सिंह, राजिद अहमद, अजय रघुवंशी, कृष्णपाल यादव, रणवीर राही, शिवम यादव, हरवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान संगठनों के सदस्य मौजूद थे।

# विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देखी छावा फिल्म




**अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व सांसद डॉक्टर केपी यादव के साथ छावा फिल्म देखी। यह फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज और संभाजी महाराज के संघर्ष को दिखाया गया है। इसमें स्वराज्य की स्थापना और मातृभूमि के लिए उनके समर्पण की कहानी है। फिल्म में औरंगजेब की क्रूर सत्ता के खिलाफ संभाजी महाराज के अडिग प्रतिरोध को भी दर्शाया गया है। इस दौरान प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा कि यह सिर्फ मराठा इतिहास नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज की अस्मिता और संघर्ष की कहानी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे मुगलों की करतूतों को देखकर अपने अंदर राष्ट्रभक्ति जगाएं।

## ब्रीफ न्यूज

### ड्रग माफिया से कनेक्शन के आरोप में सिपाही गिरफ्तार

**इंदौर।** तेजाजी नगर पुलिस ने आजाद नगर थाने के सिपाही लखन गुप्ता को गिरफ्तार किया है। सिपाही पर आजाद नगर क्षेत्र को नशे का गढ़ बनाने का आरोप है। सिपाही को पैडलर शाहरुख उर्फ पेट्रोल की निशानदेही पर पकड़ा है। मामले की जांच तीन आईपीएस अफसरों की निगरानी में चल रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून) अमित सिंह के मुताबिक आईपीएस करणदीप सिंह की टीम ने 26 फरवरी को आरोपित मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शाहरुख उर्फ पेट्रोल (आजाद नगर) और विजय पाटीदार (मंदसौर) को कस्तूरबा ग्राम रोड से दो करोड़ रुपये कीमती एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में शाहरुख ने आजाद नगर थाने में पदस्थ सिपाही लखन का नाम कबूला और बताया वह मंदसौर के ड्रग माफिया से सस्ती ड्रग्स खरीद कर आजाद नगर में सप्लाई करता है। उसने यह भी बताया कि सिपाही का संरक्षण प्राप्त है और उसके बदले मोटी रकम दी जाती है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और आरोपित के कथनों के आधार पर लखन को गिरफ्तार कर हवालात में बंद कर दिया।

**वारंट के बहाने बुलाया और वर्दी उतार ली:** केस की जांच जोन-1 के डीसीपी विनोद कुमार मीणा की देखरेख में चल रही थी। शनिवार दोपहर डीसीपी ने सीपी संतोष कुमार सिंह को साक्ष्य दिखाए और लखन की गिरफ्तारी की अनुमति ले ली। शनिवार रात कांबिंग गश्त के लिए आजाद नगर थाने में पुलिस बल एकत्र किया गया। आजाद नगर थाना प्रभारी आदित्य सिंघारिया ने लखन को वारंट के बहाने थाने बुलाया और गिरफ्तार कर लिया। हवालात में डालने के पहले उसकी वर्दी उतार ली गई। हालांकि लखन ने गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि उसके खिलाफ साजिश हुई है।

### रोजगार मेले में 3 हजार युवाओं को नौकरी दिलाने की योजना

**इंदौर।** बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के लिए आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार में विशाल रोजगार मेला लगेगा। इसके माध्यम से जिले के 3,000 से ज्यादा युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी। पी.एस. मंडलोई, डिप्टी डायरेक्टर, रोजगार ने बताया कि रोजगार मेले में आवेदकों को नौकरी दिलाने के साथ-साथ उन युवाओं को भी मार्गदर्शन दिया जाएगा, जो स्वयं का उद्योग या व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। इसके अलावा, उन्हें लोन प्रक्रिया की जानकारी देकर उनके लोन प्रकरण भी तैयार कराए जाएंगे। यह मेला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केंद्र, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। मेले में 18 से 40 साल तक के आवेदक शामिल हो सकते हैं। इनके पास कक्षा 8वीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट किसी भी विषय में पास और तकनीकी योग्यता जैसे आईटीआई के प्रमाणपत्र होना चाहिए। रोजगार मेले में शामिल होने वाले आवेदकों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों, बायोडाटा, आधार कार्ड, समग्र आईडी आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो कॉपियां साथ लानी होंगी।

इस परियोजना से यातायात होगा सुगम, ईंधन की भी होगी बचत

# एबी रोड के चौराहों को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में किया विकसित

सत्ता सुधार ■ इंदौर

नगर निगम ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर के प्रमुख मार्ग एबी रोड पर स्थित विभिन्न चौराहों को आईटीएमएस सिंक्रोनाइज्ड ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिससे नगर के ट्रैफिक को ज्यादा सुगम और व्यवस्थित बनाया जा सके। स्कीम नंबर 78 चौराहे से लेकर नवलखा चौराहे तक के प्रमुख चौराहों को इस योजना में शामिल किए गए हैं। इस पहल के तहत ट्रैफिक को एक साथ समन्वित किया है, जिससे वाहन चालकों को निर्धारित गति में चलने पर बिना किसी अवरोध के कॉरिडोर के प्रत्येक चौराहे पर ग्रीन सिग्नल मिल



सकेगा। इससे न केवल ट्रैवल में लगने वाला समय कम होगा बल्कि ईंधन की भी बचत होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी।

### ग्रीन कॉरिडोर से यह होगा फायदा

- सभी चौराहों पर समन्वित सिग्नल प्रणाली लागू की गई है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।
- वाहन चालक बिना बार-बार रुकावट के एकल प्रवाह में ट्रैवल कर सकेंगे।
- ईंधन और समय की बचत होगी, जिससे वाहन चालकों को सीधा फायदा मिलेगा।
- वायु प्रदूषण में कमी आएगी, जिससे शहर की हवा अधिक स्वच्छ होगी।

### लोगों को मिलेगी सुविधा

इस परियोजना के तहत मॉडर्न इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग किया गया है, जो ट्रैफिक लाइट्स को एक निश्चित समयानुसार सिंक्रोनाइज्ड करता है। इसके माध्यम से शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गति को सुचारू रूप से बनाए रखने में सहायता मिलेगी। इंदौर नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट टीम द्वारा यह पहल शहरवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए की गई है।

### इन चौराहों को किया शामिल

स्कीम नंबर 78, रसोमा चौराहा, एम.आर. 9 चौराहा, इंडस्ट्री हाउस चौराहा, गिटार चौराहा, पलासिया चौराहा, गीता भवन चौराहा, शिवाजी वाटिका चौराहा, जीपीओ चौराहा, इंदिरा प्रतिमा चौराहा, नवलखा चौराहा को को आईटीएमएस तकनीक से जोड़ते हुए ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण किया गया है।

# हाजी कॉलोनी में 5 हजार स्क्वेयर फीट का अवैध निर्माण तोड़ा

निगम की टीम पूरे दल-बल के साथ पहुंची और कार्रवाई की

सत्ता सुधार ■ इंदौर

खजराना में सोमवार को नगर निगम के अमले ने 5 हजार स्क्वेयर फीट पर बना अवैध निर्माण तोड़ दिया। निगम की टीम पूरे दलबल के साथ यहां पहुंची और कार्रवाई की। कार्रवाई के पूर्व टीम ने रास्ते पर जेसीबी लगाकर रास्ता भी बंद कर दिया गया। ये पूरी कार्रवाई नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई। जोन क्रमांक 19 के वार्ड क्रमांक 38 खजराना क्षेत्र के जुबेर पिता सलीम भाई और अन्य ने 12 हाजी कॉलोनी बड़ा मदरसे के सामने खजराना में लगभग 5 हजार स्क्वेयर फीट प्लाट पर तीन मंजिला बिल्डिंग निर्माणाधीन थी। उस अवैध निर्माण के काम को रोकने के लिए और अवैध निर्माण हटाने के लिए निगम ने नोटिस जारी किए थे, इसके बाद भी अवैध निर्माणकर्ता ने न तो निर्माण रोका गया और ना ही अवैध निर्माण हटाया। इस पर आयुक्त वर्मा के निर्देश पर कार्रवाई की। अपर आयुक्त लता अग्रवाल ने



बताया कमर्शियल बिल्डिंग बनाई जा रही थी, जिसकी परमिशन नहीं ली गई थी। कमिश्नर को शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।

### तीन पोकलेन और जेसीबी लेकर पहुंची टीम

सोमवार को नगर निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए तीन पोकलेन मशीन, जेसीबी और दलबल के साथ यहां पहुंची। टीम ने जेसीबी लगाकर रास्ते बंद कर दिए और कार्रवाई शुरू की। टीम ने यहां हाजी कॉलोनी में बेसमेंट जी प्लस टू का अवैध निर्माण काम को जमींदोज कर दिया। इस दौरान अपर आयुक्त लता अग्रवाल, जोन अधिकारी और भवन अधिकारी प्रभात तिवारी, रिमूवल प्रभारी अश्विनी बबलू कल्याण, रिमूवल की टीम और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### निपानिया में बिना परमिशन के अवैध निर्माण को हटाया

जोन 22 वार्ड क्रमांक 36 में निपानिया स्थित तान्या रिजॉर्ट पर बिना परमिशन के अवैध निर्माण करने पर आज रिमूव्हल कार्रवाई की गई। इसकी शिकायत निगम आयुक्त शिवम वर्मा को कुछ दिनों पहले मिली थी। इस पर सख्त एक्शन लेते हुए, निगम आयुक्त के निर्देश पर आज जोन क्रमांक 22 झोनल अधिकारी व भवन अधिकारी शिवराजसिंह यादव ने तान्या रिजॉर्ट खसरा नंबर 31/3, 31/4, 31/7, 31/9 में बिना सक्षम स्वीकृति के 1 लाख वर्ग फीट से अधिक स्थान पर निर्मित क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, रेस्टोरेंट, टर्फ, कवर्ड बैडमिंटन कोर्ट व अन्य अवैध निर्माण होने पर रिमूव्हल कार्यवाही करते हुए, अवैध निर्माण को हटाया गया।

# रामसर साइट का दर्जा मिले सिरपुर तालाब में उग आई जलकुंभी



सत्ता सुधार ■ इंदौर

सिरपुर तालाब को रामसर साइट का दर्जा मिला है। यहां विदेशी परिंदे ठंड के दिनों में आते है और प्राकृतिक रुप से भी यह समृद्ध है। जिसके चलते इसे रामसर साइट घोषित किया गया। पूरे विश्व में 64 लोकेशन ही इसमें शामिल है, लेकिन रखरखाव की अनदेखी के चलते तालाब में जलकुंभी उग आई है। छोटे तालाब के आधे हिस्से में यहीं हाल है। इसके अलावा आसपास की बस्तियों को प्रदूषित जल भी तालाब में मिल रहा है। होलकर काल में बने सिरपुर तालाब को सहेजने की बात हमेशा नगर निगम करता आ रहा है। इस तालाब के पिछले हिस्से में काफी अतिक्रमण हो चुका है और किनारे पर ही निर्माण होने लगे है। दो माह पहले नगर निगम ने तालाब के पिछले हिस्से 20 से ज्यादा अवैध निर्माण हटाए। दरअसल तालाब के चारों तरफ बाउंड्रीवाल नहीं है। इसके अलावा तालाब में मछलियों का अवैध शिकार भी करने के लिए लोग आ जाते है।

### वैज्ञानियों की सहमति के बाद मिला दर्जा

सिरपुर तालाब को रामसर साइट का दर्जा वैज्ञानिकों की सहमति के बाद मिला। एक टीम तालाब का सर्वे करने आई थी। तालाब के ईको सिस्टम, तालाब में पाई जाने वाली मछलियों की प्रजाति, तालाब के आसपास पाए जाने वाले परिंदों की प्रजाति, तालाब की बायोडायवर्सिटी, झील का पर्यावरण में योगदान सहित अन्य मापदंड़ों को वैज्ञानिकों ने परखा और फिर तालाब को रामसार साइट घोषित किया गया था, तालाब में जलकुंभी उगने के कारण तालाब में गंदगी भी ज्यादा फैल रही है।बस्ती का कचरा उड़कर तालाब में आ जाता है। दो साल पहले तालाब की मछलियां भी हजारों की संख्या में मर गई थी।

# छुट्टियों में चलेगी इंदौर-पुणे स्पेशल ट्रेन

सत्ता सुधार ■ इंदौर

रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ग्वालियर-इंदौर-ग्वालियर स्पेशल ट्रेन का दोनों दिशाओं में 13-13 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। ग्वालियर इंदौर स्पेशल ट्रेन (01825) तत्काल प्रभाव से 11 मार्च तक और 16 व 17 मार्च को ग्वालियर से दोपहर एक बजे चलकर रात दो बजे इंदौर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में इंदौर-ग्वालियर स्पेशल ट्रेन (01826) तत्काल प्रभाव से 12 मार्च तक और 17 व 18 मार्च को इंदौर शाम सात बजे चलकर अगले दिन सुबह 10.15 बजे ग्वालियर पहुंचेगी।

गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों की घोषणा शुरू कर दी है। रतलाम मंडल से होकर चार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसमें इंदौर-पुणे स्पेशल ट्रेन भी शामिल है। यह ट्रेन पांच मार्च से 25 जून तक प्रति बुधवार इंदौर से शुरू होकर अगले दिन पुणे पहुंचेगी।




वर्तमान में इंदौर-पुणे के बीच दो ही नियमित ट्रेनें हैं। इस स्पेशल ट्रेन की बुकिंग भी शुरू हो गई है। इंदौर-पुणे के बीच इंदौर-दौंड और लिंगमपल्ली हमसफर ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसमें लिंगमपल्ली एक्सप्रेस प्रति शनिवार को रवाना होती है।

### वेटिंग कम करने चलेंगी स्पेशल ट्रेन

वहीं इंदौर-दौंड का संचालन रोज होता है, लेकिन दोनों में हमेशा लंबी वेटिंग रहती है। इसी वेटिंग को कम करने के लिए ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। इंदौर-पुणे-इंदौर स्पेशल (09324) पांच मार्च से 25 जून तक इंदौर से प्रति बुधवार सुबह 11.15 बजे चलेगी। यह देवास 11.50 बजे, उज्जैन 12.40 बजे, नागदा 13.57 बजे व रतलाम 14.35 बजे पहुंचेगी। ट्रेन प्रति गुरुवार रात 3.10 बजे पुणे पहुंचेगी। वापसी में पुणे-इंदौर स्पेशल (09323) छह मार्च से 26 जून तक पुणे से प्रति गुरुवार को सुबह 5.10 बजे चलेगी। ट्रेन रतलाम 8.30 बजे, नागदा 9.10, उज्जैन 10.05, देवास 11 और इंदौर रेलवे स्टेशन पर 11.55 बजे पहुंचेगी।

### गार्ड ने सेल्समैन पर चलाई गोली

**इंदौर।** सपना-संगीता स्थित तनिष्क शोरूम में एक गार्ड ने सेल्समैन पर गोली चला दी। इस घटना के बाद पुलिस ने रात में ही आरोपी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि गार्ड का सोते हुए वीडियो सेल्समैन ने शोरूम के ग्रुप में भेज दिया था, जिससे सुपरवाइजर ने उसे फटकार लगाई थी। इसी बात से नाराज होकर गार्ड ने इस वारदात को अंजाम दिया। भंवरकुआं पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी गार्ड प्रमोद पांडे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने तनिष्क शोरूम में कार्यरत सेल्समैन संजय जगताप (49) निवासी प्रगति नगर पर गोली चलाई थी। गोलीकांड में संजय के हाथ, पेट, सीने और हथेलियों पर छर्रे लगे हैं, हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। गोली शोरूम के शटर को आर-पार करते हुए निकल गई। पुलिस ने गार्ड की बंदूक जब्त कर ली है और उसके लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासन की पहल से भिक्षावृत्ति छोड़ 62 बच्चे जाने लगे स्कूल

सत्ता सुधार ■ इंदौर

माता-पिता की मजबूरी के कारण सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर बच्चे अब भीख नहीं मांगना चाहते। वे स्वेच्छा से महिला एवं बाल विकास विभाग की मदद से स्कूल चलो अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। अब तक तीन क्षेत्रों के लगभग 62 बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराने के साथ जिला प्रशासन की टीम ने स्कूल यूनिफार्म और किताबें भी दिलवाई है। यह अभिनव पहल रंग लाने लगी और कलेक्टर की मदद मिलते ही न केवल बच्चे खुद माता-पिता को समझाइश दे रहे हैं, बल्कि भीख मांगने और मंगवाने वालों का विरोध भी कर रहे हैं। भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के अंतर्गत पीपल्याहाना कांकड़ के 18 बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया गया। अभियान प्रभारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के अंतर्गत दल को



जानकारी प्राप्त हुई थी कि स्कीम नंबर 140 में लगने वाली चौपाटी में कई बच्चे पास की बस्ती से आकर भिक्षावृत्ति करते हैं या गुब्बारे बेचते हैं। दल के अधिकारी मिश्रा द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया के निर्देश पर सर्वे कराया गया, जिसमें 18 बच्चे ऐसे पाए गए, जो किसी न किसी कारण से स्कूल नहीं जा रहे हैं। कुछ बच्चे डॉक्यूमेंट की कमी की वजह से और कुछ बच्चे भिक्षावृत्ति एवं अन्य बाल श्रम में नियोजित होने के कारण स्कूल नहीं जा रहे हैं। ऐसे बच्चों को कलेक्टर के निर्देश अनुसार बिचौली मर्दाना की प्राथमिक शाला में प्रवेश दिलाया गया है । इन बच्चों के लिए पानी की बोतल, स्कूल बैग, यूनिफॉर्म की व्यवस्था भी दल द्वारा की गई है।

**पालकों को रोजगार दिला रहे:** पूर्व भिक्षवृत्ति उन्मूलन दल द्वारा अहीरखेड़ी में रहने वाले ऐसे परिवार, जो भिक्षावृत्ति में संलग्न थे, के 30 बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया गया था। अभियान के अंतर्गत न केवल बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराया जा रहा है। बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी रोजगार की व्यवस्था कराई जा रही है और भिक्षावृत्ति करने वाले परिवारों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

**अभियान** युवकों का आरोप है कि पुलिस ने न केवल उनके साथ अभद्रता की, बल्कि थाने में उनके साथ मारपीट भी की

# पुलिस चेकिंग में युवकों से मारपीट का आरोप

सत्ता सुधार ■ इंदौर

खजराना थाने में पुलिसकर्मियों और युवकों के बीच विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। घटना रविवार रात की है, जब एक कार में युवक-युवतियों की चेकिंग के दौरान दो युवक नशे में पाए गए। युवकों ने पुलिस से युवतियों को घर भेजने की मांग की, लेकिन महिला पुलिसकर्मी मौजूद न होने के बावजूद सभी को थाने भेज दिया गया।

युवकों का आरोप है कि पुलिस ने न केवल उनके साथ अभद्रता की, बल्कि थाने में उनके साथ मारपीट भी की। शशांक पांडे ने बताया कि जब वह अपने जबलपुर से आए चार दोस्तों और दो युवतियों के साथ कार में थे, तब चेकिंग



के दौरान पुलिस ने उन्हें रोका। उन्होंने खुद शराब नहीं पी थी और गाड़ी चला रहे थे, जो ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में भी साफ हो गया। बावजूद इसके, पुलिस ने उनके दोस्त अरुण पांडे की जांच की, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने चालान बनाकर शशांक से हस्ताक्षर करवा लिए।

### महिला कांस्टेबल नहीं थी, फिर भी युवतियों को भेजा थाने

शशांक के मुताबिक, पुलिस ने चालान बना दिया था, तब भी उन्होंने कोई आपत्ति नहीं जताई। लेकिन जब उन्होंने अनुरोध किया कि युवतियों को टैक्सी आने तक कार में बैठने दिया जाए, तो पुलिस ने उनकी बात नहीं मानी और महिला पुलिसकर्मी मौजूद न होने के बावजूद सभी को थाने भेज दिया। थाने में युवकों को परिसर में बैठाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उन्हें जबरन बाहर निकालने की कोशिश की, जिस पर विवाद हो गया। शशांक का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। उन्हें लड़कियों को लेकर जबरन बाहर खड़ा होने को कहा गया, जिसके चलते वे पूरी रात परेशान होते रहे और सुबह 4 बजे घर पहुंचे।

टीआई मनोज सेंधव ने बताया जिस परिस्थिति में चालान बनाया गया, उसमें कार चला रहा युवक नशे में था। वहीं, युवक-युवती तीन घंटे से ज्यादा समय तक थाना परिसर में बैठे बातें कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें थाने से जाने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने खुद ही विवाद किया और वीडियो बनाना शुरू कर दिया। डीसीपी जोन-2 अभिनव विश्वकर्मा ने कहा कि यदि गलत चालानी कार्रवाई की गई है और थाना परिसर में युवकों के साथ अभद्रता या मारपीट हुई है, तो इसकी जांच कर संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# रालामंडल में जंगली जानवरों का तेजी से बढ़ रहा कुनबा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

जू के बाद अब रालामंडल से खुशखबर है। यहां जंगली जानवरों का कुनबा बढ़कर 1000 से ज्यादा हो गया है। डियर सफारी एरिया में पर्यटकों को चीतल, सांभर, कृष्णमृग के झुंड आसानी से नजर आ जाते हैं। इनकी संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। डियर सफारी का एरिया हिरण प्रजाति के लिए अभी पर्याप्त है या नहीं? वर्चस्व के लिए संघर्ष की स्थिति तो नहीं बन रही। वास्तव में इनकी संख्या कितनी है, भोजन, पानी की किल्लत तो नहीं हो रही, ऐसे तमाम सवालों के लिए डियर सफारी, एनिमल जोन में जंगली जानवरों का सर्वे होगा।

247 हेक्टेयर के रालामंडल अभयारण्य में चीतल, सांभर, कृष्णमृग, नीलगाय का कुनबा तेजी से बढ़ता जा रहा है। 15 से 20 की संख्या में इनके झुंड आसानी से नजर आ जाते हैं। रालामंडल अधीक्षक के मुताबिक अभयारण्य में पीने के पानी की 12 महीने पर्याप्त व्यवस्था रहती है। जून से दिसंबर तक बारिश का पानी एनिमल जोन के विभिन्न कुंडों में भरा रहता है। वहीं जनवरी से मई तक बोरिंग, टैंकर के जरिए पानी भरा जाता है। इसके अलावा घास, अरहर और कुछ जगह भुट्टे भी लगे हुए हैं। जंगली जानवरों के शिकार की भी कोई गुंजाइश नहीं है।

ब्रीफ न्यूज

## अपराधियों और पुलिस की मिली भगत को लेकर पार्षद पुत्र ने पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के सुभाष नगर इलाके में 26 फरवरी को महिला पार्षद के पुत्र पर बंदूक से हुए जानलेवा हमले का मामला तो दर्ज हो गया, लेकिन अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और बलपूर्वक धमकी देकर राजीनामा करने के लिए दबाव बना रहे हैं। पार्षद के पुत्र ने मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर पर भी मिली भगत का आरोप लगाया है और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रदीप यादव पुत्र केदार सिंह यादव निवासी सुभाष नगर ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक समीर सौरव को ज्ञापन देकर बताया कि 26 फरवरी को जान से मारने की नीयत से शिव सिंह यादव एवं सौरव यादव द्वारा लाईसेंसी बन्दूक से फायर किए गए और वह बाल-बाल बच गया। पुलिस अधीक्षक निवास का घेराव करने के पश्चात मामला दर्ज हुआ। उक्त प्रकरण में अभी तक आरोपीगण के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई है और प्रकरण की जांच कर रहे ऋषि कुमार शर्मा सब इन्सपेक्टर आरोपीगण के पक्ष में होकर विवेचना में प्रकरण की सही स्थिति अंकित नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में न्याय मिलने की आशा नहीं है और अपराधीगण को बल मिल रहा है। अपराधीगण आये दिन प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से धमकी देकर प्रताड़ित कर रहे हैं तथा बलपूर्वक राजीनामा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। धमकियां दे रहे हैं कि तुझे मोहल्ले में नहीं रहने देंगे अगर तूने रिपोर्ट वापिस नहीं ली तो तुझे व तेरे परिवार को जान से मारकर खत्म कर देंगे, जिससे पीड़ित पार्षद पुत्र एवं उसका परिवार काफी भयभीत है। प्रदीप यादव ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि प्रकरण में उक्त वर्णित लोगों के विरूद्ध किसी वरिष्ठ एवं निष्पक्ष अधिकारी से जांच कराई जाकर इनके लाईसेंसी बन्दूक व पिस्टल, रिवॉल्वर को बरामद करते हुए आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।


## सिलायथा गाँव ध्रुव सिंह हत्याकांड में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने सिलायथा गांव में ध्रुव सिंह यादव की हत्या कर फरार हुए आरोपियों में से पुलिस ने रामसेवक पुत्र रघुनाथ शर्मा को चांदपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया तो वहीं दूसरे आरोपी श्यामू उर्फ श्याम सुंदर शर्मा को रविवार की देर शाम सिकरौदा नहर से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि रामसेवक शर्मा चांदपुर में अपने रिश्तेदार रमाशंकर उपाध्याय के यहां छिपा हुआ था और पुलिस ने सियाराम बाबा मंदिर पर छापा मारकर उक्त आरोपी को पकड़ा। अभी इस मामले में मुख्य आरोपी राकेश शर्मा, मुकेश शर्मा, राजकिशोर शर्मा फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि ध्रुव यादव पुत्र नारायण यादव 45 वर्ष निवासी सिलायथा शुक्रवार की शाम 6:00 बजे के लगभग अपने गोंडा में बैठा हुआ था, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी राकेश शर्मा एवं चार अन्य साथियों ने हथियार से उस पर गोलियां चला दी। गोलियां लगने से ध्रुव यादव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

### सफेद तार वालों पर कार्यवाही का अभाव

# अब गर्मी में चोरी की बिजली से चलेंगे सैकड़ों एसी

### रीडिंग के नाम पर प्रति माह उपभोक्ताओं से की जा रही अवैध वसूली



सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के अंदर विद्युत विभाग द्वारा आए दिन बकाया वसूली के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जिन क्षेत्रों में विद्युत चोरी की जा रही है, उन पर पूरी तरह से लगाम कसने में विद्युत विभाग फैल नजर आ रहा है। अब गर्मियां आरंभ हो चुकी हैं और शहरी क्षेत्र को छोड़कर इंटीरियर में ऐसे हजारों उपभोक्ता हैं, जो चोरी की बिजली से घरों में 4-4 एसी का उपयोग करेंगे। ऐसे उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग कार्रवाई करने में अक्षम नजर आता है, जबकि शहरी आम उपभोक्ताओं पर लगातार उनकी नजर बनी रहती है, क्योंकि वहां से आसानी से उन्हें भुगतान मिल जाता है।

सूत्र बताते हैं कि शहर के इंटीरियर इलाके जैसे कि बायपास रोड, सिद्ध नगर, माधौपुरा, राठौर कॉलोनी, महावीरपुरा, इस्लामपुरा, सिंगल बस्ती, उत्तमपुरा, रामनगर, बड़ोखर, मुड़िया खेड़ा, सुभाष नगर, दुर्गापुरी कॉलोनी, गणेशपुरा, आमपुरा, जौरी गांव, महाराजपुरा सहित अन्य क्षेत्र जो नगर निगम में आते हैं, इनमें जमकर सफेद तार से विद्युत चोरी की जा रही है और जगह-जगह कटिया पड़े हुए हैं, लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी इन क्षेत्रों में जाने से कतराते हैं क्योंकि वहां विवाद हो सकता है और कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। इसलिए इन क्षेत्रों में कार्यवाही का अभाव बना हुआ है, जबकि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का शहरी क्षेत्र पर अधिक ध्यान रहता है। यहां अधिकांश उपभोक्ता नियम अनुसार बिजली का बिल भुगतान कर रहे हैं, यही नहीं ऐसे उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग की पहली नजर रहती है और लगातार उन्हें परेशान किया जाता है। यूं तो गर्मी का मौसम आरंभ हो चुका है और होली पश्चात लोगों के कमरों में लगे एसी आरंभ हो जाएंगे। नगर निगम क्षेत्र के इंटीरियर इलाकों में अगर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गोपनीय जांच करवाएं तो ऐसे हजारों उपभोक्ता सामने आएंगे, जिनके यहां चोरी की बिजली से कई-कई एसी चलाए जाते हैं और चोरी की विद्युत का भरपूर लाभ लिया जाता है, जबकि बाजारों में रहने वाले लोगों को एक एसी चलाना भी भारी पड़ रहा है। इसके अलावा मीटर रीडिंग लेने वाले विद्युत चोरी करवाने में पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। बताया जाता है कि शहरी क्षेत्र में रीडिंग लेने वालों को इलाके बटे हुए हैं और यह रीडिंग वाले कर्मचारी अधिकांश घरों से सेटिंग किए हुए हैं तथा प्रति महीने उनसे अवैध वसूली कर रहे हैं। लोग इस बात के रुपए रीडिंग वालों को देते हैं, ताकि उनका बिल सीमित दायरे में आए और उनको ज्यादा बिल भुगतान न करना पड़े। कुल मिलाकर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी के कारण अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं का जमकर शोषण कर रहे हैं तो वहीं विद्युत विभाग के खजाने को जमकर चूना लगा रहे हैं।

## निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को बिरयानी बनाने से मना करना पड़ा महंगा, अतिक्रमण हटाने पहुंचा अमला



सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर निगम मुरैना में भ्रष्टाचारियो एवं रोबदारी दिखाने वालों की कोई कमी नहीं है और आए दिन एक न एक अनोखा किस्सा सुनने व देखने को मिलता रहता है। अब नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी की बिरियानी चर्चा का विषय बनी हुई है। होटल वाले ने नगर निगम के चुने हुए जनप्रतिनिधि के यहां जाने से मना कर दिया तो तो स्वास्थ्य अधिकारी ने उसे अपना अपमान मानकर दूसरे दिन अतिक्रमण हटाने के लिए पूरा अमला भेज दिया। होटल वाले एवं अतिक्रमण हटाने आए कर्मचारियों के बीच काफी देर तक हुज्जत होती रही।

मामला कुछ ऐसे है कि रविवार की शाम नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री टैगोर द्वारा मदीना होटल के आबिद को कॉल कर कहा गया कि वह चुने हुए जन प्रतिनिधि के बंगले पर 1 किलो बिरयानी बना आए। आबिद ने कहा कि मेरे यहां कोई कर्मचारी नहीं है, जिस पर स्वास्थ्य अधिकारी ने उसे धमकी देते हुए कहा कि इसका परिणाम कल देख लेना और सोमवार को मदीना होटल पर नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी दस्ता अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंच गया। होटल वाले ने उनसे यह भी पूछा कि कल शाम को स्वास्थ्य अधिकारी से हुई बातचीत के कारण ऐसा कर रहे हैं, तो वह मना करते दिखाई दिए, लेकिन होटल मालिक समझ गया कि यह सब स्वास्थ्य अधिकारी का ही कारनामा है। होटल संचालक एवं अतिक्रमण विरोधी दस्ते के बीच काफी देर तक बहस बाजी होती रही और फिर वह चले गए तथा अगले दिन पुनः आने की धमकी भी दे गए। कुल मिलाकर लूट खसोट अभियान हर जगह जारी है। कोई रिश्वत मांग रहा है तो कोई बिरयानी बनवा रहा है। आम जनता की सुनवाई कहीं नहीं हो रही, चारों ओर भ्रष्टाचार दीमक की तरह फैल चुका है।

## मध्यान भोजन बनाने में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें: बीआरसी धाकड़

### स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष सचिवों की बैठक आयोजित



सत्ता सुधार ■ कैलारस

जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस के अंतर्गत सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक एवं मदरसा से संलग्न स्व-सहायता समूह की एक महत्वपूर्ण बैठक जनपद शिक्षा केंद्र के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें बैठक की अध्यक्षता बीआरसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह धाकड़ द्वारा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीआरसी धाकड़ ने कहा कि सभी स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिवों को मध्यान भोजन की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें एवं मीनू अनुसार भोजन नियमित रूप से बनवाएं तथा रसोई घर व वर्तनों की नियमित साफ-सफाई करावें एवं खाद्य सामग्री को ढककर रखें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधित समूह के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी और उस समूह को संबंधित विद्यालय से पृथक भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आप लोग समय-समय पर अपने खाद्यान्न एवं राशि की जानकारी अपने विद्यालय के संस्था प्रधान को देना सुनिश्चित करें, ताकि जानकारी समय सीमा में शासन को भेजी जा सके। प्रतिदिन भोजन को शिक्षकों द्वारा चखा जावे तथा नियमित रूप से बने हुए भोजन का सैंपल टिफिन में रखा जावे, जिससे वरिष्ठ अधिकारियों को निरीक्षण के समय मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का पता लग सके। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता ठीक नहीं पाई जाती है तो संबंधित समूह के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जावेगी। बैठक में प्रमुख रूप से जनशिक्षक नरोत्तम धाकड़ एवं शिक्षक गजाधर प्रसाद धाकड़ ने भी बैठक को संबोधित किया।

## संगठन को मजबूत बनाने और संघर्षों को तेज करने का किया आव्हान

### माकपा की राज्य समिति की बैठक संपन्न

**कैलारस।** माकपा राज्य समिति की दो दिवसीय बैठक राज्य सचिव मंडल सदस्य प्रमोद प्रधान की अध्यक्षता में बहादुर सिंह धाकड़ भवन नहर की पुलिया के पास संपन्न हुई। बैठक में राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने संगठन को मजबूत बनाने और संघर्षों को तेज करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिस पर समिति के सदस्यों ने विचार विमर्श करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। तत्पश्चात संशोधनों के साथ रिपोर्ट सर्वसम्मति से पारित की गई। मीटिंग के दूसरे दिन 3 मार्च को पार्टी की पोलिट ब्यूरो की सदस्या एवं पूर्व सांसद सुभाषिनी अली ने 24 वे पार्टी के महा अधिवेशन के लिए राजनीतिक प्रस्ताव का मसौदा और राजनीतिक कार्यनीतिक लाइन की समीक्षा सदस्यों के बीच में प्रस्तुत की। जिस पर सभी सदस्यों के सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 5 मार्च तक सदस्य अपने सुझाव सीधे भी केंद्रीय कमेटी को भेज सकते हैं। मीटिंग का समापन गर्म जोशी के साथ नारेबाजी करते हुए व सभी राज्य के एवं जिले के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक माहौल में पार्टी संगठन को मजबूत करने जन संगठनों को व्यापक बनाने और संघर्षों को तेज करने के संकल्प को दोहराया। आगामी दिनों में जन मुद्दों पर आंदोलन का दूसरा चरण शुरू करने के बारे में भी निर्णय लए गए।

# निकम्मी सरकार और पर्ची के मुख्यमंत्री की कानून व्यवस्था पूरी तरह फैलः सत्यपाल सिंह

### निवि गांव में फौजी के प्लाट पर कब्जा कर मारपीट करने एवं जिले में बढ़ रहे अपराधों को लेकर कांग्रेस एवं क्षत्रिय समाज ने किया जबरदस्त प्रदर्शन





सत्ता सुधार ■ मुरैना

संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता सत्यपाल सिंह सिकरवार ने कांग्रेस एवं क्षत्रिय समाज द्वारा जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा पुलिस अधिकारियों की लापरवाही को लेकर कहा कि निकम्मी सरकार और पर्ची के मुख्यमंत्री की कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। अपराधियों को सत्ता के लोगों का संरक्षण मिला हुआ है, जिस कारण जिले में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं और आम जनमानस दहशत में है। कांग्रेस एवं क्षत्रिय महासभा के अलावा सर्व समाज के लोगों ने रेस्ट हाउस से विशाल रैली निकालकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और ज्ञापन दिया।

कांग्रेस नेता सत्यपाल सिंह सिकरवार ने ज्ञापन में कहा है कि जिले में आये दिन हो रही लूट, डकैती, गोलीबारी एवं राजनैतिक सरंक्षण में भले एवं सैना में पदस्थ लोगों के भूखण्डों पर कब्जा करने, दुकानों पर सामान लेकर पैसा न देने और फायरिंग कर भय एवं आतंक निर्मित हो रहा है। जिससे सम्पूर्ण जिले में भय और आतंक का माहौल बना हुआ है एवं आये दिन समाचार पत्रों के माध्यम से भी प्रतिदिन लूट, चोरी, भैस चोरी, टेक्टर चोरी आदि के कई मामले देखे गये हैं जिनकी बरामदगी आज दिनाक तक नहीं हो रही है। नगर निगम सीमा एवं शहर के अन्तर्गत खुले प्लाटों पर राजनैतिक संरक्षण प्राप्त अपराधीगण कब्जा कर रहे हैं। पुलिस इन घटनाओं को रोकने में पूर्ण रूप से अक्षम साबित हुई है जो चिंता का विषय है जिससे मुरैना जिले में सभ्रान्त नागरिक एवं आम जनता भय के साये में अपना जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह है। कांग्रेस नेता एवं क्षत्रिय महासभा के साथ अन्य समाज के लोगों ने ज्ञापन में हाल ही में घटित घटनाओं का हवाला देते हुए बताया कि मुरैना नगर के.एस. चौराह पर कुशवाह समाज के मेडीकल स्टोर पर लूटमार कर प्राण घातक हमला किया गया।

देश की सेवा में पदस्थ सुधीर सिह परमार की पत्नी श्रीमती शिवानी परमार एवं सतेन्द्र शर्मा की पत्नी श्रीमती भारती शर्मा के प्लाटों पर कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में प्रार्थियाओं के पतियों द्वारा सेना के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जिला प्रशासन के अधिकारियों को कार्यवाही हेतु पत्र भेजा गया था, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नही की गई,जिसका दुष्परिणाम एक बडी घटना से हुआ जो कि आर.टी.ओ. वेरियल ए.बी. धौलपुर रोड पर महेश सिंह परमार एवं साधू सिंह परमार पर प्लाटों पर कब्जा करने के उद्देश्य से प्राण घातक हमला कर मरणासन्न स्थित में पहुँचाया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व शासकीय अधिवक्ता दीनदयाल शर्मा के ऊपर न्यायालयीन भवन में प्राण घातक हमला किया गया। इसी प्रकार से बागचीनी थाना के अन्तर्गत परिहारों के पुरा पर लगभग 20 लाख रूपये की चोरी का काफी समय होने के बाद भी पुलिस आज दिनांक तक सुराग नहीं लगा पाई है। सतेन्द्र सिंह परमार निवासी धौलपुर चार पहिया वाहन से मुरैना शहर के ऋषि गालव कॉलेज के गेट के सामने रांपी लगाकर 9 लाख 50 हजार रूपये से भरा बेग निकाल लिया, जिसका मुरैना से नूराबाद तक का फुटेज पुलिस को दिये गये, लेकिन आज तक बरामदगी करने में पुलिस अक्षम साबित हुई है।

### प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अधिकारियों के हाथ पांव फूले

सोमवार को क्षत्रिय महासभा एवं कांग्रेस द्वारा आयोजित विशाल रैली एवं प्रदर्शन के चलते पुलिस अधिकारियों के हाथ पांव फूले नजर आए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सुरक्षा में तमाम जवान हथियारों के साथ खड़े कर दिए गए और मुख्य प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया, जिससे स्पष्ट होता है कि पुलिस अधिकारी अपनी नाकामी के कारण जनता का सामना करने की स्थिति में नहीं है।

### अपराधियों पर अंकुश नहीं लगा तो होगा बड़ा आंदोलन, दिखाएंगे काले झंडे

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यपाल सिंह सिकरवार, शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधायक रविंद्र तोमर एवं क्षत्रिय समाज के नेताओं ने एक साथ कहा कि अपराधियों पर शीघ्र अंकुश नहीं लगा तो मुरैना की धरती पर बड़ा आंदोलन होगा। सत्यपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान अधिकारियों पर कंट्रोल नहीं हो रहा तो हम वरिष्ठ अधिकारियों से बात करेंगे और मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। आने वाले समय में मुख्यमंत्री मुरैना की जमीन पर आएंगे तो कांग्रेस पार्टी एवं समाज के लोग उन्हें काले झंडे दिखाने का काम करेंगे।

**सम्मान समारोह** कार्यक्रम की अध्यक्षता जयवीर सिंह जादौन विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई

# प्राचार्य शर्मा ने पूर्ण समर्पित भाव से विद्यालय को सेवाएं प्रदान कीः बीईओ

सत्ता सुधार ■ कैलारस

शासकीय हाई स्कूल कोट सिरथरा विद्यालय सभागार में आर.सी. शर्मा प्राचार्य के सेवानिवृत होने पर उनके सम्मान में संस्था द्वारा एक भव्य विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधेश्याम शर्मा प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उमावि कैलारस, विशिष्ट अतिथि संजीव शुक्ला प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल रीझोनी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयवीर सिंह जादौन विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में संस्था की ओर से साफा, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर समस्त स्टाफद्वारा सेवानिवृत प्राचार्य आर.सी. शर्मा व व्याख्याता डॉ गणेश गुप्ता शाउमा विद्यालय सेमई का सम्मान किया गया। वहीं प्राचार्य आरसी शर्मा का विभिन्न विद्यालयों से पधारे शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों ने भी इनका उपहार भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन



प्रधानाध्यापक फखरुद्दीन खान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य राधेश्याम शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति लगनशील होना चाहिए तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य संजीव शुक्ला ने प्राचार्य आरसी शर्मा के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयवीर सिंह जादौन ने कहा कि आरसी शर्मा कर्तव्यनिष्ठ प्राणी की प्रतिमूर्ति है तथा पूर्ण मनोयोग से उन्होंने अपनी सेवाएं इस विभाग को दी है। सभी शिक्षकों को आज इनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रभारी प्राचार्य संतोष कुमार शाक्य के द्वारा सभी उपस्थित जन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ धर्मेंद्र सिंह धाकड़ बीआरसी, प्राचार्य बृजराज सिंह सिकरवार, रोहिताश बैरागी, संतोष बंसल, धर्मेंद्र शर्मा, छविराम धाकड़, पूर्व बीईओ जालिम सिंह धाकड सहित विभिन्न संस्थाओं से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाएं ग्रामीणजन, अधिकारी कर्मचारी गण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी समस्त स्टाफएवं छात्र एवं छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एफएक्यू, मानक स्तर का गेहूं उपार्जित करें: कलेक्टर

### किसानों के लिए केन्द्र पर छाया, पानी, टायलेट, बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करायें

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु प्रशिक्षण सम्पन्न

**मुरैना।** कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, राजस्व, सहकारिता, पंचायत, खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, वेयर हाउस, पंजीयन संचालक, उपार्जन केन्द्र प्रबंधक, ऑपरेटर, सर्वेयर एवं उपार्जन समिति के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों को भारतीय खाद्य निगम के गुणवत्ता नियंत्रक ग्वालियर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में सभी सहकारी समिति, प्रबंधक ऑपरेटरों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि एफए.क्यू, मानक स्तर का गेहूँ उपार्जित करें। किसानों के लिए केन्द्र पर छाया, पानी, टायलेट, बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

## ब्रीफ न्यूज

### भूसे का हो पर्याप्त भंडारण दिया कलेक्टर को ज्ञापन



**हरदा।** गौ एवं गौशाला उत्थान संघ जिलाध्यक्ष अनिल गीते ने जिले के गौशाला संचालकों के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। उन्होंने जिले से दूसरों जिले एवं प्रदेश में दलालों के माध्यम से भूसा जा रहा है उसे पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। यदि यह परिवहन बन नहीं होता है तो आने वाले समय में हरदा जिले की गौशालाओं में भूसे का पर्याप्त भंडारण नहीं होगा। जिससे गौशालाओं में हजारों गौवंशों को बहुत दिक्कत होगी।

### जिला स्तरीय उत्कृष्ट मॉडल स्कूल की प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को

**हरदा।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट मॉडल स्कूलों एवं संस्कृत आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 9 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र समय पर डाउनलोड करें और निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में सम्मिलित हों। अधिक जानकारी के लिए संबंधित वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

### नगर निगम सभागृह में भाजपा पार्षद दल की बैठक संपन्न पार्षदों द्वारा आजीवन सहयोग निधि जमा कराई गई,

**खंडवा।** रविवार को नगर निगम सभागृह में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्षदों को महापौर एवं पार्टी पदाधिकारी ने मार्गदर्शन प्रदान किया, इस अवसर पर पूरे प्रदेश में चल रहे आजीवन सहयोग निधि समर्पण निधि संग्रहण को लेकर भी चर्चा की गई एवं उपस्थित पार्षदों द्वारा सहयोग निधि जमा करवाई गई, पार्टी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि से पार्टी का आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम चल रहा है,पार्टी के पदाधिकारी के साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता अपनी क्षमता के अनुसार पार्टी को सहयोग निधि प्रदान कर रहे हैं, उल्लेखनीय हे की भाजपा में पार्टी का कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है और कार्यकर्ताओं की बदौलत ही केंद्र के साथ 17 प्रांतो में भाजपा की विकास करने वाली सरकार जनता की सेवा कर रही है, हमें गर्व है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में मौजूद है।

### खंडवा जेसीआई क्लब द्वारा यातायात आरक्षकों का सम्मान

**खंडवा।** जेसीआई क्लब द्वारा राज्य स्तर पर सेल्युट साइलेंट स्टार कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मान करते हुए मुख्य अतिथि अनिल बाहेती ने कहा की बारिश गर्मी और ठंड की बिना फिक्र किये अपने समय से यातायात को सु व्यवस्थित रखने वाले,पुलिस आरक्षकों का सम्मान दुर्घटनाओं को रोकने का सम्मान है यातायात को व्यवस्थित करने का सम्मान है। अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहा कि हमें गर्व है कि हम ऐसे साइलेंट समाजसेवियों का सम्मान कर रहे हैं।

# राज्यमंत्री लोधी ने ग्राम वन समितियों को खाना बनाने की सामग्री और स्कूली छात्रों को किये बेग वितरित

### एक पौधा माँ के नाम किया रोपित, वन समितियों के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री लोधी

सत्ता सुधार ■ दमोह

वनों के संरक्षण एवं विकास हेतु जन-सहयोग प्राप्त करने के लिये राज्य शासन के काष्ठ के विदोहन से प्राप्त होने वाली काष्ठ की बिक्री से प्राप्त राजस्व की 20 प्रतिशत राशि संयुक्त वन प्रबंधन समिति को देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र तेजगढ़ परिसर (सामान्य वन मंडल दमोह) में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मां सरस्वती का पूजन एवं उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। राज्यमंत्री श्री लोधी का स्वागत वन मंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे ने किया। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए एवं ग्राम वन समितियों को




खाना बनाने की सामग्री एवं स्कूली बच्चों को बैग वितरित किये, इसके पश्चात एक पेड़ माँ के नाम का पौधा रोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वनमंडलाधिकारी दमोह ने 20 प्रतिशत राशि लाभांश के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर परिक्षेत्र तेजगढ़ में 20 प्रतिशत लाभांश राशि से ग्राम वन समिति हरदुआ, सांगा, गोरखा, करनपुरा, करौंदी, वंशीपुर, समदई, पटेरिया में ग्राम वन समितियों को खाना बनाने की सामग्री एवं ग्राम वन समिति, गुबरा, घुटरिया, गिदरा, मोहड़ में स्कूली बच्चों को बैग का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन भारत सिंह लोधी ने किया एवं सभी का आभार वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़ नीरज पाण्डेय ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संग्राम सिंह लोधी, भारत सिंह लोधी एवं बेड़ी सिंह सदर, हरिसिंह यादव, प्रेम सिंह, भोजराज जैन, ऋषि दीक्षित, डॉ. अनूप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, राजू दुबे, राजीव बड़ेराय, वेदपाल सिंह, गुलाब सिंह, राजा गुबरा, इन्द्रिय सिंह, देवेंद्र मालगुजार, अखिलेश लोधी, नन्हे भाई, नारायण सिंह, बबलू ठाकुर, खिलान सिंह, नितिन बड़ेराय, शिवम सोनी, सुनील शाह, विनंजय जैन, अनिल विश्वकर्मा, अनिल जैन एवं वन विभाग एवं पुलिस विभाग से उप वन मंडल अधिकारी तेन्दूखेड़ा प्रतीक कुमार दुबे, वन परिक्षेत्र अधिकारी, तेजगढ़ (सामान्य) थाना प्रभारी तेजगढ़ नीरज कुमार पाण्डेय, अभिषेक पटेल, परिक्षेत्र सहायक अर्जुन सिंह मरकाम, चंद्रनारायण चौबे, नेकनारायण खरे, शेख मुख्तार, अय्युब खान, सुनील सेन, वनरक्षक श्री विनोद जैन, मुकेश नामदेव, ललित सुमन, दिनेश गौंड़, सत्यम नायक, हरीश तेकाम, राममनोहर यादव, कृष्ण कुमार अहिरवाल, अरविंद खरे, रवीन्द्र रैकवार, झलकन साहू एवं तेजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण एवं ग्राम वन समिति के अध्यक्ष/सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शहडोल युवा टीम सात वर्षों से जला रहे कंडो की होली



सत्ता सुधार ■ शहडोल

होली का पर्व भारत में धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर रंग, उमंग और खुशियाँ भरपूर होती हैं, लेकिन इसके साथ ही पर्यावरण पर होने वाले नकारात्मक प्रभावों को लेकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। इस दिशा में युवा वर्ग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है और पर्यावरण बचाने के लिए कंडो की होली जलाने का संकल्प लिया है। युवाओं ने एकत्र होकर कंडो की होली जलाने लिया जिससे पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और पारंपरिक तरीके से होली मनाई जा सके।

युवा श्री गौरव मिश्रा ने बताया कि प्रभाकर मिश्रा, किशन कुमार नापित, शिवनाथ द्विवेदी, प्रकाश सेन, रूपेश मिश्रा, अमर सोनी, अजय सोधिया सहित अन्य युवाओं द्वारा होली के पर्व के अवसर पर विगत सात वर्षों से कंडो की होली जला रहे है और कंडो की होली जलाने के लिए दूसरे लोगो को जागरूक एवं शपथ भी दिला रहे है। गौरव मिश्रा का कहना है कि कंडो की होली जलाने का यह कदम न केवल पारंपरिक होली मनाने का तरीका है, बल्कि यह पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं और नागरिकों से यह अपील की जाती है कि वे इस पहल को अपनाएं और रंगों के त्योहार में पर्यावरण को प्राथमिकता दें। इस प्रयास से हम न केवल अपने पर्यावरण को बचा पाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित कर सकेंगे।



### पहले कार्य दिवस की शुरूआत वंदेमातरम गायन से हुई

सत्ता सुधार ■ हरदा

शासन के निर्देशानुसार हर माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत सभी शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त कलेक्टर संजीव कुमार नागू की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम का गोायन किया।

## खंडवा अलीराजपुर रेल मार्ग के सर्वे के साथ क्षेत्र की जनता कर रही है रेल देखने का इंतजार

### फाइनल अंतिम सर्वे मार्च में होगा पूर्ण अप्रैल में बनेगी डीपीआर एस्टीमेट

सत्ता सुधार ■ खंडवा


आजादी के पूर्व से पूर्व एवं पश्चिम निमाड की जनता के साथ जनप्रतिनिधि खंडवा-आलीराजपुर व्हाया खरगोन-बड़वानी रेलमार्ग की मांग करते आ रहे हैं, इस रेल मार्ग के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ ही ताप्ती नर्मदा रेल लाइन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी काफी मेहनत की जिसका परिणाम रहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा खंडवा अलीराजपुर रेल मार्ग के लिए करोड़ों रुपए की राशि अंतिम सर्वे के लिए प्रदान की, जिसका सर्वे कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, समाजसेवी प्रवक्ता समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि अंतिम सर्वे का शुभारंभ अलीराजपुर में रेल अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ था,जो लगातार चल रहा है अंतिम सर्वे का कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात इस रेल लाइन का एस्टीमेट व बजट तैयार होगा और केंद्रीय मंत्रालय द्वारा इसको स्वीकृति प्रदान की जाएगी, रेल मार्ग के लिए आंदोलनरत ताप्ती नर्मदा रेलवे लाइन समिति का प्रतिनिधिमंडल गत दिनों पश्चिम रेलवे के अधिकारियों से मिला, समिति के दामोदर अग्रवाल एवं इंजीनियर राधेश्याम पाटीदार ने बताया कि रेलमार्ग के सर्वे के लिए रेलवे द्वारा तीनरूट तय किए गए थे। बैठक में इन तीनोंरूट पर चर्चा की गई और कम दूरी, कम खर्च, कम वन क्षेत्र व कम पुल-पुलियाओं वाला एक रूट सर्वे के लिए फाइनलकिया गया है। प्रस्तावित रेलमार्ग का फाइनल किया गया रूट करीब 221 किमी लंबा हैऔर प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब तीन हजार करोड़ रुपए बताई जा रही है समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने बताया कि साल 2024-25 के बजट में खंडवा-आलीराजपुर व्हाया खरगोन-बड़वानी रेल मार्ग के सर्वे के लिए केंद्रीय रेल मंत्रालय ने 6.25 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इस ओर पश्चिम रेलवे के अधिकारी तेजी से काम कर रहे हैं।

# गोवंश संरक्षण गोपालन का इतिहास आरम्भिक काल से है : महामण्डलेश्वर

सत्ता सुधार ■ हरदा

आज भारतवर्ष में सर्वत्र मांग उठ रही गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने या कराने की मांग का स्वर भावनात्मक अधिक है परन्तु मेरा मानना यह है कि यह भावनात्मक स्वर संवैधानिक स्वर होकर जितना मुखरित होगा तभी भारत में गोवंश को राजनैतिक संरक्षण और प्रशासनिक न्याय मिल सकेगा। मध्यप्रदेश गो संवर्द्धन बोर्ड के पूर्वाध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि का कहना है कि गाय को सम्पूर्ण गोवंश को राष्ट्रीय स्तर पर संवैधानिक दर्जा मिलना या दिलाना अनिवार्य है। हम सभी का समवेत स्वर यही होना समय की अनिवार्य आवश्यकता है कि स्वतंत्र भारत का संविधान संविधान के अनुच्छेद 48 के माध्यम से यह मंशा रखता है कि भारत में गोवंशों का संरक्षण हो गायों के कत्लखाने बंद हों।

**राष्ट्र माता या राज्य माता का दें संवैधानिक दर्जा** - भारतीय संविधान की इसी मंशा के अनुरूप भारत के सर्वोच्च न्यायालय की सप्त न्यायाधीशों की गठित खण्डपीठ संविधान पीठ ने निर्णय दिया है। भारत में गोवंश के कत्लखानें बंद हों। भारत के अनेक प्रदेशों के उच्च न्यायालयों ने भी अपने



आदेशों और निर्देश भी समय-समय पर जारी किये हैं। इन निर्णयों और निर्देशों के आलोक में राज्य सरकारें गोवंश वध प्रतिशेध अधिनियम पारित करें और सर्व प्रथम तो अपने-अपने राज्य में गो हत्या बंदी कानून बनायें और जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा कानून का सख्ती से पालन करवाना सुनिश्चित करें। फिर आगे गायों को राष्ट्र माता या राज्य माता का संवैधानिक दर्जा दें।

**राज्यों में गोवंश कत्लखाने हों बंद** - गायों को राष्ट्रमाता घोषित कर देने मात्र से गो हत्या बंद नहीं होगी। सबसे पहले गाय को राष्ट्रीय संरक्षणीय प्राणी घोषित करें। पश्चात कानून के द्वारा उसके रक्षण हेतु प्रावधान सुनिश्चित हों और उपलब्ध कानून के क्रियान्वयन सुनिश्चित हैं। प्रशासनिक मशीनरी की जिम्मेदारी सुनिश्चित हो। सड़कों पर उपेक्षित, निराश्रित,भटकते गोवंश को आश्रय दिया जाये, ततपश्चात गो-तस्करों,गो-हत्यारों पर निगरानी रखी जाये,आमनारिकों,गो भक्तों,कृषकों द्वारा गोपालन की नीति निर्धारित हो। केन्द्र सरकार अपनी मांस-निर्यात नीति की समीक्षा करे नीतियों में आवश्यक संशोधन करे,राज्यों में गोवंश के कत्लखाने बंद हों। मांस-निर्यात की नीति के माध्यम से विदेशी मुद्रा के लालच से केन्द्र सरकार परहेज करे। विदेशी मुद्रा अर्जित करने के अनेक दूसरे माध्यम भी हो सकते हैं। देश में गोरक्षा आन्दोलन चलाने वाले संत,महात्मा,पूज्य सनातनधर्मी धमार्चार्य गण गोवंश संरक्षण हेतु केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से अपनी संवैधानिक मांगें तेज और मुखर करें, केवल भावनात्मक बातें गाय राष्ट्रमाता या राज्य माता नहीं होने वाली है।

### गाय के दूध में औषधीय गुण भरपूर

पृथ्वी में जितने प्राणवन्त जीवनधारी जीव हैं वे सब पूर्ण जीवन के अधिकारी हैं तभी तो भारतीय संस्कृति आयुर्वेद शास्त्र ने गाय के दूध,दही,घृत,गोमय गोबर के रस तक्रमठा और गोमूत्र के बहुविध प्रयोगों को उत्तम स्वास्थ्य रक्षण का माध्यम माना है। स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि का कहना है कि वैज्ञानिकों के शोध गोबर और गोमूत्र के सम्बंध में तथा गाय के दूध के औषधीय गुण के सम्बंध में जो हुवे हैं, वे तो सभी को आश्चर्य में डाल देते हैं। समाज शास्त्र ने तो गोवंश को घर का सदस्य महत्त्वपूर्ण घटक माना है। भारतीय घरों की रसोई से निकलने वाली प्रथम रोटी गो- माता की होती है,जिसे गो-ग्रास कहा गया है। ऐतिहासिक दृष्टि से चिंतन करने पर पराधीन भारत में स्वाधीन भारत के आन्दोलन में गोमाता के संरक्षण गोवंश के संरक्षण का भाव ही स्वतंत्र भारत का प्रेरक भाव रहा है। स्वतंत्र भारत में गोवंश संरक्षण की मांग को लेकर सकारात्मक और प्रभावी जनआंदोलन आज समय की मांग है।

## अमलाई में फिर एक घर में सेंध लगाकर चोरी पुरानी चोरी का नहीं हुआ अब तक खुलासा

सत्ता सुधार ■ शहडोल

शहडोल जिले में हर दिन चोरी के मामले सामने आ रहे हैं, पुलिस कुछ मामलों पर खुलासा भी कर रही है लेकिन बड़ी चोरियों पर पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम है। अब एक बार फिर अमलाई थाना क्षेत्र में सेंध लगा कर घर में चोरी की घटना हुई है। जहां से नगद 5 हजार रुपए लेकर चोर फरार हो गए हैं। अमलाई थाना क्षेत्र के अमराडंडी के वार्ड नंबर 8 की रहने वाली महिला जानकी सिंह गोड ने पुलिस को बताया कि वह अपने एक रिश्तेदार के घर गई थी, और घर के दूसरे कमरे में उसकी बहू और परिवार सो रहा था। तभी बीती रात्रि जानकी के घर में सेंध मार कर चोर अंदर घुसा और कमरे में रखा नगद पांच हजार लेकर चोर फरार हो गया। आवाज सुनकर बहू व परिवार के लोग उठे तो दरवाजा बाहर से बंद था, इसके बाद मामले की जानकारी जानकी को दी गई, जानकारी लगने के बाद जानकी अपने रिश्तेदारों के साथ अपने घर पहुंची।और देखा तो उसके कमरे में सेंध लगा कर चोरी हो गई थी।मामले की शिकायत थाने में दर्ज करवाई गई पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज किया। महिला ने बताया कि वह मजदूरी का काम करती है और किसी तरह से धीरे-धीरे कर वह इतनी रकम जोड़कर घर में रखी हुई थी, लेकिन वह चोरी हो गए है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर घटनास्थल का जायजा लिया और कुछ संदेहियों से पूछताछ भी की है। थाना प्रभारी अमलाई जयप्रकाश शर्मा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस मामले पर आरोपी का पता चल गया है, जल्द ही मामले पर पुलिस खुलासा करेगी,चोरी का माल भी बरामद किया गया है। बीते दिनों अमलाई थाना क्षेत्र के नगर में इसी तरह की चोरी की घटना हुई थी जहां सेंध मार कर सोने चांदी के जेवरात व नगद 70 हजार चोरी हुए थे।

### पीसीजी महाविद्यालय में युवा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया,

**खंडवा।** ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण में 28 फरवरी को पूनम चंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय में मध्यप्रदेश राज्य में क्षेत्रीय फ्पी एम आई एस दिवसफ्र मनाया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के तहत युवा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपेश आर उपाध्याय के द्वारा विद्यार्थियों का रोजगार के लिए मार्गदर्शन किया गया और पीएमआईएस एक नई केंद्रीय योजना के बारे में बताया गया जिसकी घोषणा पिछले साल के बजट में की गई थी। कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय इस योजना का कार्यान्वयन करने वाला मंत्रालय है। इस योजना के लिए यू आर एल वाला एक पोर्टल बनाया गया है।

## नशे के विरूद्ध ब्यौहारी पुलिस की बड़ी सफलता, पांच लाख से अधिक की नशीली सामग्री जप्त 01 आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ शहडोल

पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश दिया जा रहा है इसी क्रम में ब्यौहारी पुलिस को नशे के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है। ब्यौहारी पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि संजू गुप्ता उर्फ भइया अपने घर ब्यौहारी में नशीली कफ सिरप एवं टैबलेट अवैध रूप से बिक्री करने के उद्देश्य से रखा है, सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर रेड कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे तो संजू गुप्ता अपने मकान में उपस्थित मिला जिससे पूछताछ की गई तो उसने एक अन्य साथी के साथ मिलकर नशे का




कारोबार करना बताया। आरोपी संजू गुप्ता की घर की तलाशी लेने पर प्रतिबंधित नशीली आनरेक्स कफ सिरप एवं 47,334 नशीली टैबलेट कीमती करीबन 5,00,000 रूपये मिलीं। जिस पर आरोपी संजू उर्फ संजीव कुमार गुप्ता पिता रंगलाल गुप्ता निवासी वार्ड क्र. 14 राम मन्दिर मोहल्ला ब्यौहारी के विरूद्ध एन.डी.पी.एस. एक्ट एवं म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी0 अरूण पाण्डेय के नेतृत्व में उनि0 मोहन पडवार, सउनि0 गया प्रसाद कन्नौजे, प्रआर0 नरेन्द्र उपाध्याय, आर0 संजय द्विवेदी, अमृत यादव, सुखदेव सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, गंगा सागर गुप्ता, त्रिलोक सिंह, मआर0 माधुरी साहू एवं अंजली लोथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**सुनवाई** संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे

# जनसुनवाई में स्वयं उपस्थित रहें, अपने प्रतिनिधियों को न भेजें

सत्ता सुधार ■ हरदा

प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सभी जिला अधिकारी स्वयं उपस्थित रहें, अपने प्रतिनिधियों को न भेजें। यदि अत्यावश्यक कार्य से कहीं जाना हो, तो कलेक्टर से अनुमति लेकर ही जायें। यह निर्देश कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का निराकरण समय सीमा में कराने के निर्देश दिये और कहा कि विभागीय गतिविधियों में सभी अधिकारी अपनी रेंकिंग सुधारें। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को



आशा कार्यकताओं को समय पर मानदेय भुगतान कराने के लिये भी कहा।

**पेयजल योजनाएं माह के अंत तक सौंपें पंचायतों को पूर्ण कर** -कलेक्टर श्री सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निर्माणाधीन सभी पेयजल योजनाओं को इस माह के अंत तक पूर्ण करें तथा संबंधित ग्राम पंचायत को चालू स्थिति में हेण्ड ओवर करें। सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र की पेयजल योजनाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिये। सभी एसडीएम से कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के हितग्राहियों की ई-केवायसी तथा मोबाइल सीडिंग की कार्यवाही शतप्रतिशत पूर्ण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला श्रम अधिकारी को मजदूरों का श्रम पोर्टल के माध्यम से सत्यापन कराने तथा उप संचालक सामाजिक न्याय व जनपद पंचायतों के सीईओ को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की शतप्रतिशत ई-केवायसी कराने के लिये भी कहा। उन्होने उप संचालक कृषि को जिले की सभी मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला चालू कराने के निर्देश दिये।

## दर्दनाक हादसा में दो की मौत



**हरदा।** सोमवार को दोपहर 1 बजे के करीब हरदा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पलासनेर सोयाबीन प्लांट के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जिसमें अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल पर दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। इधर, घटना की जानकारी लगते ही सिविल लाइन थाने के एस.आई. मनीष चौधरी अपने पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा अभी घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को शव वाहन से पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में लग गई है। सिविल लाइन थाना एस.आई. श्री चौधरी ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार के रूप में अशोक और सुशील की पहचान की गई है। ये नगांवा से हरदा आ रहे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 6 मार्च को

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 6 मार्च को प्रातः 10:30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में प्रभारी अधिकारी राहत शाखा/राजस्व आंकिक/स्थापना शाखा/ए.एफ.सी./सी.एम. मानिट/भू अर्जन/नजारत शाखा/न्यायिक शाखा जिला सागर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन, अधीक्षक, भू-अभिलेख, तहसीलदार/अपर तहसीलदार/नायब तहसीलदार (समस्त), ई-गवर्नेंस मैनेजर, प्रबंधक, लोक सेवा प्रबंधन, रीडर टू कलेक्टर/अपर कलेक्टर, कमल सोनी, संभागीय सलाहकार, आर.सी.एम.एस पोर्टल सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित रहेंगे। समीक्षा बैठक में आरसीएमएस प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन, रामंधी प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों की समीक्षा, न्यायालयवार अतिक्रमण के दर्ज, निराकरण एवं अर्थदण्ड वसूली का पत्रक, विशेष राजस्व अभियान, गिरदावरी, वसूली प्रकरण, आबादी सर्वे (स्वामित्व योजना) की समीक्षा, सीएम किसान की प्रगति की समीक्षा, शिकायत सी.एम. हेल्प लाईन./लोक सेवा गारंटी/जनसुनवाई मे प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही व निराकरण की समीक्षा, भू-अर्जन एवं भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा, रजिस्ट्री उपरांत नामान्तरण,पटवारियों की अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर किये गये कार्य की डायरी, कार्यालय कलेक्टर की विभिन्न शाखाओं के द्वारा प्रेषित किये गये पत्रों पर कार्यवाही की समीक्षा आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### लोधी विश्वविद्यालय स्नातक प्रथम वर्ष के नामांकन 3 मार्च से

**सागर।** रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर की स्नातक प्रथम वर्ष नियमित/स्वाध्यायी परीक्षा के परीक्षा फॉर्म भरने एवं नामांकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर घोषित की गई हैं। जिसमें बीए, बीकॉम एवं बीएससी कोर्स के लिए फॉर्म 3 मार्च से 17 मार्च तक तथा विलंब शुल्क के साथ 18 मार्च से 22 मार्च तक भरे जा रहे हैं। विलंब शुल्क 1000 रुपए के साथ परीक्षा आरंभ होने की तिथि से एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकते हैं। किसी भी जानकारी अथवा सहायता के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध है।

### एम.पी. ट्रांस्को के 04 मेंटेनेंस कार्मिक भाग लेंगे

**सागर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 04 मेंटेनेंस कार्मिक भारत पर्यावस केन्द्र दिल्ली में आयोजित लाइनमैन दिवस 2025 में कंपनी का प्रतिनिधत्व करेंगे इसमें राष्ट्रीय स्तर पर पावर सेक्टर के अग्रिम पंक्ति के मेंटेनेंस कार्मिकों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। एम.पी. ट्रांसको के भोपाल से सहायक अभियंता अंकित मेहरोलिया एवं जबलपुर से मेंटेनेंस कर्मी कमलेश कुमार रंजन, इटारसी से दीपक कोरी एवं माहिदपुर से मानसिंह शामिल है।




# शस्त्र ,शास्त्र,सत्य का प्रतीक ही एक क्षत्राणी: अध्यक्ष

**सत्ता सुधार ■ सागर**

क्षत्रिय मातृ मिलन समारोह का आयोजन केसली में हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय महासभा सागर की महिला विंग की अध्यक्ष प्रीति सिंह राजपूत समस्त कार्यकारिणी के पधारी।

आयोजक क्षत्रिय महासभा महिला विंग की महामंत्री अनीता भरत सिंह ने सभी का भव्य स्वागत किया। केसली की समस्त क्षत्रिय मातृ शक्तियों द्वारा अध्यक्ष प्रीति सिंह राजपूत एवं समस्त कार्यकारिणी का फूल माला पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम में संगीता सिंह,अंशु सिंह, अर्चना सिंह,विनीता राजपूत,अंकिता गौर ,नेहा सोलंकी,ऋतु राजपूत,श्रद्धा ठाकुर , सीमा चौहान,भक्ति राजपूत ,साक्षी सिंह , रितुल राजपूत एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों में प्रमिला सिंह,वंदना सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में शस्त्र पूजन करके सभी क्षत्राणियों का हल्दी कुमकुम किया गया।गुलाल लगा कर फाग उत्सव मनाया गया।

# टिकट है तो सफर आसान: भोपाल मंडल का व्यापक टिकट चेकिंग अभियान

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सके।इस किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बीना स्टेशन पर कुल 31 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 46 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 28,490/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 50 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 24,610/- बतौर जुर्माना/किराया वसूला गया।इस प्रकार बीना स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 96 मामलों से कुल रुपये 53,100/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें बताया कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित



**बीना, स्टेशन पर चला अभियान**

टिकट के साथ यात्रा करें। अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतीक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्री ढ्ढक्रञ्जष्ट वेबसाइट/ऐप एवं ञ्जस् ऐप का उपयोग कर स्वयं भी टिकट बुक कर सकते हैं।

# ध्रुव में माता के संस्कार और आशीर्वाद से उन्होंने परमपद प्राप्त किया : हरीश शास्त्री





**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

बीना में राय नगर कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस श्रीधाम वृंदावन से पधारे पंडित हरीश शास्त्री महाराज सती चरित्र के वर्णन करते हुए कहा कि सती ने शिव को पाया, लेकिन जल्द से उनसे विलग होना पड़ा।परमेश्वर के प्रति उनकी आस्था और विश्वास दृढ़ नहीं था। इसलिए उनके मना करने के बावजूद वे पिता के यहां गई और लज्जित होकर उन्हें सती होना पड़ा। बाद में पार्वती के रूप में पुनः जन्म लेकर वे महादेव को मिलीं। ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि माता के संस्कार और आशीर्वाद से उन्होंने परमपद प्राप्त किया।उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।

# किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव तेजी से काम कर रहे: पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह

### किसानों को 5 रुपए में स्थाई बिजली कनेक्शन व सोलर पंप योजना का स्वागत किया

**सागर।** छोटे किसानों को 5 रुपए में बिजली कनेक्शन और लागत मूल्य की सिर्फ 5 प्रतिशत कीमत पर सोलर पंप देने का निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों की आय दोगुनी करने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्राथमिकता के साथ तेजी से काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रविवार को सीएम हाउस में आयोजित किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उक्त दोनों घोषणाएं की हैं। पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्णय अनुसार मध्यप्रदेश के डेढ़ लाख लघु किसानों को मात्र 5 रुपए की रसीद कटाने पर स्थायी बिजली कनेक्शन मिलेगा। अभी इन किसानों को 8500 रु जमा करने पर तीन महीने के लिए बिजली का कनेक्शन मिलता था। उन्होंने कहा कि अब किसानों को कनेक्शन के लिए बार-बार बिजली विभाग के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और इस स्थाई बिजली कनेक्शन के उपभोक्ता किसान का साल भर का बिजली बिल मात्र 7500 रु ही आएगा।

### पूर्व मंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

**सागर।** बीएमसी व जिला चिकित्सालय सागर के मर्जर प्रस्ताव को निरस्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भारतीय मजदूर संघ व जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन द्वारा पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह का अभिनंदन किया गया।ज्ञातव्य है कि पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने नवंबर माह में पूर्व जिला योजना समिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के समक्ष तर्कों सहित यह मामला उठाया था और मर्जर का निर्णय रोकने की मांग की थी।

# जागरूकता व रोग निदान में शिविर प्रतिभाशाली दिव्यांगों को किया गया पुरस्कृत

### 10 डॉक्टरों ने 71 दिव्यांगों को दिया परामर्श

**सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)**

अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा अंजनी समर्थ केंद्र में डीबीएल सोशल वेलफेयर - फाउंडेशन भोपाल के सहयोग से निशुल्क जागरूकता एवं रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक निर्मला सप्रे, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच - रतन सिंह यादव, संतोष सिंह ठाकुर, राजेश सप्रे, भरत कुशवाहा, पूर्व पार्षद कृष्णा कुशवाहा, समाजसेवी इरफान खान एवं शांति कुशवाहा ने - मां सरस्वती जी का पूजन कर किया।इस मौके पर विधायक सप्रे ने कहा कि संस्था द्वारा मानसिक दिव्यांगों की सेवा का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। समर्थ केंद्र की व्यवस्थाओं - को देखकर मुझे प्रसन्नता हुई। संस्था की आवश्यकता अनुसार मैं भी सहयोग करूंगी। दिव्यांगों



की सेवा से भगवान की पूजा के बराबर फल प्राप्त होता है, हमें दिव्यांगों की सेवा करना चाहिए।

### दिव्यांगों का निरामय बीमा किया जा रहा

संस्था संचालक नंदराम कुशवाहा ने बताया संस्था द्वारा मानसिक दिव्यांगों का निरामय बीमा किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष दिव्यांग 1 लाख तक का इलाज करवा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रतिभाशाली दिव्यांगों को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली दिव्यांग पूजा कुशवाहा, भूमि राय, प्रज्ञा अहिरवार, रिया कुशवाहा, कृष्ण अहिरवार को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।उपचार किया व दवाइयां दी गई-शिविर में फिजियो डॉक्टर सोनिया श्रीवास्तव, फिजियो श्रुति चंद्रवंशी, फिजियो नीलेश भंडारिया, फिजियो सूर्यकांत, फिजियो मनीषा सिंह राजपूत सहित 10 डॉक्टरों की टीम के द्वारा 71 दिव्यांगजनों की फिजियोथेरेपी परामर्श एवं निदान किया गया। डॉक्टर आदित्य विक्रम सिंह ठाकुर द्वारा दिव्यांगों का उपचार किया एवं दवाइयां दी गई। कार्यक्रम में राकेश सुमन, बलराम कुशवाहा, शालिनी कुशवाहा, नारायण सिंह, दीक्षा कुशवाहा, संजय पटेल, सरिता कुशवाहा एवं राकेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा खुरई की ओर बढ़ी, अगले साल हरिद्वार में होगा समापन



**बीना(सागर)।** महाशिवरात्रि पर उज्जैन से शुरू हुई 5 कलशीय गायत्री ज्योति यात्रा रविवार को बीना से खुरई की ओर रवाना हुई। यह यात्रा दो दिन पहले शुक्रवार को बीना पहुंची थी। इस दौरान रथ यात्रा ने बिरहना, किर्रावदा,नाही, हिरंछिपा और बारधा गांवों का भ्रमण किया।समिति के एक पदाधिकारी ने बताया कि यात्रा को लेकर मप्र को 5 जो में बांटा गया है। बीना पहुंचने वाली यात्रा टीकमगढ़ से होते हुए आई है। 4 कलश के साथ प्रदेश में अन्य जगह भी यात्रा चल रही है। अगल साल 2026 में यह यात्रा हरिद्वार पहुंचेगी। क्योंकि अगल साल गायत्री शक्तिपीठ का शताब्दी वर्ष है।गायत्री परिवार की इस पहल का उद्देश्य मध्य प्रदेश के हर जिले, हर ब्लॉक और हर गांव तक अपना संदेश पहुंचाना है। यात्रा के दौरान गायत्री यज्ञ और दीप यज्ञों का आयोजन किया गया। इनके माध्यम से स्वावलंबन, व्यसनमुक्ति, ग्राम निर्माण और युवा परिष्कार का संदेश दिया गया।

**लोक अदालत** निगमायुक्त ने नागरिकों से बकाया करों को जमा करने की अपील की, नेशनल लोक अदालत 8 मार्च में को

# नगर निगम के बकाया संपत्तिकर एवं जलकर के अधिभार में मिलेगी छूट

**सत्ता सुधार ■ सागर**

शासन द्वारा 8 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत के तहत नगर निगम के बकाया संपत्तिकरऔर जलकर, उपभोक्ता प्रभार के करों के अधिभार (सरचार्ज) में मात्र एक दिन विशेष छूट प्रदान की जा रही है । इस प्रकार रहेगी अधिभार में छूट-संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रुपए पचास हजार तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 100त्न तक की छूट।संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रुपए पचास हजार से अधिक तथा एक लाख तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 50त्न तक की छूट।संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर तथा अधिभार की राशि रुपए एक लाख



से अधिक बकाया है, पर मात्र अधिभार में 25त्न तक की छूट दी जाएगी।जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमे कर/ उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि रुपए दस हजार तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 100त्न की छूट।जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमे कर/ उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि रुपए दस हजार से अधिक तथा पचास हजार तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 75त्न तक की छूट।जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमे कर/ उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि रुपए पचास हजार से अधिक बकाया है पर मात्र अधिभार में 50त्न की छूट दी जा रही है, और यह छूट मात्र एक दिन ही दी जाएगी ।

**निगम कार्यालय में जमा करे बकाया कर-** निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार 8 मार्च को बकाया निगम करों को जमा करने के लिए निगम कार्यालय के काउंटर खुले रहेंगे ताकि बकाया करदाता अपने बकाया करों को जमा कर अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ ले सकें।

निगमायुक्त ने नागरिकों से की बकाया कर जमा करने की अपील- नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने समस्त निगम के बकाया करदाताओं से 8 मार्च को मात्र एक दिन बकाया संपत्तिकर और जलकर जमा करने पर अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ लेने की अपील की है।नागरिक आनलाइन भुगतान कर सकते हैं- ऑनलाइन भुगतान हेतु पोर्टल की लिंक: https://www.enagarpalika.mp.gov.in/login संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया एवं अन्य करों के भुगतान के लिए एमपी ई नगर पालिका की इस ऐप का उपयोग करें और घर बैठे अपने करों का भुगतान आसानी से करें।

# स्व.कुदऊं लारिया जी के निधन पर आयोजित हुई श्रंद्धाजलि सभा, श्रद्धा सुमन अर्पित किए




**सागर।** सोमवार को नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया के पिता स्व.कुदऊं लारिया जी के निधन पर आयोजित श्रंद्धाजलि सभा में उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि देने वालों में महापौर संगीता तिवारी,सुशील तिवारी,नरेश यादव,संगीता जैन,शैलेंद्र ठाकुर,नवीन भट्ट,राजेश केशरवानी,राजेश सैनी,अनिल अहिरवार उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### भारत के खिलाफ नॉकआउट मैचों में हावी रही है ऑस्ट्रेलिया

**दुबई।** भारतीय टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करेगी। भारतीय टीम ने अब तक इस टूर्नोमेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों ही मैच जीते हैं और वह ग्रुप ए से पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम को सावधान रहना होगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड नॉक आउट मैचों का रिकार्ड खराब रहा है। दोनो ही टीमों के बीच 7 बार आईसीसी नॉकआउट मैचों में मुकाबला हुआ है जिसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 4 मैच जीते हैं जबकि भारतीय टीम 3 मैच जीती है। आईसीसी सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराना भारत ही नहीं अन्य सभी टीमों के लिए बेहद कठिन रहा है। भारतीय टीम को एकदिवसीय विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया से नॉक आउट मुकाबलों में 3 बार हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में वह इस मैच में पुरानी गलतियों से सबक लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। पिछले साल विश्वकप फाइनल में भी भारतीय टीम को उसके खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### वरुण को शामिल करने का रोहित का प्रयोग सफल रहा

**दुबई।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की रणनीति न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में सफल रही। रोहित ने अंतिम समय पर स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया जिसके सामने कीवी बल्लेबाजी धाराशाही हो गये। वरुण ने सबसे अधिक 5 विकेट लिए। वरुण को टीम में जगह देने ही हर्षित राणा तक को बाहर किया गया जबकि राणा ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था। रोहित और कोच गौतम गंभीर मैच से पहले ही जानते थे कि दुबई की पिच पर स्पिनर हावी होंगे। इसी लिए उन्होंने हर्षित राणा को बाहर कर वरुण को टीम में शामिल किया। वरुण की फिरकी को कीवी बल्लेबाज समझ ही नहीं पाये। वह चैंपियंस ट्रॉफी में रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के बाद पांच विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज है। वहीं कुलदीप यादव को दो जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला।

### विराट ने रोनाल्डो के अंदाज में जश्न मनाया

**दुबई।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम लीग मैच में फील्डिंग के दौरान स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अंदाज में जश्न मनाते हुए दिखे। कोहली न्यूजीलैंड की पारी के 8वें ओवर के दौरान ये जश्न मनाते दिखे। रोनाल्डो की तरह ही विराट भी सोशल मीडिया में सबसे ज्याद फैन फौलोइंग वाले क्रिकेटर हैं। रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर 650 मिलियन फॉलोअर्स हैं जबकि विराट के 270 मिलियन फॉलोअर्स हैं। विराट भारत के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति भी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में केवल सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा से ही पीछे हैं।



मैनचेस्टर में फुलहम के फुटबॉलर ब्रैंड लेनो पेनाल्ट बचाने के बाद साथियों के साथ जश्न मानते हुए।

# करुण बोले, टीम इंडिया में जगह नहीं मिलने का कारण चयनकर्ता ही बता सकते हैं

**एजेंसी ■ नागपुर**



घरेलू क्रिकेट में जमकर रन बनाने वाले करुण नायर की लगातर उपेक्षा हुई है। करुण ने पिछले कुछ समय में विदर्भ की ओर से नौवां शतक लगाया है। इसके बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। करुण ने अपने करियर की शुरुआत में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तिहरा शतक भी लगा था।

वहीं जब करुण से टीम में जगह नहीं मिलने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसका जवाब वह नहीं दे सकते। ये गेंद चयनकर्ता ही बता सकते हैं। नायर ने केरल के खिलाफ नाबाद 132 रनों की पारी खेली। नायर का यह मौजूदा रणजी सत्र में चौथा शतक है। उन्होंने अब तक 57.33 की औसत से 860 रन बनाए है। उसने इससे पहले विजय हजारे ट्रॉफी में भी शानदार बल्लेबाजी की थी। उसने विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक और एक अर्धशतक की मदद से 389.50 की औसत से 779 रन बनाये थे। इस क्रिकेटर ने कहा कि वह भारतीय टीम में अपनी वापसी को सभी प्रयास कर रहा है। साथ ही कहा कि मुझे जो भी अवसर मिल रहा है उसमें मुझे अच्छा प्रदर्शन करते रहना होगा। मुझे अपना काम सर्वश्रेष्ठ तरीके से करना है। भारत के लिए छह टेस्ट और दो एकदिवसीय खेल चुके इस क्रिकेटर ने कहा कि मैं इस मैच से पहले इस बारे में बात कर रहा था कि मेरे नाम आठ शतक हैं, अगर मैं एक और बनाऊंगा तो मैं नौ अंक का इशारा करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं बस हमारे कुछ साइडआर्म थ्रोअर में शामिल यश थोराट से बात कर रहा था, जो हमेशा बल्लेबाजी और हर चीज में हमारी मदद करते हैं। मैंने उससे कहा कि अगर मैं शतक बनाऊंगा, तो मैं उसे नौ दिखाऊंगा।

# सेमीफाइनल में पिछली गलतियों से सबक लेकर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

## दोपहर 2.30 बजे से होगा मुकाबला, इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने प्रमुख गेंदबाजों के बिना पहुंची

**एजेंसी ■ दुबई**

भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इसमें जीत दर्ज कर पिछली असफलताओं का हिसाब बराबर करना रहेगा। आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलियाई टीम अधिकतर भारत पर हावी रही है। भारतीय टीम को इससे पहले 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने प्रमुख गेंदबाजों के बिना पहुंची है जिसका लाभ भारतीय टीम को मिल सकता है।



तेज गेंदबाज पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई टीम में नहीं है। कमिंस के नहीं होने टीम की कप्तानी स्वीव स्मिथ के पास है हालांकि इसके बाद भी ऑस्ट्रेलिया को कम नहीं आंका जा सकता। कुछ दिन पहले लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन के लक्ष्य को हासिल करके उसने साबित कर दिया है कि वह आईसीसी टूर्नामेंटों में खतरनाक हो जाती है। भारत को अंतिम बार आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रेलिया पर जीत 2011 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मिली थी। इसके बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 2015 एकदिवीसय विश्व कप सेमीफाइनल और 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में हराया। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2023 में भी भारत को हार का समाना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार भारतीय टीम कोई कमी नहीं छोड़ना चाहेगी। इस बार भारतीय टीम 14 साल की विफलता को दूर करने उतरेगी। भारतीय टीम के पास इस बार अच्छा स्पिन आक्रमण है जिसका सामना कंगारुओं के लिए कठिन होगा। टूर्नामेंट से पहले टीम में वरुण चक्रवर्ती सहित पांच स्पिनरों को शामिल करने के भारतीय टीम के फैसले की काफी आलोचना हुई थी पर दुबई की धीमी पिचों पर अब यह प्रयोग सफल रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिनररों ने कुल 9 विकेट लिए थे हालांकि भारतीय टीम को अगर जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 5 विकेट लेने वाले स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने कहा, 'यहां पिच रैंक टर्नर नहीं है जैसा कि लोग बोल रहे हैं। इससे थोड़ी मदद जरूर मिली है लेकिन आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तो करना ही है। भारतीय स्पिन चौकड़ी चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पास एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर एडम जम्पा है। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैथ्यू शॉर्ट पिंडली की चोट के कारण बाहर हो गए हैं जिससे ऑस्ट्रेलिया के पास से एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प चला गया। भारतीय टीम के बल्लेबाजों विराट कोहली, रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की ये सबसे कठिन परीक्षा होगी, ऑस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट बढ़ने के साथ ही खतरनाक होती जाती है। कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद कहा था, 'यह अच्छा मैच होगा। ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा खेलने का इतिहास रहा है और अब हमें सब कुछ सही करना है। उम्मीद है कि हम ऐसा करने में कामयाब होंगे। भारतीय गेंदबाजों को ट्रेविस हेड और कप्तान स्टीव स्मिथ पर अंकुश लगाना होगा। इसके अलावा भारतीय बल्लेबाजों को जीत के लिए बड़ा स्कोर बनाना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल , हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत , रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**ऑस्ट्रेलिया:-** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा।

# शास्त्री और कुबले बोले, वरुण को लगातार अवसर दिये जाएं



**एजेंसी ■ दुबई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच शास्त्री ने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंस करते हुए कहा है कि वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इसलिए उन्हें लगातार अवसर दिये जाने चाहिये। शास्त्री ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में उसे अंतिम ग्याहर में जगह मिलनी चाहिये। वरुण ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच में 42 रन देकर 5 विकेट लिए। शास्त्री ने कहा, 'मैं उससे काफी प्रभावित हूं। टीम प्रबंधन को पूरे अंक जाते हैं जिसने उसे उतारने का फैसला लिया। बीच के ओवरों में वह विकेट दिलाने वाला गेंदबाज है। यह सही समय है कि उसे मौके दिए जाएं। उसे टीम में शामिल किया तो उसने 5 विकेट ले लिए। उसके मौजूदा फॉर्म और हाव भाव को देखें, उसके आत्मविश्वास और कौशल को देखें। टूर्नामेंट में अब न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका बचे हैं और उन्होंने उसके खिलाफ ज्यादा खेला नहीं है, इसका भी लाभ उसे मिलेगा।

शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसी एकादश को उतारना चाहिए क्योंकि 48 घंटे के भीतर ही खेलना है। स्पिनरों की भूमिका अहम रहने वाली है। वहीं पूर्व कोच अनिल कुंबले ने भी वरूण की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि पिछले एक डेढ साल में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है और वह लगातार मैच जिताता आया है। चाहे तमिलनाडु हो, केकेआर या भारतीय टी20 टीम। उन्होंने कहा, 'अब उसे एकदिवसीय में मौका मिला है और पिच तथा हालात को देखते हुए उसे आगे भी खिलाना चाहिए। भारत को इसी पिच पर खेलना है और उसका चौतरफा स्पिन आक्रमण किसी भी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी करेगा।


# ब्रैडमैन के ये रिकार्ड टूटना असंभव

**एजेंसी ■ सिडनी**

विश्व क्रिकेट में नये-रिकार्ड बनते रहे हैं पर कुछ रिकार्ड ऐसे हैं जो शुरुआत से ही अभी तक कायम हैं और जिनके टूट टूटने की भी संभवना नहीं है। विश्व के महानतम बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने अपने दो दशक के करियर में छाये रहे। उनका 99 के औसत का रिकार्ड आज तक भी बरकरार है और इसके करीब कोई भी बल्लेबाज नहीं पहुंचा है। ब्रैडमैन ने 52 टेस्ट मैचों में 6 हजार से ज्यादा रन बनाये हैं। कोई भी



बल्लेबाज आज तक इसके करीब नहीं पहुंचा है। ब्रैडमैन अपने करियर के अंतिम टेस्ट में शून्य पर ही आउ हो गये। इसी कारण वह 100 रनों का बल्लेबाजी औसत हासिल नहीं कर पाये। ब्रैडमैन के नाम टेस्ट क्रिकेट में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे अधिक शतक लगाने का रिकार्ड दर्ज है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाये हैं। ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 37 टेस्ट में 19 शतक लगाये है। ये उपलब्धि किसी अन्य के नाम नहीं है। वहीं ब्रैडमैन ब्रैडमैन के बाद इस सूची में दूसरा नाम भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का है। गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 शतक लगाये थे। साल 1936-37 में सर डॉन ब्रैडमैन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में सबसे अधिक 810 रन बनाए थे। एक टेस्ट सीरीज में यह किसी कप्तान की ओर से बनाया गया सबसे अधिक रन है। आज तक ये रिकार्ड बरकरार है।



चीन में बहरीन की टिजिस्टा गैसो महिलाओं की मैराथन में फिनिश लाइन पार करने के बाद उत्साहित होती हुई।

**बीसीसीआई** चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल की इनामी राशि के है बराबर

# रणजी ट्रॉफी विजेता विदर्भ को मिले पांच करोड़ रुपये

**एजेंसी ■ मुबंई**

इस बार रणजी ट्रॉफी विजेता रही विदर्भ को पांच करोड़ की इनामी राशि मिली है जबकि पिछले सत्र में ये 2 करोड़ रुपये थी। ये चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीम को मिलने वाली राशि के बराबर है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट को प्रोत्साहित करने के लिए राशि को बढ़ाया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट कर इस बदलाव की जानकारी दी थी, जिसका लक्ष्य घरेलू क्रिकेट को और प्रोत्साहित करना है।

यह राशि घरेलू क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के करीबी लाने की बोर्ड की पहल का हिस्सा है। जहां चैंपियंस ट्रॉफी में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेती हैं, वहीं रणजी ट्रॉफी भारत का शीर्ष स्तर का घरेलू टूर्नामेंट है। इससे पता चलता है कि भारत में क्रिकेट घरेलू स्तर पर अब पहले से कहीं ज्यादा सम्मान और महत्व हासिल कर रहा है। इस प्रकार चैंपियंस ट्रॉफी



के सेमीफाइनल में पहुंचना और रणजी ट्रॉफी जीतना इनाम राशि के मामले में तकरीबन बराबर हो गया है।

इसके पीछे बीसीसीआई का घरेलू क्रिकेट को मजबूत करने का लक्ष्य है। है। इसी के तहत नई इनामी राशि के तहत रणजी ट्रॉफी विजेता का इनाम 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया। वहीं उपविजेता को भी अब 3 करोड़ रुपये मिले हैं जबकि पहले ये 1 करोड़ रुपये थे। वहीं अन्य टूर्नामेंट्स में भी बढ़ोतरी हुई है, जैसे दलीप ट्रॉफी विजेता को अब 1 करोड़ रुपये जबकि पहले 40 लाख रुपये मिलते थे। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी के विजेता को भी 30 लाख रुपये की जगह 1 करोड़ रुपये और सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी विजेता को 50 लाख रुपये मिल रहे हैं जबकि पहले 6 लाख रुपये मिलते थे। बीसीसीआई का यह कदम घरेलू खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी के इस सत्र में कुल इनामी राशि 6.9 मिलियन डॉलर है। ये साल 2017 के संस्करण से 53 फीसदी अधिक है। इसमें विजेता को 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.5 करोड़ रुपये) और उपविजेता को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.78 करोड़ रुपये) मिलेंगे। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली टीम को 560,000 डॉलर यानी करीब 4.89 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी।

### वरुण ने स्टुअर्ट बिन्नी का रिकॉर्ड तोड़ा

**दुबई।** भारतीय टीम के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही वरुण भारतीय टीम की ओर से अपने दूसरे ही एकदिवसीय में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड स्टुअर्ट बिन्नी के नाम पर था। स्टुअर्ट ने साल 2014 में अपने तीसरे ही एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 6 रन देकर 4 विकेट लिए थे। वहीं अब वरुण एकदिवसीय करियर में सबसे कम मैचों के अंदर पांच या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



सत्ता सुधार

इधर, बिजली के पोल पर फॉल्ट दुरुस्त कर रहे संविदा लाइनमैन की करंट से मौत हो जाने के मामले में विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें एक की सेवा समाप्त कर दी गई। वहीं, दो लोगों के निलंबन के साथ एक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल गई है। एसएसओ अवधेश पाल को टर्मिनेट किया गया है। अवर अभियंता करीमुद्दीनपुर उपकेंद्र अशोक कुमार और उपखंड अधिकारी दिलीप साहू को भी निलंबित कर दिया गया है।



### निजीकरण के खिलाफ लाए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर डिप्टी सीएम बोले- निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में इजाफा नहीं करेगी सरकार

# डबल इंजन की सरकार में कोई माई का लाल नहीं छीन सकता आरक्षण

### विधानमंडल का बजट सत्रः बेसिक शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी विधानसभा का बजट सत्र जारी है। सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें सत्ता पक्ष के नेताओं ने विपक्ष के उठाए गए सवालों के जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि आरटीई में निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का सरकार का कोई विचार नहीं है। वहीं, दोपहर 3.15 बजे तक के लिए विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विधानसभा का बजट सत्र पांच मार्च तक चलेगा। पांच मार्च तक विधानसभा और विधान परिषद दोनों चलती रहेंगी। विधान परिषद की कार्यवाही में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, कोई माई का लाल आरक्षण नहीं छीन सकता है। वे सदन में सपा सदस्यों की ओर से निजीकरण के खिलाफ लाए गए



कार्यस्थगन प्रस्ताव पर बोल रहे थे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का कहना था कि बिजली विभाग के निजीकरण के जरिये सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है। वहीं, सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि निजीकरण का छिपा एजेंडा आरक्षण खत्म करना है। निजीकरण का ही नतीजा है कि कुंभ के दौरान दिल्ली से प्रयागराज का किराया, दिल्ली से लंदन तक के किराये से महंगा हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री को टूटी सीट पर बैठकर सफर करना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकारी विभागों के निजीकरण किए जाने से नौकरी की कोई गारंटी नहीं रह जाएगी।

### महानिदेशक ने जारी किया आदेश- 270 शिक्षामित्रों पर गिरी गाज

इधर, उत्तर प्रदेश में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने अवैतनिक अवकाश के सहारे नौकरी चला रहे 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने के आदेश जारी किए है। ये सभी शिक्षामित्र अलग-अलग जिलों में तैनात हैं। जो, स्कूल न जाकर दूसरे कामों में संलिप्त हैं। महानिदेशक कंचन वर्मा ने मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) लखनऊ मंडल से जांच कराई। जांच में मामला सही पाया गया। अब उन्होंने लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर-खीरी एवं रायबरेली में तैनात ऐसे 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में लिखा कि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे शिक्षामित्रों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी की जाए।

### प्रदूषण गंगा में नहीं सपाइयों के मन में

विपक्ष के सवालों पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा के लिए व्यक्ति और परिवार के बाद पार्टी और देश है, जबकि हमारी विचारधारा में देश सबसे ऊपर है। केशव ने कहा कि अगर गंगा का जल प्रदूषित होता तो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डुबकी कैसे लगाते। प्रदूषण गंगा में नहीं सपा के लोगों के मन में है।

# बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान

### मायावती के फैसले पर आकाश आनंद ने दी प्रतिक्रिया

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मायावती ने एक दिन पहले आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि पार्टी में अब उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। अब इस मामले में आकाश आनंद ने प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर उन्होंने अपना पक्ष रखा। उन्होंने लिखा कि मैं बहन जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं उस फैसले के साथ खड़ा हूं। बहन जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट



के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

#### बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं

कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### रमजान, ईद और होली, यूपी में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत किया गया

**लखनऊ।** रमजान, ईद और होली को देखकर उत्तर प्रदेश में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सुरक्षा कड़ी रहे इसके लिए उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिसकर्मियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए है। इसी कड़ी में 24 घंटे रेलवे ट्रैक से लेकर सोशल मीडिया पर हिमाकत करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। यूपी डीजीपी कुमार का कहना है कि ट्रेनों की आवाजाही के दौरान किसी तरह की अराजकता ना हो और ट्रैक पर कोई पथराव ना करे इसके लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए जा रहे है। थानेदारों को रेलवे ट्रैक पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है। जानकारी के मुताबिक राज्य में होली के त्यौहार को देखते हुए ही अन्य कार्यक्रमों की अनुमति मिलेगी। त्यौहारों को देखते हुए किसी तरह की नई परंपरा या नया जुलूस निकाले जाने की अनुमति नहीं होगी। होलिका दहन हो या जुमे की नमाज सुरक्षा के इंतजाम भी पुख्ता किए जा रहे है। डीजीपी कुमार ने टीम के सदस्यों को जरुरी दिशा निर्देश जारी किए है। डीजीपी के मुताबिक ट्रेनों पर पथराव ना हो इसके लिए भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। इलाके के एसीपी को होलिका दहन और जुमे की नमाज को लेकर नागरिकों के साथ बैठक करने को कहा है। किसी तरह की समस्या आने पर तत्काल जानकारी दी जानी चाहिए।

### रात में छत पर सोई नाबालिग की खंडहर में मिली लाश, गांव में फैली दहशत

**कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के विजयी काफ गांव में एक 15 वर्षीय युवती का शव खंडहर रूपी मकान में मिला है। रात में खाना खाकर छत पर सोई नाबालिग का शव सुबह मिलने से पूरे गांव में दहशत फैल गई। इस मामले में पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कहा कि सूचना के अनुसार 15 वर्षीय गीता चौधरी पुत्री रमेश चौधरी जो अपने घर के तीन मंजिला छत पर रात में सो रही थी। सुबह ग्राम प्रधान द्वारा उसके घर सूचना दी गई कि उनकी लड़की का शव बगल में स्थित खंडहर रूपी मकान में पड़ा हुआ है। परिवार वाले जब मकान में पहुंचे तो देखे कि वह शव गीता का था और उसके हाथ से खून बह रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को चली गई।

# विद्यार्थी प्रतिज्ञा लें! हम दहेज न लेंगे और न देंगें न करेंगे नशा

### हीरक जयंतीः राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दी बड़ी सीख, चार लोग आए, भाषण दें, फोटो खिचवाएं उसका महत्व नहीं

### आंगनबाड़ी से जुड़ी गतिविधियां बढ़ेंगी तो देश भी आगे बढ़ेगा

#### भाषण में विषय ऐसा हो जो समाज की समस्याओं को उभारें

सत्ता सुधार ■ गोरखपुर

गोरखपुर विवि के हीरक जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि दो बच्चों ने स्टेज पर जो प्रस्तुति दी, हम सब यही चाहते हैं की शिक्षा के क्षेत्र से ऐसे बच्चे निकले जो देश का नेतृत्व करें। स्वामी विवेकानंद ने कहा था मुझे 100 युवा दीजिये मैं देश में परिवर्तन लाऊंगा। कुशीनगर, देवरिया और गोरखपुर में जिस तरह प्रतियोगिताओं हुई वो देखकर खुशी हुई। चार लोग आए, भाषण दें और फोटो खिचवाएं तो उसका महत्व नहीं। आंगनबाड़ी से जुड़ी गतिविधियां बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा। यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल देने आती हूं तो इतना उत्साह नहीं होता। आज बच्चों ने गोल्ड मेडल लेना सीख लिया। जब आयोजन या चहल पहल शुरू होती है तब बच्चें घर, खेत रोड पर प्रैक्टिस शुरू कर देते हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं ही बच्चों को निखरती हैं। भाषण में विषय ऐसा होना चाहिए जो समाज की समस्याओं को उभारें। जब ये सुनेंगे तो उसपे विचार करेंगे। लेखन में अलग अलग विषय होना चाहिए। काव्य लेखन, एक बच्चे ने शिक्षक पर शानदार प्रस्तुति दी। उसने शिक्षक का महत्व बताया जो शिक्षकों ने भी नहीं सोचा होगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ को है। आज हर क्षेत्र में महिलाएं काम कर रही हैं। एक समय था जब हमारी तीन महिलाएं वर्ल्ड टूर पर निकली हैं जो 15 देशों का भ्रमण कर आएंगी। राजभवन में मिलने आईं तो बताया कि वे अलग-अलग देशों में महिलाओं की स्थिति पर स्टडी करती हैं।




#### अपने देश की स्थिति काफी अच्छी

महिलाओं ने अलग अलग देशों का उदाहरण दिया। बताया कि महिलाएं केवल किचन तक सीमित हैं। किचन के पास कमरे बने हैं, जहां वे खाना बनाती और फिर वहीं बैठ जाती हैं। तब पता चला कि अपने देश की स्थिति काफी अच्छी है। 50 साल से महिलाओं की स्थिति को लेकर काम कर रही हूं। पढ़ती थी तब साथ में कोई लड़की नहीं थी। आज कॉलेज में बेटियों की संख्या ज्यादा है। आने वाले समय में 80 प्रतिशत महिलाएं ही होंगी। आज बेटियों ने ज्यादा पुरस्कार जीते हैं। 20 साल बाद पुरुषों के लिए योजनाएं बनानी पड़ेंगी कि वो कैसे आगे बढ़ें। सोचना तो अब पुरुषों को पड़ेगा। कोई भी संस्थान हो इसमें समाज को शामिल करना चाहिए। कई प्रकार के अनुभव लोगों के पास हैं।

#### छोटी सी किताब बनाकर स्कूल में रखें

राज्यपाल ने कहा कि विवि को 75 साल हो गए हैं। महिला या पुरुष 75 साल बाद चल नहीं पाते, रोग से ग्रसित हो जाते हैं। विवि को अब युवानी आई है। देश को विकसित भारत बनाने वाले यही युवा हैं। पीएम का सपना है जब हम आजादी का 100 वर्ष मनाएंगे तब खुद को विश्व के सामने विकसित के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हम सभी कमियों को दूर करेंगे। बच्चों के सभी भाषण को मिलाकर एक किताब बनाएं। उसमें फोटो लगाएं। छोटी सी किताब बनाकर स्कूल में रखें। कॉलेज वाले समझ गए कि नैक में जाने के लिए डॉक्यूमेंट की जरूरत रहती है। पेंटिंग हो या वाद विवाद उसकी भी बुक होनी चाहिए। अधिकारियों से साइकिल यात्रा के बारे में बात कि तो उनको बताया कि बच्चे 150 किमी तक हर चीज को देखते जाएं।

#### आज कश्मीर की स्थिति अलग

राज्यपाल ने 1992 को याद करते हुए अपना अनुभव साझा किया और कहा, जब पाकिस्तान के आतंकियों ने देश के नेतृत्व को कहा कि श्रीनगर के लाल चौक पर अपना राष्ट्र ध्वज फहराएं। उस समय स्थिति ऐसी थी कि महिलाएं सुरक्षित नहीं थी। उस समय अटल जी ने चैलेंज स्वीकर किया। कहा कि 26 जनवरी को सुबह 9 बजे ध्वज फहराएंगे। देश की यात्रा से होकर वहां सब पहुंचे। ये पूरा आयोजन नरेंद्र मोदी ने किया। 250 कार्यकर्ता अटल विहारी वाजपेई के साथ पहुंच कर राष्ट्र ध्वज फहराया। उस समय गुजरात से इकलौती महिला थी। आज कश्मीर की स्थिति अलग है। परिवर्तन राष्ट्रवादी युवा की कर सकते हैं। देश को संभालने का काम ऐसे ही लोग कर सकते हैं।

#### कहीं भी पढ़ो लेकिन कुछ न कुछ पढ़ो

साइकिल यात्रा की बात आई तो उसकी सुरक्षा की बात आई। रोड पर साइकिल या कोई गाड़ी कैसे चलानी चाहिए। युवा रील बनाकर डाल रहे इसमें कई लोग मर गए। स्कूटर पर चलते हुए रील बनाते हैं, फिर कोई गाड़ी टकराते ही शव यात्रा निकलती है। विद्यार्थी प्रतिज्ञा लें कि हम दहेज न लेंगे और न देंगें। नशा न करें। अपील करती हूं कि अपने परिवार और बच्चों के लिए इतना तो करो।

# होली पर शाहजहांपुर शहर में निकलेंगे 'लाट साहब'

### ढके जा रहे धार्मिक स्थल 300 साल पुरानी परंपरा

एजेंसी ■ शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस को लेकर तैयारियां हो रही हैं। पुलिस संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर रही है। चौक कोतवाली में 980 लोगों की चालानी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी गई है। इनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर सकती है। एडीजी जोन रमित शर्मा ने पुलिस लाइन में पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। वहीं, जुलूस मार्ग पर स्थित धार्मिक स्थलों को तिरपाल से ढका जा रहा है ताकि सौहार्द कायम रहे। इसी क्रम में जुलूस मार्ग की बैरिकेडिंग कराने का काम भी शुरू हो गया। ईदगाह कमेटी के सचिव सैयद कासिम रजा ने मांग की है कि जुलूस रूट के



स्थलों को ही ढका जाए, जो धार्मिक स्थल रूट पर नहीं है, उन्हें न ढका जाए। उधर, बड़े लाट साहब जुलूस के आयोजक संजय वर्मा ने बताया कि जुलूस को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। पुलिस प्रशासन भी तैयारियां कर रहा है।

#### 300 साल पुरानी परंपरा

होली के मौके पर लाट साहब के पांच जुलूस निकाले जाते हैं। सबसे ज्यादा बड़े और छोटे लाट साहब को लेकर पुलिस चिंतित रहती है। एक व्यक्ति को लाट साहब बनाकर भैंसागाड़ी से घुमाया जाता है। लाट साहब पर रंगों की बौछार होती है। यह परंपरा 300 साल पुरानी है।

# दस्यु सुंदरी का अंतिम संस्कार, पति ने दी मुखाग्नि

### 47 साल बाद कफन में लिपटी घर लौटी कुसुमा

एजेंसी ■ जालौन

रविवार रात दस्यु सुंदरी कुसुमा नाइन 45 साल बाद अपनी ससुराल आई तो कफन में लिपटी हुई। उनके अंतिम संस्कार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। गांव में रातभर भारी पुलिस बल तैनात रहा और पुलिस अभिरक्षा में सोमवार सुबह दस्यु सुंदरी का अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।



उसके अंतिम दर्शन के लिए कुरौली गांव में जिलेभर से समाज के लोग जुटे। ग्रामीणों के साथ-साथ उनके पुराने परिचित और संबंधी भी अंतिम विदाई देने पहुंचे। उनके निधन की खबर से गांव में सन्नाटा पसरा रहा, लेकिन माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। सोमवार सुबह गांव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई और सोमवार सुबह विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर दिया गया। पति ने मुखाग्नि दी। पति केदार उर्फ रूठे याज्ञिक के साथ दूसरी पत्नी के पुत्र और पुत्रियां तथा नंद आदि भी मौजूद रही।

#### इलाज के दौरान तोड़ा दम

इटावा जेल में बंद कुसमा की तबीयत खराब होने पर उसे सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इस पर उसने अपने परिजनों से मिलने की इच्छा जताई थी। इस पर सिरसाकलार थाने से रामजी के पास भी फोन आया था। लेकिन उन्होंने मिलने से मना कर दिया था। ज्यादा हालत खराब होने पर उसे लखनऊ भेज दिया गया था। कुसुमा नाइन की लखनऊ में शनिवार की रात इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

### सरयू के जल से आचमन कर खुद को माना धन्य

# राममय दिखे रूसी श्रद्धालु, रामलला के किए दर्शन

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या पहुंचे रूसी मेहमान सोमवार को पूरी तरह राममय दिखे। इन विदेशी मेहमानों ने सबसे पहले प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। साथ ही कई धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। इसके बाद 33 रूसी श्रद्धालुओं का दल चित्रकूट पहुंचा। वहां परिक्रमा करने के साथ ही दर्शन-पूजन किया। चित्रकूट से विदेशी मेहमानों का दल रविवार की शाम अयोध्या पहुंचा। यहां सोमवार को सभी ने रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन बाद हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। सरयू के जल से आचमन कर खुद को धन्य माना। अयोध्या से सभी विदेशी मेहमान कर्नाटक के लिए रवाना होंगे। वहां पर योग के विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे।




### व्यापार में उछाल | प्रयागराज से वाराणसी आने वाले श्रद्धालुओं की वजह से स्थानीय अर्थव्यवस्था को फायदा

# महाकुंभ से लाभ : श्रद्धालुओं ने खर्च किए 67,500 करोड़

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

महाकुंभ के पलट प्रवाह ने बनारस की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है। 45 दिनों में महाकुंभ से लगभग पांच करोड़ लोग बनारस पहुंचे। प्रयागराज से वाराणसी आने वाले श्रद्धालुओं की वजह से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ा फायदा हुआ। छोटे व्यवसायी, ई-रिक्शा और ऑटो-रिक्शा चालकों ने पहले की तुलना में तीन गुना से अधिक की कमाई की। बनारस आने वाले श्रद्धालुओं ने न्यूनतम 54 हजार करोड़ और अधिकतम 67,500 करोड़ खर्च किए। रोजाना 1200 से 1500 करोड़ खर्च हुए। काशी हिंदू विवि से संबद्ध डीएवी पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार मिश्र ने महाकुंभ के दौरान बनारस की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का अध्ययन किया। उनकी टीम ने होटल, रेस्तरां, परिवहन, दुकानदार और हस्तशिल्प के व्यापारियों से जुड़े हुए प्रश्नों के आधार पर डेटा तैयार किया। अध्ययन से पता चला है कि 14 जनवरी से 28 फरवरी तक लगभग पांच करोड़ लोग प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करके वाराणसी आए। इन लोगों



ने औसतन तीन हजार से चार हजार रुपए प्रति दिन खर्च किए।

#### छोटे वेंडर्स की आय बढ़ी

प्रो. मिश्र ने बताया कि आंकड़ों के आधार पर यह स्पष्ट है कि सभी छोटे वेंडर्स की आय 3-4 गुना तक बढ़ी है। पलट प्रवाह का वाराणसी के छोटे वेंडर्स पर काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

#### रोजाना 1200 से 1500 करोड़ खर्च

वाराणसी की अर्थव्यवस्था को काफी लाभ हुआ है। अगर रोजाना चार से पांच लाख लोग बनारस आए तो उन्होंने प्रति व्यक्ति तीन हजार से चार हजार रुपये खर्च किया। न्यूनतम 54 हजार करोड़ और अधिकतम 67 हजार पांच सौ करोड़ खर्च हुए। 45 दिनों में पलट प्रवाह से वाराणसी की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार हुआ। श्रद्धालुओं के आगमन से स्थानीय व्यवसायों में वृद्धि हुई। इससे परिवहन सेवाओं की मांग बढ़ी है, बल्कि स्थानीय होटल, भोजनालय, और अन्य व्यापारों में भी वृद्धि हुई है।वहीं पदय

यदि हम मान लें कि वाराणसी में लगभग 1.5 से 2 लाख छोटे वेंडर्स हैं और उनकी आय भी 3 से 4 गुना बढ़ी है, तो इसका वाराणसी की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव हुआ है। वेंडर्स की न्यूनतम आय 15 करोड़ प्रतिदिन और अधिकतम आय 20 करोड़ प्रतिदिन रही। इन 45 दिनों में न्यूनतम आय 675 करोड़ और अधिकतम आय 900 करोड़ रही।

#### 140 लोगों से किए सवाल फिर अध्ययन

प्रो. मिश्र ने बताया कि महाकुंभ के पलट प्रवाह का स्थानीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का अध्ययन करने के लिए होटल, रेस्तरां, परिवहन, दुकानदार, हस्तशिल्प व्यापारियों से डेटा एकत्र किया गया। 140 उत्तरदाताओं से तीन दिनों में साक्षात्कार, पर्यवेक्षण और प्रश्नावली के माध्यम से डेटा संग्रह किया गया। आंकड़ों का विश्लेषण कर व्यवसाय की आय और गतिविधियों में वृद्धि का आकलन किया गया।

**स्कूली बस ने बाइक को मारी टक्कर, चाचा-भतीजी की मौतः** मऊ। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई थी। स्कूली बस ने बाइक को टक्कर मार दिया था। घायलावस्था में चाचा-भतीजी को अस्पताल भेजा गया, जहां दोनों की मौत हो गई।

किराये पर देना है
D.D. Nagar Gwalior Sector A स्थित एक मकान में स्वतंत्र पोर्सन 2 कमरे (एक बड़ा, एक साधारण), किचन, लेट - बॉथ एवं बाहर आगे एवं पीछे खुला, किराए से देना है एवं 3 BHK, एमराल्ड ग्रीन टाउनशिप एक डीलक्स, फ्लैट (एक ड्राइंग रूम, डाइनिंग, दो लेट-बाथ तथा तीन बालकनी, लिफ्ट फर्स्ट फ्लोर का है किराए से देना है
संपर्क करें
9179416408

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910